राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 187, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली रविवार 21 जनवरी 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

दिल्ली सरकार ने किया एलान, 22 जनवरी को दफ्तरों में रहेगी आधे दिन की छुट्टी

.... पेज 03

राम मंदिर के नाम पर साइबर फ्रॉड के मामलों पर सख्त हुई योगी सरकार

.... पेज 05

ईरान का आरोप-इजराइल ने सीरिया में एयरस्ट्राइक की: 4 ईरानी सैनिकों की मौत

.... पेज 07

### सबसे बड़ा ताला




अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला मंदिर में विराजेंगे। प्राण प्रतिष्ठा से पहले अलीगढ़ से दुनिया का सबसे बड़ा ताला अयोध्या लाया गया है। इसका वजन 400 किलो यानी 4 क्विंटल है।

# असम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफिले पर हमला

### कांग्रेस बोली- भाजपा के गुंडों ने पोस्टर-बैनर फाड़े; अरुणाचल प्रदेश पहुंची यात्रा

गुवाहाटी। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सातवें दिन अरुणाचल प्रदेश पहुंची। इससे पहले यात्रा असम से होकर गुजरी। जहां यात्रा के काफिले पर हमला किया गया। कांग्रेस ने हमले का आरोप भाजपा पर लगाया है।

पार्टी ने सोशल मीडिया पर लिखा- भाजपा के गुंडों ने पोस्टर-बैनर फाड़े, गाड़ियों में तोड़फोड़ की। ये यात्रा को मिल रहे समर्थन से घबरा गए हैं। एक ही दिन पहले ही असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने कहा था कि कांग्रेस की न्याय यात्रा को सुरक्षा नहीं दी जाएगी, यात्रा शहर से नहीं जाने देंगे। जयराम रमेश ने कहा- मेरा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जी से निवेदन है कि वे असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा से सिर्फ 2 बातें कहें। पहला- हमें आरएसएस-भाजपा के लिए उनकी वफादारी का कोई नया सबूत नहीं चाहिए। दूसरा- जिस रास्ते से जेपी नड्डा जी की रैली निकली थी, उसी रास्ते से भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालने की अनुमति दें। पार्टी नेता गौरव गोगोई ने कहा- हम जहां भारत जोड़ो न्याय यात्रा के द्वारा असम की सुंदरता, सांस्कृतिक इतिहास और समन्वय को प्रकाशित कर रहे हैं। वहीं, भाजपा सरकार अपनी छोटी मानसिकता से बार-बार लोगों को परेशान कर रही है। राहुल गांधी विभिन्न स्थानों पर जाकर शांति और अमन की प्रार्थना कर रहे हैं और इस यात्रा को भरपूर जन-समर्थन मिल रहा है। भाजपा के गुंडे अलग-अलग शहरों में जाकर दुकानदार, व्यापारियों, ठेला चालकों, युवाओं को धमकी दे रहे हैं। इससे पता चलता है कि भाजपा के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की नींद उड़ चुकी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि बीते 10 साल में भाजपा ने देश की जनता को संविधान की ओर से मिले हर अधिकार और न्याय को मिटाने की कोशिश की है। भाजपा लोगों की आवाज दबाना चाहती है और इसके जरिए लोकतंत्र पर कब्जा करना चाहती है।




# मोदी ने तमिलनाडु के रामेश्वरम में डुबकी लगाई

### रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा की, रामायण पाठ में हिस्सा लिया; रंगनाथस्वामी मंदिर भी गए

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तमिलनाडु दौरे पर रहे। यहां उन्होंने दो मंदिरों में पूजा की। पीएम पहले तिरुचिरापल्ली के श्रीरंगम में श्री रंगनाथस्वामी मंदिर गए। वहां उन्होंने अंदल नाम के हाथी को गुड़ खिलाया और आशीर्वाद लिया।

दोपहर में उन्होंने रामेश्वरम में रोड शो किया। इसके बाद पीएम ने रामेश्वरम के अग्नि तीर्थम पर डुबकी लगाई फिर भगवान रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा की। यहां उन्होंने रामायण पाठ और भजन संध्या में हिस्सा लिया। श्री रंगनाथस्वामी और रामेश्वरम मंदिर भगवान राम के जीवन से जुड़े हैं। 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले प्रधानमंत्री उन मंदिरों में दर्शन कर रहे हैं, जिनका रामायण में जिक्र है।



#### क्यों खास है रंगनाथस्वामी मंदिर

त्रिची के श्रीरंगम में बना श्री रंगनाथस्वामी मंदिर, देश के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। माना जाता है कि रंगनाथस्वामी मंदिर का निर्माण विजयनगर काल (1336-1565) के दौरान किया गया था। इस मंदिर का उल्लेख पुराणों समेत कई प्राचीन ग्रंथों में मिलता है। यह अपनी स्थापत्य कला और गोपुरम के लिए मशहूर है। यहां पूजे जाने वाले मुख्य देवता श्री रंगनाथ स्वामी हैं, जो भगवान विष्णु का लेटा हुआ रूप हैं। तमिल कवि कंबन ने यहां पहली बार कम्ब रामायणम को सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत किया था।

## हेमंत सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी मुख्यमंत्री

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व सरमा सबसे ज्यादा भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं और उनके भ्रष्टाचार का कारोबार दिल्ली की शह पर चल रहा है। पूरब से पश्चिम के लिए मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे श्री गांधी ने असम पहुंचने के बाद कहा कि श्री सरमा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कठपुतली बनकर काम कर रहे हैं और वह उन्हें खुश करने के लिए उल्टा-सीधा तरीका अपनाकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं।

# पंजाब-हरियाणा और दिल्ली में कोल्ड वेव का रेड अलर्ट

### यूपी-बिहार सहित 8 राज्यों में कोल्ड-डे की स्थिति

नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर। देश में ठंड का असर एक बार फिर बढ़ गया है। मौसम विभाग ने शनिवार (20 जनवरी) को 18 राज्यों में खराब मौसम का अलर्ट जारी किया है। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में कोल्ड वेव यानी शीतलहर का रेड अलर्ट है। इन राज्यों में 21 जनवरी तक ठंडी हवाएं ठिठुरन बढ़ाएंगी।

तीनों राज्यों के अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड में कोल्ड-डे से सीवियर कोल्ड-डे की स्थिति है। उत्तर प्रदेश के 45 शहरों और बिहार के 38 जिलों में आज कोल्ड-डे का अलर्ट है। दोनों राज्यों में 24 जनवरी तक कड़ाके की ठंड पड़ने की आशंका है।

उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं से मध्य प्रदेश और राजस्थान में तापमान लगातार गिर रहा है। एमपी के कई शहरों में पिछले दो दिन से कंपकंपी बढ़ गई है। 19 जनवरी की रात छतरपुर के बजावर में तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य में आज 8-10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। राजस्थान के जयपुर में 19 जनवरी को न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस रहा। आज सुबह 10 बजे तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। कुछ शहरों में घना कोहरा छाया रहा, जिससे सड़कों पर गाड़ियों का चलना मुश्किल हो गया।



#### अगले 24 घंटों के दौरान मौसम की स्थिति...

पंजाब, हरियाणा, बिहार, पश्चिम उत्तर प्रदेश और पश्चिम राजस्थान के कुछ हिस्सों में कोल्ड-डे से लेकर सीवियर कोल्ड डे की स्थिति जारी रह सकती है। पश्चिम बंगाल, सिक्किम के कुछ हिस्सों, पूर्वी राजस्थान और उत्तरी मध्य प्रदेश में एक-दो जगहों पर कोल्ड डे रहने के आसार हैं।

पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छा सकता है। पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में भी कोहरे का असर रहेगा। ओडिशा, छत्तीसगढ़, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, तमिलनाडु और केरल के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं।

# इंफाल में वॉलेंटियर की हत्या के खिलाफ 48 घंटे बंद

एजेंसी

इंफाल। इम्फाल पश्चिम जिले के कांगचुप में 17 जनवरी को उग्रवादियों ने गांव के वॉलेंटियर ताखेललंबम मनोरंजन (26) की हत्या कर दी थी। साथ ही एक अन्य स्वयंसेवक मंगशताबम वांगलेन भी गोली लगने से घायल हो गया था, जिसका इलाज चल रहा है। मनोरंजन के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शनिवार (20 जनवरी) को घाटी में 48 घंटों का बंद बुलाया गया।

यह बंद जॉइंट एक्शन कमेटी ने बुलाया। जिसके कारण शनिवार सुबह 5 बजे से बाजार, दुकानें बंद रहे।पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी बंद रखा गया। कोंगबा बाजार और लैमलोंग बाजार में बंद समर्थक सड़कों पर उतर आए। इन लोगों सड़कें ब्लॉक कर दीं। यह बंद सोमवार (22 जनवरी) की सुबह 5 बजे खत्म होगा।

मणिपुर में 3 मई 2023 के बाद से ही कुकी और मैतेई समुदायों के बीच हिंसा जारी है। इसके चलते अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है, जबकि 50 हजार से ज्यादा लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है।

# 65 साल की बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर 35 लाख रुपये की धोखाधड़ी

### दिल्ली पुलिस ने 4 फर्जी सीबीआई अधिकारियों को पकड़ा

नई दिल्ली। दिल्ली में 65 साल की बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट करने की घटना सामने आई है। आरोपियों ने उसे फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर फोन किया। फिर डराकर 35 लाख रुपये अपने एकाउंट में ट्रांसफर करा लिए। पुलिस ने इस मामले में 4 फर्जी सीबीआई अधिकारियों को पकड़ा और उनके बैंक एकाउंट फ्रीज करा दिए। महिला को अब तक 21.3 लाख रुपये वापस मिल चुके हैं। साइबर क्राइम के तरीकों में सबसे नया और अजीबोगरीब तरीका डिजिटल अरेस्ट का है। डिजिटल अरेस्ट में ठग द्वारा पीड़ित को फोन कर बताया जाता है कि उनके नाम कोई शिकायत दर्ज हुई है। झूठे मामले को लेकर पीड़ित को काफी डराया जाता है। फिर उन्हें घर से बाहर निकलने से मना कर दिया जाता है। इसके बाद एक दूसरा फोन कॉल कर के पीड़ितों को मदद देने का आश्वासन दिया जाता है। मदद मानकर पीड़ित ठगों की कही हुई हर बात को फॉलो करता है।



# राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान दो फरवरी से आम लोगों के लिए खुलेगा

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान दो फरवरी से 31 मार्च तक आम जनता के लिए खुला रहेगा।

राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार जनता रखरखाव के लिए निर्धारित सोमवार के दिन को छोड़कर सप्ताह में शेष छह दिन इस उद्यान को देखने जा सकती है।

अमृत उद्यान कुछ दिन विशेष श्रेणियों के लिए खुला रहेगा जिसमें 22 फरवरी दिव्यांग व्यक्तियों के लिए, 23 फरवरी रक्षा, अर्धसैनिक और पुलिस बलों के कर्मियों के लिए, एक मार्च महिलाओं और आदिवासी महिलाओं के स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के लिए और 5 मार्च को अनाथालयों के बच्चों के लिए शामिल है। आगंतुकों को दस बजे से शाम चार बजे के बीच छह घंटे के निर्धारित समय में भ्रमण की अनुमति होगी।



वॉक-इन आगंतुकों को सुविधा काउंटरों के साथ-साथ राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 12 के पास स्वयं सेवा केंद्र पर अपना पंजीकरण कराना होगा। सभी आगंतुकों के लिए प्रवेश और निकास राष्ट्रपति संपदा के गेट नंबर 35 से होगा, जहां नॉर्थ एवेन्यू राष्ट्रपति भवन से मिलता है। आगंतुकों की सुविधा हेतु केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से गेट नंबर 35 तक शटल बस सेवा सुबह साढे नौ बजे से शाम पांच बजे के बीच हर 30 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध रहेगी।

भ्रमण के दौरान, आगंतुक बोनसाई उद्यान, संगीतमय फव्वारा, सेंट्रल लॉन, लॉन्ग गार्डन और सर्कुलर गार्डन से गुजरेंगे। निकास स्थान पर उनके लिए फूड कोर्ट होंगे।

# मराठा आरक्षण को लेकर मनोज जरांगे का विरोध मार्च

### हजारों की भीड़ के साथ जालना से मुंबई जा रहे; कहा- इस बार हम आरक्षण लेकर रहेंगे



मुंबई। मराठा आंदोलन के नेता मनोज जरांगे पाटिल जालना से मुंबई तक विरोध मार्च निकाल रहे हैं। जरांगे मराठा आरक्षण की मांग कर रहे हैं। उनके साथ हजारों लोगों की भीड़ नजर आ रही है। शुक्रवार को उन्होंने कहा था कि महाराष्ट्र सरकार मराठाओं को मूर्ख बना रही है। उसने हमें आरक्षण देने को कहा था, लेकिन आज तक अपना वादा पूरा नहीं किया।

जालना से मुंबई के बीच की दूरी 407 किलोमीटर है। मनोज जरांगे 26 जनवरी को मुंबई पहुंचेंगे। बीड जिले में उनके स्वागत के लिए कई सारी जेसीबी तैयार रखी गयी है। जेसीबी से फूल बरसाकर उनका स्वागत किया जाएगा।

#### पिछले आंदोलन में 29 लोगों ने सुसाइड की थी

इससे पहले 25 अक्टूबर 2023 को मनोज जरांगे ने जालना जिले के अंतरवाली सराटी गांव में भूख हड़ताल शुरू की थी।

मांग वही, मराठा समुदाय को ओबीसी का दर्जा देकर आरक्षण दिया जाए। 9 दिनों में आंदोलन से जुड़े 29 लोगों ने सुसाइड कर लिया।

इसके बाद राज्य सरकार के 4 मंत्रियों धनंजय मुंडे, संदीपान भुमरे, अतुल सावे, उदय सामंत ने जरांगे से मुलाकात कर भूख हड़ताल खत्म करने की अपील की। उन्होंने स्थायी मराठा आरक्षण देने का वादा किया। इसके बाद 2 नवंबर 2023 को मनोज जरांगे ने अनशन खत्म कर दिया। साथ ही सरकार को 2 जनवरी 2024 तक का समय दिया।

#### मंत्रियों ने आरक्षण देने का वादा किया था

कृषि मंत्री धनंजय मुंडे ने 2 नवंबर 2023 को कहा था कि विधानमंडल सत्र 7 दिसंबर से शुरू होगा। इस सत्र में 8 दिसंबर को मराठा आरक्षण पर चर्चा की जाएगी। जरांगे ने कहा था कि महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय को स्थायी आरक्षण देने का वादा किया है। उन्होंने इसके लिए कुछ समय मांगा है। हम सबकी दिवाली मीठी बनाने के लिए सरकार को समय देंगे। अगर सरकार तय समय में आरक्षण नहीं देगी तो 2024 में हम फिर मुंबई में आंदोलन करेंगे।

### वन नेशन वन इलेक्शन

### लोकसभा-विधानसभा के लिए अलग मशीनें लगेंगी

# हर 15 साल में सिर्फ ईवीएम पर 10 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे

नई दिल्ली। देश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव अगर एक साथ कराए जाते हैं तो हर 15 साल में सिर्फ ईवीएम पर 10 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। इलेक्शन कमीशन ने शनिवार को केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखकर इस बात की जानकारी दी है।

चुनाव आयोग ने बताया कि ईवीएम की शेल्फ लाइफ 15 साल ही होती है।

यदि एक साथ चुनाव कराए जाते हैं तो मशीनों के एक सेट का इस्तेमाल तीन बार चुनाव कराने के लिए किया जा सकता है, लेकिन लोकसभा और विधानसभा के लिए अलग-अलग मशीनें लगेंगी।



#### आयोग ने सरकार को बताया चुनाव के लिए ईवीएम का गणित

अनुमान के मुताबिक 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए पूरे भारत में कुल 11.80 लाख पोलिंग बूथ बनाने होंगे। हर बूथ पर ईवीएम के दो सेट लगेंगे- एक लोकसभा और दूसरा विधानसभा के लिए। वोटिंग के दिन डिफेक्टिव मशीनों को रिप्लेस करने के लिए कंट्रोल यूनिट , बैलट यूनिट और वोटर वैरिफाइएबल पेपर ऑडिट ट्रेल मशीनों को रिजर्व रखना होगा।

फरवरी 2023 में चुनाव आयोग ने कहा था कि एक साथ चुनाव करवाने के लिए कम से कम 46 लाख 75 हजार 100 बैलट यूनिट, 33 लाख 63 हजार 300 कंट्रोल यूनिट और 36 लाख 62 हजार 600 वीवीपीएटी की जरूरत होगी।

आयोग के मुताबिक 2023 की शुरुआत में एक ईवीएम की टेंटेटिव कॉस्ट लगभग 30000 रुपए थी। इसमें 7900 रुपए प्रति बैलट यूनिट, 9800 रुपए प्रति कंट्रोल यूनिट और 16000 रुपए प्रति वीवीपीएटी के शामिल थे।

#### क्या है वन नेशन वन इलेक्शन

भारत में फिलहाल राज्यों के विधानसभा और देश के लोकसभा चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन का मतलब है कि पूरे देश में एक साथ ही लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव हों। यानी मतदाता लोकसभा और राज्य के विधानसभाओं के सदस्यों को चुनने के लिए एक ही दिन, एक ही समय पर या चरणबद्ध तरीके से अपना वोट डालेंगे।

आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही होते थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले ही भंग कर दी गईं। उसके बाद 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गई। इस वजह से एक देश-एक चुनाव की परंपरा टूट गई।

# आगरा में कार नहर में गिरी, 4 की मौत

### अर्टिगा कार से शादी से आ रहे थे; ड्राइवर के नियंत्रण खोने से हुआ हादसा, 2 घायल

आगरा। आगरा में शुक्रवार रात को बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार मोड़ पर बेकाबू होकर नहर में गिर गई। कार में 6 युवक थे। कार के नहर में गिरने पर आसपास के लोग आ गए। पुलिस ने रेस्क्यू कर सभी को बाहर निकाला। इसके बाद उनको अस्पताल भेजा गया। हालांकि इस दौरान चार युवकों की मौत हो चुकी थी। दो घायल युवकों का इलाज जारी है।

शमसाबाद क्षेत्र के युवक आगरा में शादी समारोह में जा रहे थे। सभी लोग अर्टिगा कार में थे। ताजगंज के दिगनेर के पास कार बेकाबू हो गई। कार की रफ्तार तेज थी। इस वजह से मोड़ के पास चालक ने नियंत्रण खो दिया। सीधे कार नहर में जा गिरी।



कार के नहर में गिरने पर आसपास के लोग भाग कर पहुंचे। युवकों को जीआर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि डॉक्टरों ने चार युवकों को मृत घोषित कर दिया। दो घायलों का उपचार चल रहा है। इसमें एक की हालत गंभीर है। मनीष, विनोद, शैलेंद्र और जितेंद्र की मौत हो गई है। योगेश की हालत गंभीर है। IC में उसका इलाज चल रहा है। आदित्य की हालत स्थिर है। सभी शमसाबाद के गढ़ी मोहनलाल के रहने वाले हैं। सूचना पर परिजन भी पहुंच गए हैं।

## शार्ट न्यूज

### गणतंत्र दिवस के मुख्य आयोजन स्थल का जायजा

देहरादून। उत्तराखंड के देहरादून में गणतंत्र दिवस पर होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम स्थल तथा दीपोत्सव कार्यक्रम स्थल परेड ग्राउंड में तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी सोनिका ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सोनिका ने कहा कि दीपोत्सव में लगभग सवा लाख से अधिक दीपों का प्रयोग किया जाएगा जिसके लिए परेड ग्राउण्ड में व्यवस्था बनाई जा रही है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गणतंत्र दिवस पर, मुख्य कार्यक्रम स्थल परेड ग्राउण्ड में आयोजित होने वाले आयोजन की समस्त व्यवस्थाओं को समयबद्ध पूर्ण करें। उन्होंने इसके साथ ही, कार्यक्रम स्थल पर बैरिकेटिंग, विद्युत, पेयजल सहित समुचित व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले माननीय, गणमान्यों, उच्च अधिकारीगणों की सीटिंग व्यवस्था सहित जनमानस के लिए सीटिंग व्यवस्था तथा कार्यक्रम के दौरान पार्किंग, यातायात सुरक्षा आदि समुचित व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रूप से करने के निर्देश दिए। सोनिका ने कहा कि गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकियों आदि कार्यक्रमों को योजनावार व्यवस्थित ढंग से कराने के साथ ही निमंत्रण के अनुसार गेट पर आने जाने की व्यवस्था एवं वाहन पार्किंग आदि सभी व्यवस्थाएं देख लें।

### विरोध प्रदर्शन से मणिपुर में सामान्य जनजीवन ठप

इम्फाल। मणिपुर में कुकी उग्रवादियों की ओर से तखेल्लंबम मनोरंजन सिंह की नृशंस हत्या समेत 26 लोगों के अपहरण के बाद हत्या के खिलाफ संयुक्त एक्शन कमेटी (जेएसी) की शनिवार सुबह 48 घंटे की आम हड़ताल से सामान्य जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। हड़ताल के कारण सभी शैक्षणिक संस्थान और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। सड़कें पूरी तरह से सुनसान रहीं और लोग बाहर नहीं निकले। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी की गई थी। इस बीच कुकी उग्रवादियों द्वारा 18 जुलाई को निंगथौखोंग में चार ग्रामीणों की हत्या के खिलाफ जेएसी ने कहा कि वे चार लोगों के शव नहीं लेगें। उन्होंने उन सैन्यकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जो क्षेत्र में नागरिकों की सुरक्षा के लिए तैनात थे। ग्रामीणों ने कहा कि चार ग्रामीणों की हत्या से ठीक पहले, सैनिक पानी लेने के लिए इलाके में आए थे। इस बीच यूथ फोरम फॉर प्रोटेक्शन ऑफ ह्यूमन राइट्स (वाईएफपीएचआर) ने सुरक्षा कर्मियों को तैनात करने के औचित्य पर सवाल उठाया क्योंकि कुकी उग्रवादियों के हमलों को सैनिकों द्वारा नहीं रोका गया था। मंच ने सुरक्षा कर्मियों के विभिन्न शिविरों के निकट किसानों और नागरिकों पर हुए हमलों की एक सूची दी। पिछले 45 दिनों के दौरान कुकी उग्रवादियों ने बच्चों समेत करीब 26 लोगों की अपहरण के बाद हत्या कर दी है।

### केटीआर ने रेवंत की तुलना शिंदे से की

हैदराबाद। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं तेलंगाना के पूर्व मंत्री के टी रामाराव ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की तुलना महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से की है। रामाराव ने शनिवार को यहां तेलंगाना भवन में हैदराबाद और सिकंदराबाद संसदीय क्षेत्रों के नेताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि संसदीय चुनाव के बाद श्री रेड्डी यहां के एकनाथ शिंदे बन सकते हैं। रेड्डी पर भाजपा के साथ गठबंधन करने का आरोप लगाते हुए और उनकी तुलना 'मिनी-मोदी' से करते हुए रामाराव ने उद्योगपति अडानी पर उनके (रेड्डी) रुख में विसंगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रेड्डी ने एक बार अडानी की आलोचना की थी लेकिन अब स्विट्जरलैंड में डब्ल्यूईएफ में उनके साथ सहयोग करते नजर आ रहे हैं। रेड्डी को पहले 100 दिनों के भीतर वादे पूरे करने पर ध्यान केंद्रित करने की चुनौती देते हुए श्री रामाराव ने उनके बयानों को खारिज कर दिया और उनसे प्रतिबद्धताओं को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने बीआरएस पार्टी को दफनाने की आवश्यकता पर सवाल उठाया और उन्हें याद दिलाया कि पार्टी ने अपनी लंबी यात्रा में रेड्डी जैसे कई नेताओं का सामना किया है।

### एचएनएलसी अपने फैसले की समीक्षा करे

शिलांग। मेघालय सरकार ने प्रतिबंधित हाइनीवट्रेप नेशनल लिबरेशन काउंसिल से केंद्र और राज्य के साथ त्रिपक्षीय शांति वार्ता से हटने के अपने फैसले की समीक्षा करने को कहा है। उपमुख्यमंत्री प्रेस्टोन तिनसोंग ने कहा, भले ही आपने (एचएनएलसी) हमें निकासी पत्र भेज दिया हो, फिर भी हमारा दरवाजा खुला है। केवल सरकार को दोष न दें। जब बात इस मुकाम पर पहुंच गई है तो आपको यह सुनहरा मौका दोबारा नहीं मिलेगा। यदि आप यहां आने में असुरक्षित महसूस करते हैं, तो हम एचएनएलसी द्वारा निर्धारित कहीं भी बातचीत के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, एचएनएलसी ने कभी भी कैडरों के नाम नहीं बताए। हम यह कैसे जान पाएंगे कि संगठनों के कितने कैडरों के खिलाफ विभिन्न अदालतों में मामले हैं? हम सूची का इंतजार करते रहे, लेकिन इसके बजाय, हमें वापसी पत्र मिला। एचएनएलसी की मांगों में संगठन पर प्रतिबंध हटाना, इसके सदस्यों के खिलाफ सभी लंबित मामलों को वापस लेना और वार्ता को सुविधाजनक बनाने के लिए अपने केंद्रीय नेताओं को सुरक्षित मार्ग प्रदान करना शामिल है। उग्रवादी संगठन के शांति वार्ता से बाहर निकलने के बाद श्री तिनसोंग को राज्य भर में निचली और ऊपरी दोनों अदालतों में विभिन्न मामलों के तहत बुक किए गए अपने कैडरों की सूची सौंपनी है।

# पुरानी रंजिश को लेकर हुई क्रू मेंबर की हत्या

## सूरजमान गैंगस्टर प्रवेश का छोटा भाई था, कपिल मान के परिवार से 15 साल से दुश्मनी थी

नोएडा। नोएडा में एयर इंडिया के क्रू मेंबर सूरजमान की हत्या पुरानी रंजिश में की गई थी।वह दिल्ली के कुख्यात गैंग लीडर प्रवेश मान उर्फ सागर मान का छोटा भाई था। प्रवेश मान का प्रतिद्वंदी कपिल मान है। दोनों आउटर दिल्ली नरेला के रहने वाले हैं। कपिल मान ने पिता की हत्या का बदला लेने के लिए अपने भाई धीरज और शूटरों की मदद से सूरजमान का मर्डर कराया था। ये खुलासा पकड़े गए दो आरोपियों धीरज और मन्नू से पूछताछ में हुआ है। इन पर हत्या की साजिश रचने का आरोप है। हालांकि अभी तक वारदात को अंजाम देने वाले 3 शूटर फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।



सूरजमान

### पूरा मामला

दरअसल शुक्रवार करीब ढाई बजे सूरजमान(32) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना नोएडा के सेक्टर-104 में एनीटाइम जिम सेंटर के बाहर हुई थी। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया, सूरजमान यहां रोज जिम करने आता था। जिम करने के बाद गाड़ी में बैठकर प्रोटीन शेक पी रहा था। तभी एक बाइक से 3 बदमाश आए। उन्होंने सामने से 9 राउंड फायरिंग की। जिसमें से 5 गोली सूरजभान को लगी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

मर्डर की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस को गाड़ी के अंदर से मृतक का मोबाइल मिला था। उसे जांच के लिए लेकर गई थी। लोगों से पूछताछ कर हत्यारों की तलाश कर रही थी।

शनिवार को कपिल मान के भाई धीरज और मन्नू मान को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया।

इन दोनों के पास से एक पिस्टल 32 बोर, तमंचा और महिंद्रा थार बरामद की गई है। दरअसल सूरजमान ने कई बार कपिल का मजाक उड़ाया था। वहीं सूरज अपने भाई प्रवेश की आर्थिक मदद भी करता था। धीरज को डर था कही सूरज पैसों की बदौलत उसके भाई कपिल को सजा न दिलवा दें। इसलिए उसे रास्ते से हटाना चाहता है।

### 15 साल पहले 100 गज जमीन को लेकर शुरू हुआ था झगड़ा

डीसीपी हरीश चंदर के अनुसार घटना के बाद पीड़ित परिवार की ओर से धीरज, शक्तिमान और संजीत के अलावा कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। जांच में पता चला कि ये हत्या दिल्ली के दो बड़े गैंग के बीच वर्चस्व के लड़ाई का नतीजा हैं। इसमें पहला गैंग प्रवेश मान और दूसरा कपिल मान है।

दोनों ही दिल्ली के नरेला के खेड़ा खुर्द गांव के हैं। करीब 15 साल पहले इस गांव में 100 गज जमीन को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हुआ। इसी विवाद में ही दोनों ने एक दूसरे के परिवार वालों को मौत के घाट उतारा। जबकि दोनों के मकानों के बीच महज 100 मीटर की दूरी थी।

### बदले की लड़ाई में कई ने गंवाई जान

कपिल मान गैंग ने प्रवेश मान के चचेरे भाई अनिल मान की 2019 में हत्या करा दी थी। प्रवेश मान के चाचा वीरेंद्र मान की हत्या 2019 में की गई। यही नहीं प्रवेश मान के साथी मनीष मान के ऊपर जानलेवा हमला किया गया। जिसमें उसे 20 गोलियां लगी लेकिन वो बच गया। इससे पहले 2017 में कपिल के चाचा सूर्य प्रकाश उर्फ बबलू की हत्या 2017 में की गई। वहीं प्रवेश मान पक्ष ने 2022 में कपिल के पिता ब्रह्मपाल की हत्या की। इसी का बदला लेने के लिए कपिल मान ने अपने भाई धीरज से सूरजमान की हत्या कराई।

### पेशी के दौरान बनाया गया प्लान, हत्या की और भी बताई वजह

प्रवेश और कपिल दोनों पर मकोका अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। दोनों ही दिल्ली के मंडावली जेल में बंद है। पेशी के लिए कपिल कोर्ट आया था। उसी दौरान धीरज से उसकी मुलाकात हुई। यहीं पर कपिल ने धीरज को सूरजमान की हत्या करने का प्लान बताया। इसके बाद से सूरज मान पर नजर रखी जाने लगी। रैकी की गई और मौके मिलते ही कपिल के 3 शूटरों ने सूरज मान की हत्या कर दी।

# एयर इंडिया क्रू मेंबर की हत्या में दो अरेस्ट

## गैंगस्टर कपिल के भाई धीरज को पकड़ा

एजेंसी

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-104 में शुक्रवार दोपहर एयर इंडिया के क्रू मेंबर सूरजमान की 5 गोली मारकर हत्या कर दी गई। ये हत्या आपसी रंजिश के चलते की गई। नोएडा पुलिस ने इस मामले में दो बदमाशों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए बदमाशों की पहचान मन्नू और धीरज मान के रूप में हुई है।

धीरज गैंगस्टर कपिल मान का भाई बताया जा रहा है। कपिल के जेल जाने के बाद वही गिरोह को ऑपरेट करता था। क्रू मेंबर की हत्या में धीरज नामजद भी है। कपिल की ही सूरजमान के भाई प्रवेशमान के साथ रंजिश है। प्रवेश मान मकोका के तहत जेल में बंद है।

### पुलिस की चार टीमें लगातार दे रही थी दबिश

आरोप है कि धीरज ने ही 32 वर्षीय सूरज मान की हत्या की पूरी योजना बनाई थी। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की चार टीमें दिल्ली और नोएडा समेत अन्य ठिकानों पर दबिश दे रहीं हैं। गोली चलाने वाले शूटरों की भी तलाश जारी है। आज मृतक का अंतिम संस्कार होने की बात कही जा रही है। क्रू मेंबर सूरज मान को पांच गोली मारी गई थी। जिस समय युवक को गोली मारी गई वो ड्राइविंग सीट पर था।

### जिम करके लौट रहा था सूरज मान

डीसीपी हरीश चंदर ने बताया, दोपहर बाद सूरज मान नोएडा के सेक्टर-104 में एनी टाइम फिटनेस जिम सेंटर से वहां से जिम करके लौट रहा था। जैसे ही ये अपनी कार में बैठा।

बदमाशों ने इस पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। कुल पांच गोली लगी थी। सूरज की मौके पर ही मौत हो गई। बदमाशों को पकड़ने के लिए चार टीमों का गठन किया गया है। परिजनों से बातचीत की जा रही है। साथ ही जिम में इसके साथियों से भी पूछताछ की जाएगी।

# शिमला में पलक झपकते ही जमींदोज हुआ पांच मंजिला भवन

शिमला। हिमाचल की राजधानी में आपदा से नुकसान का खतरा टला नहीं है। राजधानी शिमला में अभी भी कुछ इमारतों पर गिरने का खतरा मंडरा रहा है। शिमला के समीप सोलह मील में एक बहुमंजिला भवन ढह गया। चंद मिनटों में करीब पांच मंजिला भवन भरभराकर गिर गया।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहाड़ी की ओर बने इस भवन के गिरने से करोड़ों की लागत से बने धामी कॉलेज की बुनियाद को खतरा पैदा हो गया है। वहीं, करोड़ों रुपये से बनी कॉलेज की सड़क भी खतरे की जद में आ गई है। ताजा घटनाक्रम में शनिवार को राजधानी के समीप ग्राम पंचायत घंडल के तहत डिग्री कॉलेज 16 मिल के नजदीक शिमला-बिलासपुर नेशनल हाईवे किनारे एक पांच मंजिला मकान जमींदोज हो गया है। गनीमत इस बात की है कि जानी नुकसान नहीं हुआ है। भवन ध्वस्त होने से इससे सटी धामी डिग्री कॉलेज का भवन भी खतरे की जद में आ गया है। कॉलेज भवन में बड़ी दरारें पड़ गई हैं। भवन के ढहने के बाद बालूगंज थाना क्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। धराशायी हुआ पांच मंजिला भवन का मालिक राजकुमार शर्मा हैं। बताया जा रहा है कि प्लॉट की कटिंग के दौरान पांच मंजिला बिल्डिंग पलक झपकते ही ढह गई। लॉ कॉलेज इमारत को एक हफ्ता पहले ही खाली करवा दिया गया था।

## गौशालाओं में होंगे दो दिवसीय महोत्सव

जयपुर। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि में बन रहे मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर राजस्थान में मंदिरों के साथ अब गौशालाओं की भी सफाई के लिए अभियान चलाया जायेगा। इस कार्य की पहल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद ने की है। परिषद के संरक्षक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि रविवार को प्रदेश की गौशालाओं में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसकी शुरूआत राजधानी जयपुर स्थित श्रीपिंजरापोल गौशाला में अपराह्न दो बजे की जाएगी। गौशाला परिसर में करीब सौ से अधिक गौभक्त गौशाला परिसर में बिखरे प्लास्टिक के कचरे एवं गंदगी की साफ-सफाई करेंगे। शाम को गौशाला परिसर में रोशनी की जाएगी।

# ग्रेटर नोएडा और मेरठ के युवकों की हत्या में आरोपी की प्रॉपर्टी कुर्क

**हापुड़/ग्रेटर नोएडा।** (पी एम ए) गंगा खादर क्षेत्र के गांव गुलालपुर में करीब तीन माह पहले कृषि फार्म पर हुए दोहरे हत्याकांड के मामले में अब तक मुख्य आरोपी अशोक को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। हत्यारोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित है। आरोपी के गिरफ्तार नहीं होने पर पुलिस ने उसके आरोपी के घर के बाद अब करीब दो करोड़ कीमत की 16 बीघा भूमि की कुर्की कर ली है। कुर्की करने के दौरान आसपास के मकानों पर भी भारी पुलिस बल को तैनात किया गया। दरअसल, अमरोहा जिले के थाना गजरौला प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि आगामी 9 अक्टूबर 2023 की रात गंगा किनारे स्थित गांव गुलालपुर स्थित फार्म हाउस पर जिला मेरठ के सीना गांव निवासी अनिरुद्ध और ग्रेटर नोएडा के बोड़ाकी गांव निवासी रतनपाल भाटी की नल के बलकटी से हमला कर हत्या कर दी गई थी। घटना के दौरान आरोपी नौकर नया गांव निवासी जीतपाल को अधमरा कर छोड़ गए थे।

### मकान की भी की जा चुकी है कुर्की

सिंभावली थाने के गांव बिरसिंहपुर निवासी हिस्ट्रीशीटर अशोक ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया था और वह इसका मास्टरमाइंड है। अशोक पर पुलिस ने 25 हजार के इनाम भी घोषित किया था। 7 जनवरी को पुलिस ने आरोपी के घर की कुर्की कर ली। अब इसके बाद गजरौला पुलिस ने हापुड़ के अधिकारियों की देखरेख में आरोपी के हिस्से की करीब 16 बीघा खेती की भूमि को भी कुर्क कर लिया है। जिसकी कीमत करीब 2 करोड़ रुपए है। उन्होंने बताया कि अभी आरोपी की अन्य संपत्ति की जांच कराई जा रही है।

# मुख्यमंत्री सोरेन से जमीन घोटाले में पूछताछ

## सीएम हाउस में मुख्यमंत्री से लिपटकर रोए कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रवर्तन निदेशालय जमीन घोटाले में थोड़ी देर में पूछताछ करेगा। मुख्यमंत्री आवास में जहां सत्ता पक्ष के विधायक और मंत्री पहुंच रहे हैं। जामताड़ा के कांग्रेस विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी हेमंत सोरेन से मिले और उनसे लिपट गए। वो काफी भावुक नजर आए और रोने लगे। हालांकि, सीएम उन्हें सांत्वना देते दिखे। जोबा मांझी, दीपिका पांडे, राजेश कच्छप और जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य



सीएम हाउस पहुंचे हैं। कहा जा रहा है कि विधायक पूछताछ के दौरान सीएम आवास में रहेंगे। वही महाधिवक्ता राजीव रंजन भी सीएम हाउस पहुंचे हैं। मंत्री जोबा मांझी, चम्पाइ सोरेन के अलावा सत्ता पक्ष के कई विधायक सीएम आवास में पहुंच चुके हैं। रांची पुलिस प्रशासन के बड़े अधिकारी सीएम आवास के गेट के बाहर हैं। हालांकि, अब तक ईडी की टीम नहीं पहुंची है। उधर, झामुमो के कार्यकर्ता सीएम आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं।दूसरी तरफ, सत्ता पक्ष के विधायक व मंत्री सीएम आवास पहुंच रहे हैं। महाधिवक्ता भी सीएम आवास पहुंच चुके हैं। सुरक्षा के मद्देनजर सीएम आवास के पास चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके साथ-साथ राजधानी रांची सहित राज्यभर में विधि-व्यवस्था खराब न हो, इसके लिए सुरक्षाबल पूरी तरह से अलर्ट है। ईडी ऑफिस के आस-पास भी सुरक्षा के चौक चौबंद व्यवस्था है। आपको बता दें कि जांच एजेंसी सात समन के बाद आठवें समन पर मुख्यमंत्री पूछताछ के लिए तैयार हुए और उन्होंने ईडी को पूछताछ के लिए जगह व तिथि बताई थी।

# प्राकृतिक खेती कर रहे एक लाख 20 हजार किसानों का हुआ प्रमाणीकरण

शिमला। हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती कर रहे एक लाख 82 हजार किसानों में से एक लाख 20 हजार किसानों का प्रमाणीकरण पूरा किया जा चुका है। प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के अधीन एक लाख 37 हजार किसानों ने प्रमाणीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था जिनमें से एक लाख 20 हजार किसानों को प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत प्रमाणपत्र जारी किए जा चुके हैं।

यह जानकारी शनिवार को प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना की समीक्षा बैठक के दौरान साझा की गई। योजना के राज्य परियोजना निदेशक हेमिस नेगी ने बताया कि किसानों के प्रमाणीकरण के लिए एक नवोन्मेषी प्रमाणीकरण प्रणाली बनाई गई है। इस प्रणाली के तहत किसानों का निशुल्क ऑनलाइन प्रमाणीकरण किया जा रहा है।

सूचना प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग से समय और संसाधनों की बचत के साथ किसानों को विभागीय कार्यालयों के चक्कर काटे बिना उनके फोन पर ही प्रमाणपत्र प्राप्त हो रहे हैं।

# कश्मीरी पंडित हत्या मामले में 12 आरोपियों के खिलाफ दाखिल आरोपपत्र

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने पिछले वर्ष फरवरी में कश्मीरी पंडित की हत्या के मामले में तीन मृत आतंकवादियों सहित 12 लोगों के खिलाफ शनिवार को पुलवामा में विशेष नामित अदालत के समक्ष आरोप पत्र दायर किया।

एटीएम गार्ड के रूप में काम करने वाले कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की पिछले वर्ष 26 फरवरी को दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के अचन इलाके में आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

शर्मा की हत्या के मामले की शुरुआत में पुलवामा पुलिस ने जांच की थी और बाद में इसे विशेष जांच के लिए एसआईए कश्मीर को स्थानांतरित कर दिया गया था।

एक साल से भी कम समय में एसआईए ने मामले की जांच पूरी कर आरोपपत्र दाखिल कर दिया।

एसआईए ने कहा कि मामले की जांच से पता चला कि आरोपी व्यक्ति सीमा पार आतंकी आकाओं के निर्देश पर काम कर रहे थे।

हत्या के मामले में पुलवामा में राष्ट्रीय जांच एजेंसी अधिनियम के तहत विशेष नामित अदालत के समक्ष 12 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया।




हेफ-शिरमल शोपियां के जाजिम फारूक वानी उर्फ अबरार, पाकिस्तान में स्थित कोड नाम खालिद, अनंतनाग के जफर हुसैन भट उर्फ खुर्शीद कश्मीरी, वेंटेंग मोहल्ले, बिजबेहरा अनंतनाग के नासिर फारूक शाह, आशाजीपोरा, अनंतनाग के आमिर हुसैन वानी, शमीम अहमद भट उर्फ अंकल हेफ-शिरमल, शोपियां, जब्लीपोरा बिजबेहारा, अनंतनाग के तौसीफ अहमद पंडित, गोरीवान, बिजबेहरा अनंतनाग के सज्जाद अहमद भट उर्फ अफनान भट्ट, रेशीपोरा कैमोह, कुलगाम के सरजील अहमद भट, चकूरा, शोपियां के दानिश अहमद ठोकर, चकूरा, शोपियां के उबैद अहमद पद्दार और धोबी-गथ बिजबेहरा, अनंतनाग के साहिल बशीर डार के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है।

एसआईए ने कहा कि 12 में से तीन आतंकवादी जाजिम वानी, दानिश थोकर और उबैद पद्दार अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे गए। एसआईए ने कहा कि ट्रिगर खींचने वाले जाजिम वानी को खालिद कामरान नाम के पाकिस्तानी हैंडलर के निर्देश पर नासिर शाह से हथियार चलाने का प्रशिक्षण मिला था।

एसआईए ने कहा,तीन किशोरों सहित आठ आरोपी वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। पाकिस्तान में रहने वाले दो आरोपी जफर भट और खालिद वर्तमान में फरार हैं।

एसआईए ने कहा कि मामले की जांच के दौरान यासिर शब्बीर नामक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया था और उस पर मामले में आरोप नहीं लगाया गया है। एसआईए ने हालांकि, कहा कि यासिर के खिलाफ जांच जारी है।

### महिला ने चिकित्सक पति के खिलाफ दर्ज कराया धोखाधड़ी का मामला

अलवर। राजस्थान में अलवर शहर कोतवाली थाने में एक महिला ने अपने डॉक्टर पति के खिलाफ धोखाधड़ी कर उसके बैंक खाते से 32 लाख रुपये ट्रांसफर करने का मुकदमा दर्ज कराया है। परिवादी सीमा गर्ग ने रिपोर्ट में बताया कि उनके पति डॉक्टर सुमित मित्तल शराब पीकर मारपीट करते थे। 2018 में भी उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, फिर उन्होंने आगे बुरा बर्ताव नहीं करने का आश्वासन दिया तो सुलह हो गयी। बीस अप्रैल 2023 को पति ने उनके मोबाइल छीन लिया।

# राममय हुआ देहरादून, निकली शोभायात्रा, मुख्यमंत्री, मंत्रियों ने लिया हिस्सा

देहरादून। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून इस समय पूरी तरह राममय हो गई है। शनिवार को यहां भव्य श्री राम यात्रा निकाली गई जबकि शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में स्वाति मिश्रा ने अपने राम भजनों से आम और खास सभी को मंत्रमुग्ध किया।

परेड मैदान से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समिति की ओर से आयोजित 'राम राज्य शोभायात्रा' निकाली गई।

इस दौरान, धामी ने कहा कि सभी राम भक्तों का 500 से अधिक वर्ष का इंतजार खत्म होकर भव्य राम मंदिर



बनने का सपना पूरा हो रहा है। हजारों साधु संतों राम भक्तों, सनातन प्रेमियों के बलिदान के उपरांत इस पुण्य दिन के हम सब साक्षी बनेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के हम सब साक्षी बनेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राम मंदिर बनाए जाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। आज उनके नेतृत्व में हमारा देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड से भगवान श्री राम का भी विशेष नाता है। देवप्रयाग में भगवान श्री राम को समर्पित रघुनाथ मंदिर एवं बागेश्वर जनपद में निर्मल बहती सरयू नदी है। मां सरयू का उद्गम स्थल हमारे उत्तराखंड में है एवं सरयू किनारे ही अयोध्या धाम में श्री राम विराजमान हैं। धामी ने कहा कि रामकाज में उत्तराखंड के लोग हमेशा आगे रहते हैं। राज्य सरकार द्वारा 22 तारीख को शिक्षण संस्थाओं में अवकाश घोषित करने के साथ ही सरकारी कार्यालयों में अपराह्न 2:30 बजे तक अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने अयोध्या में उत्तराखंड सदन बनाए जाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार से अयोध्या धाम के समीप जमीन दिए जाने का आग्रह किया था, जमीन उत्तराखंड सरकार को आवंटित हो गई है।

# हिमाचल में चरस तस्कर को 10 साल के कठोर कारावास की सजा

शिमला। हिमाचल प्रदेश में चरस तस्करी के आरोपी अतुल कुमार को 10 साल का कठोर कारावास और दो लाख रुपये के जुर्माना की सजा सुनाई गई है।

जुर्माना अदा न करने की सूरत मे आरोपी को एक साल का अतिरिक्त कारावास की सजा भी सुनाई गई है।

यह मामला इस प्रकार से है कि 17 दिसंबर 2020 को पुलिस पार्टी मुकाम सब्जी मण्डी नेरवा में गश्त ड्यूटी पर थे तो रात समय करीब 8.50 बजे पुलिस पार्टी ने मुकाम कलारा कैंची के पास दईया रोड से एक आदमी बैग उठाये आता हुआ दिखाई दिया।

शक होने पर पुलिस ने पूछताछ हेतु रोकना चाहा तो वह आदमी एक दम पीछे मुड़ कर दईया रोड की और भागने लगा।

पुलिस ने दौड़ कर उस आदमी को पकडा जिसने अपना नाम अतुल कुमार पुत्र राय सिंह निवासी गांव चिन्द डा मालद, तै. कुपवी जिला शिमला हिमाचल प्रदेश बताया। बैग की तलाशी के दौरान बैग से 1.192 किलोग्राम चरस पाई गई।

# 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के प्रति लोगों में भारी उत्साह : सुक्खू

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को कहा कि 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के प्रति प्रदेशभर में लोगों में खासा उत्साह है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में राज्य सरकार के परिवर्तनकारी निर्णयों और उनके सकारात्मक परिणामों से लोगों को अवगत करवाया जा रहा है।

श्री सुक्खू आज यहां मीडिया से अनौपचारिक बातचीत करते हुए यह



बात कही। उन्होंने कहा कि तथ्यों की सही जानकारी प्राप्त कर अब प्रदेशवासियों को निःसंदेह विश्वास हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी ने सदैव ही हिमाचल के हितों की अनदेखी की है और अभी भी वह प्रदेश व यहां के लोगों के साथ नहीं खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेओए-आईटी भर्ती को लेकर राज्य सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है और सभी कानूनी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस विषय को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियां तथ्यहीन है और ऐसी बातों का कोई आधार नहीं है।

गौरवशाली भारत



नई दिल्ली
रविवार 21 जनवरी 2024
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### रश्मिका मंदाना के डीपफेक वीडियो मामले में मुख्य आरोपी पकड़ा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के डीपफेक वीडियो के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने 10 नवंबर को एफआईआर दर्ज की थी। गिरफ्तार आरोपी पर पहले भी कई साइबर से संबंधित मामलों में शामिल रहा है। उसी ने अभिनेत्री का दीपफेक वीडियो बनाया था। वह एक वृद्ध महिला को डिजिटल रूप से बंधक भी बना चुका है। दरअसल 6 नवंबर को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई, जिसमें रश्मिका मंदाना लिफ्ट में नजर आ रही हैं। रश्मिका ने दिल्ली पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को पकड़ा था। अब पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। अभिनेत्री रश्मिका ने 6 नवंबर को सोशल मीडिया पर लिखा कि मेरी डीपफेक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रही है, जिसके बारे में बात करते हुए मुझे बेहद दुख हो रहा है। ईमानदारी से कहूं तो एआई सिर्फ मेरे लिए ही नहीं, बल्कि हममें से हर एक के लिए बेहद डरावना है, जो इस टेक्नोलॉजी के मिस यूज की वजह से खतरे में आ गए हैं।

### 9 दिन तक किशोरी को बंधक बनाकर किया रेप

जेवर। दनकौर कोतवाली पुलिस ने एक गांव की किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाकर 9 दिन तक बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से पुलिस ने किशोरी को भी बरामद कर मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस का कहना है कि किशोरी के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। जिसको पुलिस शनिवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजेगी। पुलिस ने बताया कि करीब 10 दिन पहले आरोपी प्रदीप अपने ही पड़ोस की एक 17 वर्ष की नाबालिग किशोरी को अपने साथ उसके घर से बहला फुसलाकर ले गया था। आरोपी के खिलाफ पीड़ित परिवार ने केस भी कोतवाली में दर्ज कराया था। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार की देर रात गिरफ्तार किया है। जिसकी निशानदेही से पुलिस ने किशोरी को भी बरामद किया है। किशोरी ने बयान में बताया कि आरोपी ने उसको बंधक बनाकर रखा था। साथ ही उसके साथ डरा धमकाकर दुष्कर्म की घटना को भी अंजाम दिया है। पुलिस का कहना है कि किशोरी के बयान के आधार पर आरोपी प्रदीप के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपी का परिवार पक्ष दबंग है।

### तीन घंटे थाने में बैठी रही वृद्धा

मोदीनगर। मोदीनगर में भोजपुर के गांव मुरादाबाद निवासिनी 75 वर्षीय वृद्धा प्रेम देवी बैंक खाते से 70 हजार रुपये निकलने की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तीन घंटे थाने में बैठी रहीं। वृद्धा का आरोप है कि पहले तो पुलिसकर्मियों ने उनकी बात नहीं सुनी। बाद में कई घंटे बैठने के बाद मामला भोजपुर थाना क्षेत्र का बताकर उन्हें थाने से टरका दिया। प्रेम देवी के पति सुखबीर सिंह फौज में थे। पति की मौत के बाद प्रेमदेवी के खाते में पेंशन आती है। प्रेम देवी रकम निकासी के लिए मोदीनगर स्थित भारतीय स्टेट बैंक पहुंची। पासबुक में एंट्री कराई तो खाते से 70 हजार रुपये की रकम निकासी की जानकारी मिली। प्रेम देवी का आरोप है कि साइबर बदमाशों ने उनके बैंक खाते से 28 दिसंबर से 11 जनवरी के बीच 70 हजार रुपये की रकम निकाल ली। रकम यूपीआई के माध्यम से निकाली गई है। प्रेम देवी ने बताया कि वह बहुत कम पढ़ी हुई है। इसलिए वह रकम निकालने खुद ही बैंक आती है। उन्होंने किसी भी प्रकार की ऑनलाइन बैंकिंग सुविधा नहीं ली हुई है। प्रेम देवी घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने मोदीनगर थाने पहुंचीं। आरोप है कि वह तीन घंटे तक थाने में बैठी रहीं, मगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। मामला भोजपुर थाना का बताकर बिना कार्रवाई किए वहां से भेज दिया। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

### होटल में परोसा गया झूठा खाना

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना कविनगर क्षेत्र में एक रेस्टोरेंट मालिक पर आरोप है कि उसने अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर ग्राहकों के साथ मारपीट की। आरोप है कि झूठा खाना परोसने के विरोध में मारपीट की गई। जिनके साथ मारपीट हुई उनमें एक ब्लॉक प्रमुख भी है। आरोप सोने की चेन और नगदी के लूट का भी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गाजियाबाद के थाना कविनगर क्षेत्र के हरसाव गांव में रहने वाले भोपाल यादव ने थाना कविनगर में मुकदमा दर्ज करवाया है। मुकदमा तासा रेस्टोरेंट आरडीसी के मालिक संयम कोहोली और उनके 16-17 कर्मचारियों के विरुद्ध कराया गया है। भोपाल यादव ने दैनिक भास्कर को बताया कि उनके मित्र के जन्मदिन की पार्टी में सभी दोस्त रेस्टोरेंट की छत पर थे। पार्टी में आये अधिकतर दोस्त निकल गए थे और ब्लॉक प्रमुख राजापुर राहुल चौधरी समेत तीन दोस्त रुक गए थे। इसी दौरान जब रेस्टोरेंट कर्मियों से खाना मांगा गया तो आरोप है कि कर्मचारियों ने झूठा खाना परोस दिया। इसका जब भोपाल यादव और उनके अन्य मित्रों ने विरोध किया तो होटल रेस्टोरेंट मालिक और कर्मचारियों ने उनके साथ मारपीट की। साथ ही जान से मारने की नीयत से इलेक्ट्रॉनिक हीटर भोपाल यादव के सिर पर फेंक दिया।

### टायर के नीचे आने से युवक की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ क्षेत्र के डिफेंस कॉलोनी में शनिवार को एक शख्स की सिर कुचला शव मिलने से सनसनी फैल गई। इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फील्ड यूनिट ने जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक सर्दी से बचने के लिए ट्रक के नीचे सोया था और ट्रक के चलने पर उसका सिर पिछले टायर से कुचला गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है। साथ ही ट्रक भी बरामद कर लिया है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। गाजियाबाद में एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया शनिवार को थाना टीला क्षेत्र के डिफेंस कॉलोनी में एक व्यक्ति का सिर कुचल सब मिला था। मौके पर पुलिस और फील्ड यूनिट टीम पहुंची थी। जांच पड़ताल में सामने आया कि मृतक की मौत हादसे में हुई है। आगे की जांच और सीसीटीवी तथा आसपास के लोगों से पूछताछ पता चला कि यहां ईटों से भरा एक ट्रक खड़ा था।

# दिल्ली सरकार ने किया एलान, 22 जनवरी को दफ्तरों में रहेगी आधे दिन की छुट्टी

### एम्स दिल्ली ने भी आदेश जारी कर कहा है कि 22 जनवरी को ढाई बजे तक ओपीडी की सुविधा नहीं मिलेगी

नई दिल्ली। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान 22 जनवरी को दिल्ली में भी आधे दिन की छुट्टी रहेगी। केंद्र सरकार के निर्देश के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस संबंध में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को एक प्रस्ताव भेजा। उपराज्यपाल ने शनिवार को इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। उनकी मंजूरी के बाद सेवा विभाग विशेष सचिव ने आदेश जारी किया।

इसमें कहा गया कि अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को दिल्ली सरकार के सभी कार्यालय, यूएलबी, स्वायत्त निकाय, उपक्रम और बोर्ड सहित अन्य में दोपहर 2: 30 बजे तक अवकाश रहेगा। बता दें कि दिल्ली से पहले असम, छत्तीसगढ़, ओडिशा, हरियाणा, राजस्थान सहित अन्य सरकार ने भी 22 जनवरी को सरकारी संस्थानों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए आधे दिन के अवकाश की घोषणा की है।

#### 22 जनवरी को ढाई बजे के बाद ओपीडी

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान 22 जनवरी को एम्स, डॉ. राम मनोहर लोहिया सहित दूसरे अस्पताल में ढाई बजे के बाद ओपीडी सुविधा शुरू होगी। वहीं इस दौरान आपातकालीन सेवाएं पहले की तरह जारी रहेगी। इसे लेकर डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल ने आदेश



जारी किया है। इसमें कहा है कि ढाई बजे के बाद ओपीडी सुविधा के लिए डेढ़ बजे से ओपीडी पंजीकरण की सुविधा शुरू होगी। वहीं एम्स दिल्ली ने भी आदेश जारी कर कहा है कि 22 जनवरी को ढाई बजे तक ओपीडी की सुविधा नहीं मिलेगी। वहीं इस दौरान होने वाली जांच व अन्य को भी रद्द कर दिया गया है। हालांकि सभी प्रकार की आपातकालीन सेवाएं पहले से जारी रहेगी।

#### 21 फरवरी तक हाई अलर्ट पर एम्स

विभिन्न कारणों से एम्स दिल्ली 21 फरवरी तक हाई अलर्ट पर रहेगा। इस दौरान एम्स का आपातकालीन सेवाएं हर सुविधा के लिए तैयार रहेगा। इस दौरान किसी भी प्रकार की आपातकालीन सुविधा के लिए एम्स खुद को तैयार रखेगा। इसे लेकर एम्स ने एक आदेश जारी किया है।

#### केंद्र ने किया था सबसे पहले छुट्टी का एलान

वहीं दूसरी तरफ राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सरकारी कर्मियों की भावनाओं को देखते हुए दोपहर ढाई बजे तक सभी केंद्रीय दफ्तरों में अवकाश का एलान किया है। इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

#### हरियाणा में भी छुट्टी का एलान

अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह देखने के लिए हरियाणा सरकार ने अपने कार्यालयों व शैक्षणिक संस्थानों में 22 जनवरी को आधे दिन (2: 30 बजे तक) का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

सभी दफ्तर ढाई बजे के बाद ही खुलेंगे। हरियाणा सरकार की ओर से इस बारे में अधिसूचना जारी कर दी गई है। इससे पहले केंद्रीय कार्यालयों के दफ्तरों में आधे दिन की छुट्टी की घोषणा की गई थी।

#### उत्तराखंड और चंडीगढ़ में भी घोषणा

उत्तराखंड सरकार ने 22 जनवरी को सरकारी दफ्तरों में आधे दिन की छुट्टी घोषित की है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। आदेश के बाद कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकार द्वारा सरकारी कार्यों में आधा दिन का अवकाश किया गया है जो की औचित्यहीन है।

चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से जारी अधिसूचना के तहत 22 को सभी सरकारी स्कूल, बोर्ड, कारपोरेशन और औद्योगिक संस्थान बंद रहेंगे। इसको लेकर सभी प्रशासनिक सचिवों को सूचना जारी कर दी गई है।

#### दिल्ली सरकार कर रही रामलीला का मंचन

केजरीवाल सरकार शनिवार (20 जनवरी) से तीन दिवसीय भव्य रामलीला का आयोजन करने जा रही है। आईटीओ के पास स्थित प्यारेलाल ऑडिटोरियम में 22 जनवरी तक होने जा रही विशेष रामलीला सभी के लिए नि:शुल्क है। श्रीराम भारतीय कला केंद्र द्वारा शाम 4: 00 से 7: 00 बजे तक तीन घंटे रामलीला का लाइव मंचन किया जाएगा।

सरकार ने अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा लोग आकर इस भव्य रामलीला मंचन का आनंद उठाएं। दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री सौरभ भारद्वाज का कहना है कि पहले हमने प्रगति मैदान स्थित विशाल ऑडिटोरियम भारत मंडपम में भव्य रामलीला मंचन की अनुमति मांगी थी और किराया भी दे रहे थे, लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार ने इसकी अनुमति नहीं दी, यह बेहद दुखद है।

खुद को प्रभु श्रीराम का हितैशी बताने वाली भाजपा का दोहरा चरित्र उजागर हो गया है। भाजपा नहीं चाहती है कि दिल्ली के लोग भगवान श्रीराम की भव्य रामलीला का आनंद ले सकें। भाजपा के इस घिनौने कृत्य में उसकी तुच्छ राजनीति साफ नजर आ रही है।

# आप ने भी किया 'एक देश एक चुनाव' का विरोध

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी ने एक राष्ट्र, एक चुनाव पर अपने विचार उच्च स्तरीय समिति को विचार के लिए भेजे। आप के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने उच्च स्तरीय समिति, एक राष्ट्र, एक चुनाव के सचिव नितेन चंद्रा को पत्र लिखा। आप का कहना है कि आम आदमी पार्टी एक देश एक चुनाव के विचार का पुरजोर विरोध करती है।

उन्होंने पत्र में लिखा, एक राष्ट्र एक चुनाव संसदीय लोकतंत्र के विचार, संविधान की मूल संरचना और देश की संघीय राजनीति को नुकसान पहुंचाएगा। एक राष्ट्र एक चुनाव त्रिशंकु विधायिका से निपटने में असमर्थ है, और सक्रिय रूप से दल-बदल विरोधी और विधायकों/सांसदों की खुली खरीद-फरोख्त की बुराई को प्रोत्साहित करेगा। एक साथ चुनाव कराने से जो लागत बचाने की कोशिश की जा रही है वह भारत सरकार के वार्षिक बजट का मात्र 0.1 प्रतिशत है।

#### एक साथ चुनाव कराने का कांग्रेस ने भी किया विरोध

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर बनी उच्च स्तरीय समिति को पत्र लिखा। पत्र में उन्होंने कहा है कि संसदीय शासन व्यवस्था अपनाने वाले देश में एक साथ चुनाव कराने के विचार के लिए कोई जगह नहीं है और उनकी पार्टी इसका पुरजोर विरोध करती है।

#### ऐसे प्रारूप संघवाद की गारंटी के खिलाफ

यह पत्र उन्होंने उच्च स्तरीय समिति के सचिव नीतेन चंद्र को भेजा है। इसमें राय देते हुए हुए खरगे ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने का विचार संविधान की मूल संरचना के खिलाफ है। अगर एक साथ चुनाव की व्यवस्था लागू करनी है तो संविधान की मूल संरचना में पर्याप्त बदलाव की जरूरत होगी।

### पेटीएम पेमेंट बैंक से 1.15 करोड़ का फ्रॉड

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने पेटीएम पेमेंट बैंक से धोखाधड़ी करके कंपनी को एक करोड 15 लाख 76 हजार 651 रुपए का फ्रॉड किया गया। जालसाजों ने पेटीएम के वॉलेट में छेड़छाड़ करके ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। इसको लेकर कंपनी के अधिकृत अधिकारी ने सेक्टर 36 स्थित साइबर क्राइम थाने में 136 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में आशुतोष बिश्नोई ने बताया कि वह सेक्टर 125 स्थित पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड कंपनी के अधिकृत अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी अपनी वेबसाइट और ऐप के जरिए पूरे देश में लोगों को ऑनलाइन बैंकिंग सुविधा देती है। उन्होंने बताया कि कंपनी के साथ 136 अज्ञात लोगों ने पूरी तरह से षड्यंत्र रच करके कंपनी के साथ करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी की है। अधिकारी के मुताबिक आरोपियों ने पेटीएम वॉलेट को यूपीआई के जरिए जोड़ लिया। इसके बाद आरोपियों ने अमेजॉन पर सामान का ऑर्डर किया इस दौरान आरोपियों ने सामान का पेमेंट पेटीएम वॉलेट से जुड़ी यूपीआई के जरिए किया।

### पार्क में शख्स की पीट-पीटकर हत्या, बेरहमी से कुचला सिर; जांच में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली।** कश्मीरी गेट इलाके में 44 साल के एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उसका शव अग्रसेन पार्क में मिला है। मृतक की शिनाख्त प्रमोद शुक्ला के रूप में हुई है। उसके सिर को बेरहमी से कुचला गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को आशंका है कि लूटपाट का विरोध में उसकी हत्या की गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रमोद मूलत- जालौन यूपी का रहने वाला था। वह कश्मीरी गेट खोया मंडी में प्रधान राकेश तोमर के पास पिछले करीब 15 साल से काम कर रहा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह पुलिस को अग्रसेन पार्क में एक व्यक्ति का शव पड़े होने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। पुलिस ने क्राइम और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। प्रमोद के सिर पर पत्थर से वार करने के निशान थे। पुलिस अधिकारी का कहना है कि शव दो दिन पुराना है। उसके पास से मोबाइल फोन और पर्स नहीं मिला है।

## अभाविप दिल्ली के प्रांत अधिवेशन के पोस्टर का हुआ विमोचन

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) दिल्ली प्रांत का अधिवेशन आगामी चार फरवरी को होगा, जिसकी आधिकारिक घोषणा आज यहां पोस्टर विमोचन के साथ की गयी।

इस वर्ष का प्रांत का एक दिवसीय अधिवेशन अभाविप के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) विभाग द्वारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश भर से 500 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

गौरतलब है कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले प्रांत अधिवेशन में शिक्षा, भारतीय




स्त्री विमर्श, राष्ट्रीय सुरक्षा, पर्यावरण पर व्यापक चर्चा के साथ विभिन्न प्रस्तावों पर छात्रों के बीच व्यापक चर्चा करते हुए पारित प्रस्तावों पर वर्ष भर कार्य करने का संकल्प लिया जाता है।

प्रति वर्ष दिल्ली प्रांत के आठ विभागों में से एक निर्धारित विभाग द्वारा प्रांत अधिवेशन की जिम्मेदारी ली जाती है। इस वर्ष यह जिम्मेदारी अभाविप की जेएनयू इकाई द्वारा ली गई है।

पोस्टर विमोचन राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री प्रफुल्ल अकांत, राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल, अखिल भारतीय छात्रा कार्य प्रमुख मनु शर्मा कटारिया तथा उत्तर क्षेत्र सह संगठन मंत्री आनंद श्रीवास्तव, केंद्रीय कार्य समिति सदस्य निधि त्रिपाठी, प्रांत संगठन मंत्री राम कुमार, सह संगठन मंत्री विपिन उनियाल, प्रांत अध्यक्ष डॉ अभिषेक टंडन तथा प्रांत मंत्री हर्ष अत्रि की उपस्थिति में हुआ।

इस मौके पर श्री अत्री ने कहा,प्रांत अधिवेशन अभाविप की कार्यप्रणाली में एक महत्वपूर्ण अंग है, जिसमें पूरे प्रांत से प्रतिनिधि एकत्र होकर अभाविप के वर्ष भर के सकारात्मक कार्यों के विषय में चर्चा करते हुए योजनाओं का निर्धारण करते हैं। इस प्रांत अधिवेशन अभाविप दिल्ली में आने वाले समय में आंदोलनात्मक, रचनात्मक तथा संगठनात्मक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र और युवाओं के मध्य सकारामक कार्यों पर मंथन होगा।

## हिंदू सेना ने दिल्ली में बाबर रोड साइन बोर्ड को 'अयोध्या मार्ग' किया

**नई दिल्ली ।** (पी एम ए) अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से ठीक दो दिन पहले दक्षिणपंथी संगठन हिंदू सेना के सदस्यों ने शनिवार को दिल्ली के बंगाली मार्केट के पास बाबर रोड के साइन बोर्ड को बदलकर अयोध्या मार्ग कर दिया।

कार्यकर्ताओं ने उस पर अयोध्या मार्ग नाम वाला एक पोस्टर चिपका दिया, जिससे सड़क का नाम बदलने की मांग पर बहस की एक नई लहर छिड़ गई।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि उन्हें घटना के संबंध में कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। हालांकि, नागरिक एजेंसियों ने खुलासा किया कि उन्होंने साइन बोर्ड से पोस्टर हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इससे पहले 8 जनवरी को हिंदू सेना ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) को एक पत्र सौंपकर




औपचारिक रूप से बाबर रोड का नाम बदलकर अयोध्या मार्ग करने का अनुरोध किया था।

संगठन के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता के पत्र में मुगल सम्राट बाबर पर भारत के लोगों पर अत्याचार करने का आरोप लगाया गया।

नगर निकाय को संबोधित पत्र में गुप्ता ने कहा था, जिहादी बाबर ने भारत के लोगों पर अत्याचार किया और जबरन हिंदुओं का धर्म परिवर्तन कराया, हमारे मठों और मंदिरों को ध्वस्त कर दिया और उन पर जबरन मस्जिदें बनाईं।

संगठन ने कहा था, वर्तमान सड़क का नाम बहुसंख्यकों की सांस्कृतिक और धार्मिक भावनाओं के विपरीत कार्यों से जुड़े एक व्यक्ति का महिमामंडन करता है।

### दिल्ली में भारी वाहनों की नो एंट्री

गाजियाबाद। दिल्ली में गणतंत्र दिवस को लेकर गाजियाबाद पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी शनिवार को जारी कर दी है। रिहर्सल परेड और फुल परेड के दौरान 12 बॉर्डरों से भारी वाहन दिल्ली में एंट्री नहीं कर पाएंगे। इन बॉर्डरों पर दिल्ली और यूपी दोनों राज्यों की पुलिस तैनात रहेगी। इसके अलावा गणतंत्र दिवस को लेकर बॉर्डर पर सख्ती बढ़ा दी गई है। गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, दिल्ली राजपथ पर रिहर्सल परेड 23 जनवरी को होगी। इसलिए 22 जनवरी की रात 10 बजे से 23 जनवरी को परेड समाप्ति तक भारी वाहनों की एंट्री पर रोक रहेगी। यूपी गेट, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, महाराजपुर-आनंद विहार बॉर्डर, सीमापुरी बॉर्डर, डीएलएफ भोपुरा बॉर्डर, लोनी बॉर्डर, ईडीएम मॉल रोड, सूर्यनगर-शाहदरा बॉर्डर, तुलसी निकेतन बॉर्डरऔर सभापुर तिराहा से कोई भी भारी वाहन दिल्ली की तरफ नहीं जा पाएगा।

### कोर्ट से आप सांसद संजय सिंह और मनीष सिसोदिया को झटका, 3 फरवरी तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आप सांसद संजय सिंह और मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 3 फरवरी तक बढ़ा दी है। उनकी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। वहीं, कोर्ट ने सर्वेश मिश्रा और अमित अरोड़ा की जमानत पर भी फैसला 24 जनवरी के लिए सुरक्षित रख लिया है। इससे पहले अदालत ने शुक्रवार को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की ताजा स्थिति रिपोर्ट मांगी। वहीं, मनीष सिसोदिया और अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत पांच फरवरी तक बढ़ा दी। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष सीबीआई न्यायाधीश एमके नागपाल ने आरोपी व्यक्तियों के लिए सीबीआई कार्यालय में दस्तावेजों का निरीक्षण करने का अवसर देने से इनकार करते हुए कहा कि सभी को पर्याप्त समय दिया गया है। यह भी कहा कि आरोप तय करने के लिए मामले को बहस के लिए सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। मामले में शुक्रवार को दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। इस बिंदु पर आरोपियों के वकीलों ने कहा कि सीबीआई ने अभी तक जांच पूरी नहीं की है। इसके बाद कोर्ट ने स्टेटस रिपोर्ट मांगी ताकि आरोपों पर बहस शुरू की जा सके। वकील ने यह भी कहा कि सीबीआई की ओर से जांच की स्थिति साफ नहीं की गई है। इस बीच, जांच अधिकारी द्वारा एक नई अनुपालन रिपोर्ट दायर की गई है, जिसमें कहा गया है कि खोज सूची प्रदान की गई है। कोर्ट ने सीबीआई को यह निर्देश देने से इनकार कर दिया कि वह मनीष सिसोदिया के आवास और कार्यालय की तलाशी के दौरान जब्त किए गए दस्तावेज उन्हें मुहैया कराए। सिसोदिया के वकील ने कहा कि उन्हें तलाशी सूची तो मिली है, लेकिन तलाशी के दौरान जब्त किए गए दस्तावेज नहीं मिले हैं।

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों में जुटा प्राधिकरण

### सेक्टर वासियों को आरआरआर कॉन्सेप्ट से कराया वाकिफ, निवासियों ने दिए सुझाव

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने की तैयारी नोएडा प्राधिकरण ने अभी से शुरू कर दी है। इसके लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को ये अभियान नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम की अध्यक्षता में शुरू किया गया। इस कार्यक्रम में नोएडा के सेक्टर-30,33,34,52,61,72,93बी,105,108,112,116,117,122 के आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि , फोनरवा के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान एसीईओ संजय खत्री, वंदना त्रिपाठी और डीजीएम जन स्वास्थ्य एसपी सिंह, विजय रावल मौजूद रहे। इस मौके पर निवासियों को बताया कि घर व संस्थान से कूड़े को 5 भागों में सैग्रिगेट करने एंव कूड़ा



एकत्रित करने वाली एजेंसी को अलग-अलग डिब्बों में देने के लिए समझाया गया। जिसमें कूड़े को पांच भागों यानी गीला कूड़ा, सूख कूड़ा, ई वेस्ट , हैजारडस वेस्ट , सेनिटेशन वेस्ट के बारे में जानकारी दी गई। इस कूड़े को फेकने के लिए डोर टू डोर कलेक्शन करने वाली गाड़ी में पांच हिस्से बनाए गए है। निवासियों को बताया गया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में वेस्ट टू वेल्थ के अनुरुप कार्य किया गया। इस बार (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल) कांसेप्ट के जरिए सूखे व गीले कूड़े का निपटारा करने का थीम अपनाई गई है। निवासियों को बताया गया कि बल्क वेस्ट जनरेटर्स (100 किग्रा प्रति उत्पादन करने वाले ) को अपना वेस्ट कैंपस के अंदर ही एमएसडब्ल्यू 2016 नार्मस के अनुसार प्रोसेसिंग करने के लिए बताया गया। सभी सेक्टर वासियों को सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री बनाने के लिए अभियान चलाने पर जोर दिया गया। जिसमें बताया गया कि वे अपने सेक्टर की समस्त दुकानों , वेंडरों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने एवं उसके स्थान पर बायोडिग्रेडेबल थैले का इस्तेमाल करने का सुझाव दिया।

### प्रेम-जाल में फंसाकर तीन साल तक युवती से रेप

मोदीनगर। गाजियाबाद में मुरादनगर थानाक्षेत्र की एक गांव निवासी युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़ित युवती की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एक गांव निवासी युवती का कहना है कि वह एक निजी कम्पनी में नौकरी करती है। जहां उसकी पहचान मेरठ निवासी एक युवक से हुई थी। कुछ समय बाद दोनों की दोस्ती हो गई और एक साथ रहने लगे। युवती का आरोप है कि युवक ने शादी करने की बात कहते हुए उसके साथ कई बार संबंध बनाएं। जब महिला ने युवक पर शादी करने का दबाव डाला तो आरोपी ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया।

## डीयू के 12 कॉलेजों में अवैध तरीके से कर्मचारियों की हुई नियुक्ति

### मंत्री आतिशी ने कार्रवाई के दिए आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार द्वारा वित्त पोषित डीयू के 12 कॉलेजों में अनियमितताओं का मामला सामने आया है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने आरोप लगाते हुए उच्च शिक्षा सचिव को इन कॉलेजों में अनियमितताओं की जांच के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बताया कि कॉलेजों द्वारा बुनियादी मानदंडों का उल्लंघन किया गया है। इन कॉलेजों में अवैध रूप से सृजित पदों और नियुक्तियों के दोषी प्राचार्यों और प्रशासनिक अधिकारियों की पहचान की जाए।

वहीं, अवैध पदों पर नियुक्त स्टाफ सदस्यों से 2015 से भुगतान किए गए वेतन की वसूली सहित इन




अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि इन कॉलेजों को सरकारी खजाने से वित्त पोषित किया जाता है, इस वजह से धन के किसी भी दुरुपयोग के लिए उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

इन कॉलेजों में शिक्षण कर्मचारियों के 1365 और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के 1173 पद सृजित किए गए थे। इनमें से केवल 426 और 215 पदों के लिए सरकार की मंजूरी प्राप्त की गई है। कॉलेजों में वर्तमान में 939 शैक्षणिक पद और 958 अवैध गैर-शिक्षण पद हैं। ये पद प्रारंभ से ही अवैध रूप से सृजित हैं, इस वजह से इन पदों पर की गई सभी नियुक्तियां (तदर्थ या स्थायी) अवैध हैं।

इन कॉलेजों द्वारा अनियमितताओं के परिणामस्वरूप 1897 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को अवैध रूप से नियुक्त किया गया है।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना कॉलेज प्राचार्य और प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी थी कि कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया जाए। हालांकि, मौजूदा कर्मचारियों को दंडित नहीं किया जा सकता है, लेकिन इन कॉलेजों के दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

आतिशी ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि इन कॉलेजों ने ऑडिट रिपोर्ट भी प्रस्तुत नहीं की है। इन कॉलेजों को प्रदान किया गया धन सार्वजनिक धन है और सरकार करदाताओं के प्रति जवाबदेह है। ये कॉलेज उल्लंघन कर रहे हैं।

सरकार के ऑडिट निदेशालय ने अपनी रिपोर्ट में इन 12 कॉलेजों में से 6 का विशेष ऑडिट शामिल किया है।

यह 2020 में किया गया था। इसमें इन कॉलेजों की गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। इन खामियों में सरकारी खजाने से सैकड़ों करोड़ रुपये का व्यय शामिल है।

इसमें आचार्य नरेंद्र देव कॉलेज, अदिति महाविद्यालय, शहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज, डॉ. भीम राव अंबेडकर कॉलेज समेत कई कॉलेज शामिल हैं।

# संपादकीय

## लोगो सबक लेने को तैयार नहीं

किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि उस तरह के हालात और कारणों से बचने के हर उपाय किए जाएं, ताकि वैसा दुबारा न हो। मगर ऐसा लगता है कि नदियों में यात्रियों सहित नाव डूबने की बार-बार घटनाओं और उसके कारणों के साफ होने के बावजूद लोग उससे सबक लेने को तैयार नहीं हैं। गुजरात के वडोदरा में एक झील में नाव पलट जाने से बारह बच्चों और दो शिक्षकों की डूबने से मौत की घटना ने एक बार फिर यही दर्शाया है कि लापरवाही कायम है और निर्दोष लोगों की जान जा रही है।

वडोदरा के हरणी झील में एक स्कूल के छात्र अपने कुछ शिक्षकों के साथ पिकनिक मनाने गए थे।

जाहिर है, यह सैर-सपाटा और अच्छा वक्त बिताने के लिए आपस में खुशी बांटने का मौका था। मगर इस क्रम में कई स्तर पर जितनी बड़ी लापरवाही बरती गई, उसमें खुशी मनाने का वह मौका एक मातम में बदल गया। गहरे पानी में नाव का संतुलन बिगड़ा और वह पलट गई, जिसमें बारह विद्यार्थी और दो शिक्षक डूब गए। जबकि किसी तरह अठारह छात्रों और दो शिक्षकों को बचा लिया गया।

सवाल है कि जिस नाव की कुल क्षमता महज सोलह लोगों की थी, उस पर करीब दोगुनी संख्या में लोगों को बिठा कर गहरे पानी में ले जाने की छूट किस आधार पर मिली हुई थी और इसकी अनदेखी कर ऐसा करने की इजाजत किसने दी थी! जबकि अगर नियम-कायदे के मुताबिक नाव झील में जा रही हो, तब भी हादसे का जोखिम लगातार बना रहता है।

अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि नाव में सवार कुल दस बच्चों को ही जीवनरक्षक जैकेट पहनाए गए थे। यह किस आधार पर मान लिया गया कि बाकी को इसकी जरूरत नहीं थी? ऐसी घटनाओं के बाद रस्मअदायगी में उच्चस्तरीय जांच और कार्रवाई आदि की घोषणा की जाती है, वह वडोदरा में हुए हादसे के बाद भी हुई।

नाव संचालन से जुड़े एक प्रबंधक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया और कुल अठारह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। मगर अफसोस कि चौदह लोगों की जान जाने के बाद प्रशासन की ओर से दर्शाई जा रही इस सक्रियता का आधा हिस्सा भी अगर अमल में रहता तो यह हादसा ही न होता।

इस तरह का यह कोई पहला हादसा नहीं है। विडंबना है कि किसी भी स्तर पर जोखिम का ध्यान रखना और उसी मुताबिक बचाव के इंतजाम करने को कोई दोयम दर्जे का काम माना जाता है।

खबरों के मुताबिक, वडोदरा की झील में हुए हादसे के वक्त स्थानीय लोगों ने कई बच्चों को बचाया। नावों के संचालन को इजाजत देने वाले संबंधित महकमे और उसके अधिकारियों को यह सुनिश्चित कराना जरूरी क्यों नहीं लगा कि नाव पर सवार हर व्यक्ति को जीवनरक्षक जैकेट पहनाया जाए और हर हाल में नाव के साथ-साथ आसपास पर्याप्त संख्या में गोताखोर, बचावकर्मी मौजूद हों, जो आपात स्थिति में लोगों की जान बचा सकें।

दरअसल, नाव के डूबने के जो भी कारण सामने आए हैं, उससे साफ है कि यह आपराधिक लापरवाही का मामला है। इसमें न केवल नाव के संचालन से जुड़े लोग, बल्कि उसमें सवार होने वाली संख्या, सुरक्षा उपकरणों के अभाव, बचावकर्मियों की गैरमौजूदगी और जोखिम की आशंका जैसी स्थितियों की जानबूझ कर अनदेखी करने वाले वे अधिकारी और कर्मचारी भी जिम्मेदार हैं, जिनका दायित्व होता है कि नियमों पर सौ फीसद अमल सुनिश्चित हो।

## कोचिंग केंद्रों की मनमानी पर अंकुश लगने की जगी उम्मीद

शिक्षा मंत्रालय ने दिशा-निर्देश जारी किया है कि कोई भी कोचिंग केंद्र सोलह वर्ष से कम आयु के बच्चों को दाखिला नहीं देगा।

पूरे देश में कोचिंग केंद्रों की एक समांतर शिक्षण व्यवस्था कायम है, जिस पर कोई तय नियम-कायदा लागू नहीं है। इसी का नतीजा है कि ये केंद्र अपने कारोबारी होड़ में न सिर्फ बढ़-चढ़ कर दावे करते, झूठे और भ्रामक प्रचार-प्रसार करते, बल्कि विद्यार्थियों को अंधी प्रतियोगिता में हांक देते हैं। इसके चलते विद्यार्थियों के मनोबल पर बुरा असर देखा जा रहा है।

उनमें खुदकुशी की प्रवृत्ति बढ़ रही है। कोचिंग केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए बुनियादी सुविधाओं, सुरक्षा उपायों तक का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा जाता। बहुत सारे कोचिंग संस्थान तंग गलियों, छोटे-छोटे कमरों में चलाए जा रहे हैं, जहां किसी हादसे की स्थिति में बचाव का कोई इंतजाम नहीं होता। कुछ जगहों पर आग लगने से विद्यार्थियों की जान जाने का जोखिम पैदा हो गया। इनमें पढ़ाने वाले अध्यापकों की योग्यता का भी कोई मानक तय नहीं होता। ऐसे संस्थान न केवल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराते, बल्कि स्कूली शिक्षा, बोर्ड परीक्षा आदि में अच्छे अंक और रैंक दिलाने का दावा करते हुए भी चलाए जाते हैं। इस तरह प्राथमिक कक्षाओं के बाद ही बहुत सारे विद्यार्थी कोचिंग केंद्रों के आकर्षण में फंसते देखे जाते हैं। इन्हीं शिकायतों के मद्देनजर अब शिक्षा मंत्रालय ने कोचिंग संस्थानों को विनियमित करने का प्रयास किया है।

शिक्षा मंत्रालय ने दिशा-निर्देश जारी किया है कि कोई भी कोचिंग केंद्र सोलह वर्ष से कम आयु के बच्चों को दाखिला नहीं देगा। अगर कोई ऐसा करता है, तो उस पर एक लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ ही वे अच्छे अंक या रैंक दिलाने के भ्रामक दावे भी नहीं कर सकेंगे। इन केंद्रों में स्नातक से कम योग्यता वाले अध्यापकों की नियुक्ति नहीं की जा सकेगी।

ये दिशा-निर्देश एक तरह से कोचिंग केंद्रों पर कानूनी शिकंजा कसने की मंशा से दिए गए हैं। देखने की बात है कि कोचिंग केंद्र इनका कितना पालन करते हैं। दरअसल, कोचिंग केंद्र व्यवस्थित शैक्षणिक संस्थानों के समांतर एक धंधे के रूप में विकसित हुए हैं। इनके लिए सरकार से किसी तरह की मान्यता लेने की जरूरत नहीं पड़ती।

कोई भी व्यक्ति अगर किसी विषय की बेहतर समझ रखता हो, तो वह कोचिंग शुरू कर देता है। अब तो हर शहर में बहुमंजिला और कई शाखाओं वाले कोचिंग संस्थान खुल गए हैं। जिन संस्थानों के नतीजे थोड़े बेहतर हैं, उनमें दाखिले के लिए भीड़ लगती है। राजस्थान के कोटा में तो कोचिंग संस्थानों का एक अलग शहर ही विकसित हो चुका है।

कोचिंग संस्थानों के इस विस्तार में अभिभावकों का भी कम योगदान नहीं माना जा सकता। दसवीं पास करते ही वे अपने बच्चों को इंजिनियरिंग, मेडिकल आदि की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग केंद्रों में दाखिला दिला देते हैं। इस तरह बहुत सारे बच्चों का पंजीकरण तो नियमित स्कूल में होता है, पर वे पढ़ाई के लिए कोचिंग केंद्रों पर जाते हैं।

इस पर रोक लगाने के लिए शिक्षा विभाग ने नियम बनाया था कि नियमित कक्षाओं के वक्त विद्यार्थी कोचिंग नहीं ले सकेंगे। मगर उसका कोई असर नहीं हुआ। कोटा के कोचिंग संस्थानों में खुदकुशी की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर राजस्थान सरकार ने आदेश दिया था कि कोई भी संस्थान साप्ताहिक परीक्षण नहीं करेगा, पर उसका भी कोई प्रभाव नहीं पड़ा। अब शिक्षा मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के बाद कोचिंग केंद्रों की मनमानी पर कुछ अंकुश लगने की उम्मीद जगी है। मगर इस पर कड़ी नजर नहीं रखी गई, तो ये केंद्र फिर कोई गली निकाल लेंगे।

# भारत के शक्ति तत्व की प्राण प्रतिष्ठा

अयोध्या का हर कण हर कोना सज गया है। रातों रात सड़के नयी बन गयीं, दुकानें चौड़ीं हो गयीं, दस दस फीट पीछे कर दीं, आश्रम मठ नये कलेवर नयी सज्जा, नये निर्माण से अलंकृत हो गये, अयोध्या महाराज का महल अयोध्याकालीन महल लगने लगा, राम जन्मभूमि पथ स्वर्गानुकूल भव्यता ले रहा है।

अयोध्या की उन गलियों से गुजरते हुए जहां इन आँखों ने नब्बे बयानबे में हिंदू नेताओं की हिंदू पुलिस द्वारा रक्तरंजित कारसेवक संहार देखा था आज भी सिहरन होती है, आँखें विस्फारित हो कर राम शरद कोठारी के चित्र देखती हैं उनके अधरों से निकले जय सिया राम के स्वर सुनायी देते हैं। मैं यहाँ आते ही मणिरामदास छावनी केप्रमुख, राम आंदोलन के महा सेनापति पूज्य महंत नृत्य गोपाल दास जी से मिला, आशीर्वाद लिया। वे पहचान गये। रामभद्राचार्य जी, पूज्य जयदेव राम जी, सालासर बालाजी के सिद्धेश्वर महाराज, सर्व कार्य प्रमुख चंपत राय, और संपूर्ण राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र के महिमावान प्रमुख संत पूज्य गोविंद गिरि जी महाराज से तो रात्रि साढ़े दस बजे भेंट हुई। रात दिन काम और अविश्राम जीवन। राम जी की शक्ति है।

स्वामी गोविंद गिरि ने ठीक कहा- इस जन्मभूमि को लेने में हिंदुओं को पाँच सौ साल क्यों लगे ? क्योंकि हिंदू के मानस में राष्ट्र तथा धर्म का समन्वय नहीं था। शिवाजी के विरूद्ध औरंगज़ेब के लिये शिव भक्त मिर्जा राजा जय सिंह लड़े, शिवाजी के तेरह सगे संबंधी उनके विरुद्ध मुगल सेना में थे। गत सौ वर्षों में पहली बार विवेकानंद तथा डॉ हेडगेवार ने देश के साथ धर्म का चैतन्य जागृत किया तो राम मंदिर बना। अब काशी और मथुरा सहित अन्य भग्न काराबद्ध आक्रांत मंदिर वापस लिए बिना हिंदू रुकेगा नहीं। अयोध्या का हर कण हर कोना सज गया है। रातों रात सड़के नयी बन गयीं, दुकानें चौड़ीं हो गयीं, दस दस फीट पीछे कर दीं, आश्रम मठ नये कलेवर नयी सज्जा, नये निर्माण से अलंकृत हो गये, अयोध्या महाराज का महल अयोध्याकालीन महल लगने लगा, राम जन्मभूमि पथ स्वर्गानुकूल भव्यता ले रहा है। सब कुछ स्वप्न वत। चिकोटी काटें तब विश्वास हो। हर कोने चौहारे पर आंध्र से लेकर पंजाब दुर्ग्यआणा मंदिर के मुफ्त चाय भोजन के 24 घंटा लंगर चल रहे हैं। हजारों स्त्री पुरुष गोद में बच्चे हाथों में कपड़ों कंबल के थैले लिये चले आ रहें हैं। राम लला से मिलने आयें हैं राम लला व्यवस्था करेंगे।

जिन लोगों ने, हिंदू तथा मुस्लिम दोनों ने राम जन्मभूमि का सत्य जानते हुये भी अंधा अपशब्दयुक्त विरोध किया उनको हिंदुओं से हाथ जोड़कर क्षमा याचना करनी चाहिए। उन्होंने अपने ही रक्त अपने पूर्वजों अपने देश अपने देवताओं अपनी संस्कृति के प्रवाह से विश्वासघात किया। अब स्मृति - जागृत भारत अपने मन और काया पर आघात नहीं सहेगा। स्मृति हर मनुष्य और राष्ट्र के जीवन हेतु अनिवार्य तत्व है। स्मृति हीन देश या व्यक्ति शून्य होता है, भविष्यविहीन और दिशाहीन। अयोध्या में मंदिर नहीं भारत राष्ट्र की स्मृति के जागरण द्वारा नवीन राष्ट्रीय अभ्युदय के शक्ति स्त्रोत की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है।

हर काल में हिंदू का राष्ट्र और धर्म के समन्वय से युक्त जागरण कठिन, प्राय: असंभव और जटिल रहा है। ढाई हज़ार मील दूर अनुल्लेखनीय कस्बे गजनी से एक लुटेरा महमूद प्रभास पाटन आता है, सर्वाधिक महत्वपूर्ण मंदिर तोड़ता है, इतनी बड़ी संख्या में हिंदू स्त्री पुरुष दास बनाकर ले जाता है कि बग़दाद में



गुलामों का मूल्य गिर गया, लूट का सामान अलग ले जाता है। मार्ग में सब हिंदू खड़े हुए?

सुहेलदेव अपवाद हैं। बाक़ी ? कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी का जय सोमनाथ उपन्यास पढ़ा है? उन्होंने उच्च ब्राह्मण कुलोत्पन्न शिव राशि के चरित्र का उल्लेख किया है जो ग़ज़नवी को हिंदू संघ की परमार राजाओं के नेतृत्व में खड़ी सेनाओं से बचाकर सोमनाथ मंदिर के भीतर ले आया था. जीती बाज़ी हिंदू हार गये।

चार सौ वर्ष गोवा पर क्रूर व अमानुषिक अत्याचारों के लिए कुख्यात पुर्तगालियों ने लगातार शासन किया। पणजी में आज भी एक हाथ कातरो खंभ है जहां उन हिन्दुओं के हाथ काटे जाते थे जिनके घर पर तुलसी का पवित्र पौधा पूजित होता था।

उस भयानक काल से गुजर यदि आज हिंदू समाज धर्म और राष्ट्र से जुड़ा दिखता है तो यह आठवाँ आश्चर्य है- हिंदुओं के एक वर्ग या बड़े आचार्यों या हिंदू नामधारी सेकुलरों के हिंदू मंदिर विरोध में कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। ग़ज़नवी से पुर्तगालियों तक उसका देश से विमुख धर्म से विमुख एक स्वार्थी भाव रहा है जिसे पिछली शताब्दी में लाल बाल पाल, विवेकानन्द, अरविंद, दयानंद, सावरकर ने बदला और डॉ हेडगेवार ने उसे एक सैन्य अनुशासन में ढालने का असाधारण अभूतपूर्व कार्य किया. वरना मंदिर की जगह हिंदू सेकुलर शौचालय बनवा रहे होते।

यह भारत की सुप्त विजिगीशु प्रवृत्ति, काल को परास्त करने वाली जिजीविषा और सामूहिक सांगठनिक शक्ति का ऐसा ऐतिहासिक प्रकटीकरण है जो धरातल पर आदि शंकर के बाद या राजनीतिक स्तर पर राज राज चोल, कृष्णदेवराय, उससे पूर्व विक्रमादित्य, अशोक, के बाद कभी संभव हुआ नहीं। दुर्बल, आत्म विस्मृत, समझौतावादी, यही पिछले सेकुलर युग में हिंदू की पहचान थी। उस छवि के टूटने और नवीन साहसी निर्भीक हिंदू के उदय से जन्मी वेदना भारत शत्रुओं को होना स्वाभाविक ही है। ध्यान रहे राम ने पश्चाताप विहीनरावण युग का अंत किया परावण पर का कभी अपशब्दों से तिरस्कार नहीं किया, उसका सम्मान अंतिम संस्कार किया, उसके भाई विभीषण का राज्यारोहण करवाया, लंका को अयोध्या में सम्मिलित नहीं किया।

आज यही मर्यादा पुनरुज्जीवित होती दिखती है। संपूर्ण विश्व में भारत की प्राचीन गौरवशाली धरोहर के प्रति नवीन चैतन्य उभरा है। अनगिनत पुस्तकें भारत की विद्या, महापुरुषों की जीवनियों, प्राचीन नगरों , नदियों, तीर्थों, पर्यटन स्थलों, समुदायों यहाँ तक कि अरुणाचल- मणिपुर- मेघालय में प्राचीन राम कथाओं के पुन:स्मरण- प्रकाशन का रेला दिख रहा है। राम कथा के टेली सीरियल से लेकर राम मंदिर विरोधी नये नये शंकराचार्यों की अपने अपने उद्देश्यों हेतु पादवंदना करते, जातियों के गूढ़ मर्म व अर्थ ढूँढते दिखने लगे हैं। विश्व नवीन आर्थिक व सैन्य शक्ति युक्त भारत की ओर भिन्न एवं सम्मान भाव से देख रहा है। यह अचानक जादू से नहीं हुआ।

स्मृति जागरण पर्व उन अनाम अजान अचीन्हे संस्कृति वीरों महापुरुषों गुरुओं त्यागराज, चैतन्य महाप्रभु, रामानन्दाचार्य, आदि शंकर, गुरु गोविंद सिंह तेग़ बहादुर, बंदा बहादुर के संचित तप, बलिदानों, साधना, काले पानी की जेल में अनजान रह कर मर खप गये सेनानियों की सामूहिक अभीप्साओं का फल है।

आज चन्द्रायण से लेकर मंगल तक की यात्राओं का निर्धारण आस्थावान विश्व विश्रुत भारतीय वैज्ञानिक कर रहे हैं, खेल, चिकित्सा, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, कठिनतम क्षेत्रों को राजमार्गों से जोड़ता भारत, सिंधु सरस्वती सभ्यता के विराटतम आगार के रूप में विश्व के समक्ष स्वयं को प्रस्तुत करने लगा है। विश्व के संपन्नतम आधुनिकतम स्थानों में हिंदू संस्कृति और सभ्यता के उत्कर्ष को दर्शाते मंदिर सैंकड़ों एकड़ों में बन गये हैं जहां वे लोग आकर श्रद्धावनत और विस्मित हो रहें हैं जो कल तक हमारे अध्यात्म की, धरोहर की मजाक उड़ाते थे।

इन सब गतिविधियों में 18 से 30 वर्ष का हिंदुस्तानी है। वह भाजपा समर्थक नहीं भी होगा, संघ से सहमत नहीं भी होगा पर वह एक नये हिंदुस्तान का अन्वेषण कर रहा है, नवीनता का आविष्कार कर रहा है, अपनी जड़ों की पहचान और पश्चिमी औपनिवेशिक दंभ को करारा तीखा आहत करनेवाला उत्तर दे रहा है। न्यूयॉर्क के प्रसिद्ध थिंक टैंक के निदेशक ने इस दृश्य को उद्धृत करके मुझसे कहा था- दिस इंडिया इस अनस्टॉपेबल नाउ- अब इस भारत को कोई रोक नहीं सकता।

यह भारत श्री अरविंद की उस भविष्यवाणी को सत्य सिद्ध कर रहा है कि विश्व को मार्गदर्शन देने वाले शक्तिशाली समर्थ भारत का उदय अवश्यंभावी है। विवेकानंद ने इस स्मृति जागरण अश्वमेध यज्ञ का आरंभ 11 सितंबर 1893 को शिकागो में कर दिया था। कार सेवकों ने अपने रक्त की आहुति से अयोध्या को जगा कर बलिदानी ऊष्मा से भारत ज्योति जलायी और जो भी भारतीय जहां भी था उसके मानस में जो आत्मविश्वास आया वह अवर्णनीय और शब्दातीत है। राजनेताओं को विनम्रतापूर्वक इस पुनर्जागरण पर्व का वंदन करना होगा। अयोध्या सशुल्क धर्मशालाओं होटलों विलासिता के धनी वर्ग और अर्द्ध साक्षर उच्चाधिकारियों के पानी की तरह बहाए पैसे से आप्लावित न होने पाए. नेताओं के अहंकार हूटर, सड़क बंद करवाकर पूजा का दंभ यहाँ न दिखे. गरीब दरिद्र किसान मजदूर झोंपड़ी वाले हिंदू ने अयोध्या की आत्मा बचायी, यहाँ कभी कोई भूखा नहीं सोया, कभी ठंड में सड़क पर नहीं पड़ा। हर आश्रम शरण स्थल बना रहा है। अब अचानक धन वैभव फेंक कर उनको होटल व्यावसायीकरण की ओर धकेलने तथा ग़रीब भक्तों को अवांछनीय और धनियों को सुपात्र समझने वाली अयोध्या न बनने दें। सरकार संस्कृति कार्यों में अपनी भूमिका की नयी सीमा निर्धारित करे।


# शिक्षा, संस्कार और साक्षरता राष्ट्रीय विकास के मुख्य आधार स्तंभ

शिक्षा और संस्कार किसी भी विकसित राष्ट्र की पृष्ठभूमि हो सकते हैं। एक शिक्षित राष्ट्र एक महान राष्ट्र बन सकता है ।सुसंस्कृत देश को एक सभ्य शांत और शालीन राष्ट्र माना जाता है जो वैश्विक शांति स्थापना का पक्षधर होने की दिशा में निरंतर प्रगतिशील होता है। भारत देश की गिनती ऐसे ही सभ्य संस्कारी राष्ट्र के रूप में होती है और ऐसी भावना तथा संकल्पनाओं को हमने कई सोपानों में प्रमाणित भी किया है।

सबसे पहले हमें शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को पहचानना होगाद्य शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैंद्य शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प है। जिसके अंतर्गत पढ़ना लिखना समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक है। साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना उसे इसका कोई संबंध नहीं रह जाता हैद्य साक्षरता सदैव रोजगार मूलक स्त्रियों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता है। शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती हैद्य ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा हैद्य सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है ।पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में हैद्य ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाएद्य शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है ।जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं हैद्य वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण है। महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है। परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता हैद्य पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता हैद्य पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी,साहस की भावना को परिष्कृत करती है।




# कोचिंग केंद्रों की नकेल कसने सख़्त दिशा निर्देश 2024 जारी



कोचिंग केंद्रों के पंजीकरण एवं विनियमन हेतु दिशा निर्देश 2024 जारी-16 वर्ष से कम उम्र के छात्रों की कोचिंग पर बंदिश

केंद्रीय शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के सख़ुती से लागू होने पर कोचिंग केन्द्रों की नकेल कसना तय - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर शिक्षा मानव संसाधन का विकास करने का महत्वपूर्ण अस्त्र है। शिक्षा के बल पर ही हम आधुनिक प्रौद्योगिकी,कोरोना महामारी से लड़ने व अनेक प्राकृतिक विपत्तियों से मुकाबला करने में सक्षम हुए हैं। किसी भी देश को विकसित देश की श्रेणी में पहुंचाने में शिक्षा का महत्वपूर्ण रोल होता है, बशर्ते कि उसे एक सही दिशा दी जाए। एक जमाना था जब शिक्षा निस्वार्थ रूप से प्रदान की जाती थी, उस समय ट्यूशन व कोचिंग क्लासेस का नामोनिशान नहीं था। क्लास में 100 फीसदी उपस्थिति दर्ज होती थी, परंतु समय का चक्र ऐसा चला कि कोचिंग क्लासेस की बाढ़ आ गई। एक-एक शहर में सैकड़ो कोचिंग सेंटर खुलते चले गए,स्कूलों कॉलेजों में उपस्थिति कम होती गई। आज स्थिति ऐसी है कि शिक्षा ग्रहण करने के लिए कोचिंग केंद्र एक अनिवार्य हिस्सा बन गया है,यहीं से कुछ अव्यवस्थाओं का दौर शुरू हुआ जिसका परिणाम बच्चों की आत्महत्या, मनमानी फीस, टॉर्चर, पेपर लीक सहित अनेक अनियमितताओं का दौर शुरू हो गया जिसका परिणाम दिनांक 18 जनवरी 2024 को देर शाम जारी कोचिंग केन्द्रों के पंजीकरण एवं विनियमन हेतु दिशा निर्देश 2024 जारी हुआ, जिसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने देश में कोचिंग प्रणाली को लेकर बड़ा फैसला लिया है। मंत्रालय ने कोचिंग संस्थाओं के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। दिशा निर्देशों में कई अहम बातें कही गई हैं, जिनमें कोचिंग सेंटर में 16 वर्ष से कम उम्र के छात्रों का नामांकन नहीं करना, संस्थाओं द्वारा भ्रामक वादे नहीं करना और रैंक या अच्छे अंक की गारंटी नहीं देना शामिल है ।वैसे शिक्षा क्षेत्र में केंद्र व राज्यों द्वारा अनेक नियम अधिनियम पहले से ही जारी किए गए हैं जैसे राजस्थान सरकार ने कोचिंग संस्थानों में छात्रों के तनाव को कम करने और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए 27 सितंबर 2023 को दिशा निर्देश जारी किए थे। वहीं, राज्य की विधानसभा में कोचिंग संस्थान (नियंत्रण औरविनियमन) विधेयक, 2023 भी लाया जा चुका है। इससे पहले मणिपुर (2017), बिहार (2010), उत्तर प्रदेश (2002), गोवा (2001) और कर्नाटक (2001, 1995 और 1983) में कोचिंग को विनियमित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। वैसे तो शिक्षा में सुधारो के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को भी लागू कर दिया गया है,परंतु फिर भी अनेक अनियमितताएं रह गई थी इसलिए केंद्र सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा उपरोक्त दिशा निर्देश जारी किए गए जिसे सख़ुती से लागू किए जाने का पूरा अंदेशा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों को सख़ुती से लागू होने पर कोचिंग केन्द्रों की नकेल कसना तय है।

साथियों बात अगर हम दिशा निर्देश 2024 में अनिवार्य पंजीकरण की करें तो,दिशा निर्देशों में सबसे पहले कोचिंग केंद्रों के पंजीकरण को लेकर निर्देश हैं। इनमें से कुछ अहम हैं, जैसे- कोई व्यक्ति कोचिंग केंद्र के पंजीकरण कराने के बाद ही कोचिंग प्रदान करेगा या कोचिंग केंद्र स्थापित, संचालित या प्रबंधित करेगा या उसका रख-रखाव करेगा ।तीन महीने की अवधि के भीतर पंजीकरण के लिए आवेदन करना होगा। पंजीकरण की समाप्ति की तारीख से दो महीने पहले पंजीकृत कोचिंग केंद्र को पंजीकरण प्रमाण-पत्र के नवीनीकरण के लिए आवेदन करना होगा। सरकार कोचिंग केंद्र के पंजीकरण को सुविधाजनक बनाने के लिए एक वेब पोर्टल बनाएगी ।सरकार ने अपने दिशानिर्देशों में किसी भी कोचिंग केंद्र के पंजीकरण को लेकर खास शर्तें रखी हैं। जैसे-कोई भी कोचिंग केंद्र स्नातक से कम योग्यता प्राप्त ट्यूटर्स को नियुक्त नहीं करेगा ।अभिभावकों या छात्रों को कोचिंग केंद्र में नामांकन कराने के लिए भ्रामक वादे या रैंक अथवा अच्छे अंकों की गारंटी नहीं देगा। 16 वर्ष से कम आयु के छात्र का नामांकन नहीं करेगा या छात्र का नामांकन माध्यमिक स्कूल परीक्षा के बाद ही किया जाना चाहिए। कोचिंग की गुणवत्ता, सुविधाओं और छात्रों के नतीजों से जुड़े किसी भी दावे से संबंधित कोई भी भ्रामक विज्ञापन नहीं किया जाएगा ।ऐसे किसी भी ट्यूटर या व्यक्ति की सेवाएं नहीं लेगा, जिसे किसी भी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो ।कोचिंग केंद्र के पास ट्यूटर्स की योग्यता, पाठ्यक्रम पूरा होने की अवधि, छात्रावास सुविधाएं (यदि हो) और फीस, कोचिंग करने वाले छात्रों की संख्या और अंतत: उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पाने में सफल छात्रों की संख्या आदि का अपडेटेड विवरण देने वाली एक वेबसाइट होगी।

साथियों बात अगर हम कोचिंग केंद्रों में पाठ्यक्रम के बारे में आचार संहिता की करें तो, दिशा-निर्देशों के साथ कोचिंग केंद्रों के लिए कुछ आचार संहिताएं भी तय की हैं। इनमें अहम हैं जैसे-प्रत्येक कक्षा या बैच में नामांकित छात्रों की संख्या को विवरण पुस्तिका में स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाए और वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाए पाठ्यक्रम की अवधि के दौरान कक्षा या बैच में ऐसे नामांकन में वृद्धि नहीं की जाएगीइंजीनियरिंग और मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के विकल्पों के अलावा छात्रों को अन्य करियर विकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान की जाए ।छात्रों और अभिभावकों को इस बात से अवगत कराया जाएगा किकोचिंग केंद्र में प्रवेश मेडिकल, इंजीनियरिंग प्रबंधन, कानून आदि संस्थानों में प्रवेश या प्रतियोगी परीक्षा में किसी भी तरह से सफलता की गारंटी नहीं है।

कोचिंग केंद्र को मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों के सहयोग से छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में समय समय पर विशेष सत्र आयोजित करने चाहिए ।कोचिंग केंद्र अपने द्वारा आयोजित की गई मूल्यांकन परीक्षा के परिणाम को सार्वजनिक नहीं करेगा ।जारी किए गए दिशा-निर्देशों में सरकार ने कोचिंग संस्थाओं में दी जा रही शिक्षा के तौर तरीकों को भी ध्यान में रखा है। इसके लिए कई प्रावधान रखे गए हैं, जैसे-कोचिंग केंद्र निर्धारित समय में कक्षाएं पूरी करने का प्रयास करेगा ।स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों के उनके संस्थानों के समय के दौरान कोचिंग कक्षाएं आयोजित नहीं की जाएंगी ।पाठ्यक्रम या कक्षा समय सारिणी को इस प्रकार तैयार किया जाना चाहिए कि छात्रों को आराम करने और पढ़ाई के लिए पुन: तैयार होने का समय मिले और उन पर अतिरिक्त दबाव न बने। कोचिंग केंद्र यह सुनिश्चित करेगा कि छात्रों और शिक्षकों को साप्ताहिक अवकाश मिले ।साप्ताहिक अवकाश के अगले दिन कोई मूल्यांकन परीक्षा या अन्य कोई परीक्षा नहीं होगी ।कोचिंग केंद्र इस तरह से कोचिंग कक्षाएं संचालित करेंगे कि यह किसी भी छात्र के लिए अत्यधिक न हो और यह एक दिन में पांच घंटे से अधिक न हो और कोचिंग का समय न तो सुबह बहुत जल्दी हो और न ही शाम को बहुत देर तक हो।

साथियों बात अगर हम फीस को लेकर दिशा निर्देशों की करें तो, दिशानिर्देशों में सरकार ने कोचिंग संस्थाओं में छात्रों से ली जा रही शुल्क पर भी जोर दिया है।

## शार्ट न्यूज

### ललितपुर में पेड़ से गिरकर बुजुर्ग की मौत

ललितपुर। ललितपुर जिले के कस्बा बार में पत्ती तोड़ते समय पेड़ से गिरने के चलते एक बुजुर्ग की मौत हो गई ।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया ।कस्बा बार निवासी 59 वर्षीय गनेश पुत्र पममे दोपहर में बकरियां लेकर गांव के बाहर चराने के लिए गया हुआ था ।शाम को जब वह पेड़ पर चढ़ कर बकरियों को पत्ती तोड़ रहा था ,तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे आ गिरा ।मौके पर मौजूद लोग उसे उठाकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बार ले आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।मृतक के परिजनों ने बताया कि गनेश के तीन पुत्र व एक पुत्री है और वह खेती किसानी कर परिवार का पालन पोषण कर रहा था ।परिजनों ने बताया कि वह दोपहर में बकरियों को लेकर गांव बाहर जंगल मे गए थे ,जब वह पेड़ पर चढ़कर पत्ती तोड़ रहे थे ,तभी अचानक नीचे गिर गए ।थानाध्यक्ष बार ने बताया कि एक बुजुर्ग की पेड़ से गिरकर मौत हुई है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

### कानपुर-प्रयागराज राजमार्ग पर दुर्घटना में महिला की मौत, पुत्र-पुत्री गंभीर

कौशांबी। उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के सैनी थाना क्षेत्र में शनिवार को कानपुर-प्रयागराज राष्ट्रीय मार्ग स्थित अझुवा कस्बा के पेट्रोल पंप के पास कार की टक्कर से बाइक सवार एक अधेड़ महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि उसका बेटा एवं बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए ।पुलिस सूत्रों के अनुसार सैनी थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर कछुआ गांव का नीरज फतेहपुर जनपद के खागा कोतवाली क्षेत्र के अमाव सलेमपुर गांव से अपनी बहन मनीता और अपनी मां सुनीता को बाइक से लेकर अपने गांव लौट रहा था जैसे ही अझुवा पेट्रोल पंप के पास पहुंचा कानपुर की ओर से आ रही एक कार बाइक में टक्कर मार दी।इस दुर्घटना में बाइक सवार सुनीता (46) की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि बाइक चालक उसका बेटा नीरज एवं बेटी मनीता गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस घायल भाई बहन को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है।

### राहुल गांधी सहसों में करेंगे जनसभा

प्रयागराज। मणिपुर से शुरू हुई कांग्रेस की न्याय यात्रा के लिए संगठन को कसने की कवायद शुरू हो गई है।यात्रा सबसे ज्यादा 12 दिन उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से गुजरेगी।पश्चिम यूपी के रोडमैप को तैयार किया जा रहा है।प्रयाग जोन में भी संवाद कार्यक्रम शुरू किए गए हैं।लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भरने और संगठन को मजबूत करने के लिए यात्रा शुरू की गई है।फरवरी के तीसरे सप्ताह में राहुल गांधी की यात्रा प्रयागराज पहुंचेगी।सहसों में राहुल गांधी सभी भी करेंगी।इसकी तैयारी को लेकर शनिवार को वाराणसी में प्रयाग जोन की संवाद कार्यशाला आयोजित की गई।जिसमें प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, सांसद प्रमोद तिवारी, पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, जौनपुर के पूर्व विधायक नदीम जावेद, प्रदेश सचिव सत्यवीर सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनकर, प्रयागराज शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ राहुल गांधी की यात्रा की तैयारी को लेकर संवाद किया गया।

### खनिज विभाग की टीम ने पकड़े ओवरलोड 21 ट्रक

उन्नाव।एक ओर शासन के निर्देश पर लगातार खनिज विभाग की टीम ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई कर रही है, तो वहीं ओवरलोडिंग का धंधा बंद होने का नाम नहीं ले रहा है।सीएम के प्रशासन को सख्त निर्देश दिए थे।हाईवे पर चलने वाले ट्रक क्षमता से अधिक माल ले जाते हैं तो उनके खिलाफ तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाए।इसको लेकर जिला प्रशासन ने पहले हाईवे के दोनों और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान चलाया था। उसके बाद से लगातार ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ अभियान चला रहा है, खनिज विभाग की टीम ने बेहटा मुजवार क्षेत्र में ओवर लोडिंग के खिलाफ अभियान चलाया।इस दौरान 21 वाहनों को पकड़ा है। उधर लगातार प्रशासन की सख्ती के चलते मौरंग माफिया बेचैन है। उन्नाव खनन अधिकारी हेमंत कुमार ने आज खान विभाग की संयुक्त टीम लेकर बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के कुछ होटल ढाबों में आवश्यक छापेमारी कर चोरी छिपे खड़े 21 ट्रैकों को पकड़ा है।जांच के दौरान सभी ट्रकों में ओवरलोड मौरंग गिट्टी पाई गई है।चालकों द्वारा कोई भी कागज ना दिखाने के बाद खनिज इंस्पेक्टर ने सभी वाहनों का ओवरलोड में चालान किया है।करीब नौ लाख से अधिक का चालान किया है।

### कानपुर में पकड़ी 7 करोड़ की हेरोइन

कानपुर।कानपुर पुलिस ने शनिवार को एक किलो हेरोइन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।उसकी पहचान फतेहपुर के रहने वाले मो. रेहान (29) के रूप में हुई है।हेरोइन को वह लखनऊ से लेकर आया था।कानपुर में एक साथी के साथ माल को लेकर दिल्ली जाना था।लेकिन पुलिस ने इंदिरा नगर क्षेत्र से उसे अरेस्ट कर लिया।कल्याणपुर पुलिस व एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने एक शातिर तस्कर को सात करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया।हेरोइन का वजन एक किलो ग्राम है, जिसका बाजार में भाव सात करोड़ रुपये बताया जा रहा है।फिलहाल पुलिस आरोपी से गहनता के साथ पूछताछ कर रही है।पुलिस को कई अहम सुराग मिले हैं।पुलिस व एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन के तहत देर रात इंद्रा नगर के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया था। डीसीपी वेस्ट विजय ढुल ने प्रेस वार्ता में घटना का खुलासा करके बताया कि एक युवक को एक किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया है, जिसकी कीमत सात करोड़ रुपये है।फिलहाल मामले में आरोपी युवक से पूछताछ की जा रही है।

### 3 दिन से गायब महिला का कुएं में मिला शव

फतेहपुर।फतेहपुर में तीन दिन गायब 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला का शव गांव के बाहर कुएं में पड़े होने की जानकारी होने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे।इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।मृतका के बेटे का कहना है कि उसकी मां बीमारी से परेशान थी।इसके चलते ही उसने सुसाइड किया है।मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के मदारीपुर कला गांव का है।यहां रहने वाले स्व. कल्लू लोधी की पत्नी रामश्री 65 वर्ष का शव गांव के बाहर बने कुएं में पड़ा हुआ था।बदबू आने पर ग्रामीणों ने शव देखकर परिवार के लोगों को जानकारी दी।मौके पर पहुंचे महिला के पुत्र पप्पू ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।पुलिस ने कुएं से शव को बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।महिला के पुत्र पप्पू ने बताया कि मां रामश्री के कंधे और शरीर पर असहनीय दर्द बना रहता था।इस कारण से मां ने कई बार जान देने की बात कही थी।17 जनवरी को मां किसी को कुछ बताए कही चली गई।उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी।मां का शव आज गांव के बाहर कुएं में मिला है।

### सिपाही ने सरकरी आवास में की आत्महत्या

एटा।एटा में तैनात एक सिपाही ने आज अपने सरकारी आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।जिससे उसकी आवास में ही मौत हो गई।पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।घटना के बारे में पता तब चला जब सिपाही ड्यूटी पर नहीं पहुंचा।जब उसके आवास पर लोगों ने पता किया तो उसको फांसी के फंदे पर लटका पाया।उस समय आवास के अंदर से कुंडी बंद थी।कुंडी तोड़कर लोग अंदर गए।इसकी सूचना आनन-फानन में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई।तब जाकर पुलिस अधिकारियों ने सिपाही के आवास पर जाकर घटना स्थल का निरीक्षण किया।बताया गया है कि मृतक सिपाही अंकित कुमार लगभग 35 साल का था और 2020 में ये पुलिस में भर्ती हुआ था।2021 में ट्रेनिंग ख़त्म होने के बाद ये उसकी पहली पोस्टिंग थी।अंकित कुमार मुजफ्फरनगर जनपद के भोरखुर्द गांव का रहने वाला था।पुलिस विभाग द्वारा मृतक सिपाही के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# राम मंदिर के नाम पर साइबर फ्रॉड के मामलों पर सख्त हुई योगी सरकार

## प्रदेश के साथ ही अयोध्या पुलिस को सतर्कता बरतने के दिए गए निर्देश

**अयोध्या।** अयोध्या धाम में 22 जनवरी को होने जा रही प्रभु श्रीरामलला विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत साइबर ठग भी सक्रिय हो गए हैं। लोगों के पास रामजन्मभूमि के नाम पर चंदा देने, मुफ्त प्रसाद वितरण के लिए, वीआईपी पास एवं एंट्री पास देने के नाम पर फेक मैसेज भेजे जा रहे हैं।साइबर ठगों की इस सक्रियता को लेकर योगी सरकार ने भी एक्शन की तैयारी की है। पूरे प्रदेश के साथ ही खासतौर पर अयोध्या पुलिस को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में अयोध्या पुलिस ने हाल ही में ऐसे ही एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक भारतीय अमेरिकन नागरिक को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में जेल भी भेजा है।वहीं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा भी इसको लेकर सभी श्रद्धालुओं को सावधान किया गया है।




### श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने किया आगाह

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा इसको लेकर सभी श्रद्धालुओं से अपील की गई है।अपील में कहा गया है कि साइबर ठगों द्वारा लोगो की आस्था का फायदा उठाकर कई तरीकों से साइबर ठगी की जा रही है। इनमें राम मंदिर के नाम पर चंदा लेने के लिए फेक क्यूआर कोड भेजकर, आमजन को मुफ्त प्रसाद वितरित करने के नाम पर, राम मंदिर के दर्शन हेतु वीआईपी पास एवं एंट्री पास देने के नाम पर और राम मंदिर अयोध्या के नाम पर फेक वेबसाइट बनाकर लोगों को मूर्ख बनाया जा रहा है।

### अयोध्या पुलिस ने गिरफ्तार किया बड़ा साइबर ठग

दूसरी तरफ अयोध्या पुलिस ने भी ऐसे मामलों को लेकर जन जागरूकता के लिए अभियान चलाया है।हाल ही ने अयोध्या पुलिस द्वारा एक मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।सीओ सिटी अयोध्या शैलेंद्र सिंह ने बताया कि अभियुक्त के पास अमेरिकन नागरिकता भी है।अभियुक्त पर श्रीराम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा का प्रसाद वेबसाइट व सोशल मीडिया के माध्यम से भारतीय मूल के नागरिकों को 51 रूपए तथा अन्य देश के नागरिकों को 11 डालर में होम डिलिवरी करने तथा प्रसाद के अलावा श्रीराम प्रिन्टेट टी-शर्ट, श्रीराम नाम की चरण पादुका, श्रीराम नाम के झण्डे, गमछा, श्री राम प्रिन्टेट सिल्वर क्वाइन व अन्य वस्तुएं प्रदान करने का झांसा देकर 16 लाख से ज्यादा लोगों को ठगने का मामला दर्ज किया गया था।

# अयोध्या धाम में सभी मंदिर होंगे स्वच्छ

अयोध्या। अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान और इसके बाद मंदिर में उपयोग होने वाले और श्रीचरणों में चढ़ने वाले फूलों के कारण मंदिर परिसर में गंदगी न हो, इसके लिए अयोध्या नगर निगम ने अनूठी पहल की है। इस पहल के तहत अयोध्या धाम के सभी मंदिरों में चढ़े फूलों को प्रॉसेस करके धूपबत्ती बनाई जा रही है।

प्राण प्रतिष्ठा में बड़ी तादाद में चढ़ने वाले फूलों को भी नगर निगम इसी तरह प्रॉसेस करेगा, जबकि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद भी मंदिर परिसर में उपयोग होने वाले फूलों से धूपबत्ती बनाई जाएगी, ताकि मंदिर को न सिर्फ स्वच्छ रखा जा सके, बल्कि फूलों की प्रॉसेसिंग के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार से भी जोड़ा जा सके। एक आंकलन के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के



बाद अयोध्या धाम के सभी मंदिरों से प्रतिदिन 9 मीट्रिक टन फूल वेस्ट रिसाइकिल किए जाने की उम्मीद है, जबकि अभी यह 2.3 मीट्रिक टन ही हो रहा है।

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह के अनुसार प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या जी में हर साल असंख्य तीर्थयात्री आते हैं, जिससे टनों पुष्प अपशिष्ट उत्पन्न होता है।इस पुष्प अपशिष्ट को एकत्र करके इसे प्राकृतिक अगरबत्ती में परिवर्तित किया जाता है।

# रायबरेली से दिल्ली के लिये सीधी उड़ान की बंधी उम्मीद

एजेंसी

**रायबरेली।** नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे उत्तर प्रदेश में अब रायबरेली के लोगों को दिल्ली के लिये सीधी उड़ान की उम्मीद बंधती दिखायी दे रही है।

दरअसल, यह भरोसा लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रत्याशी एवं उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने स्पाइसजेट एयरलाइन के अध्यक्ष अजय सिंह से हुयी बातचीत का हवाला देते हुये दिलाया है। श्री अग्रवाल वर्ष 2014 में कांग्रेस उम्मीदवार सोनिया गांधी के खिलाफ भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं।उन्होने शनिवार को बताया कि इस सिलसिले में उनकी हाल ही में निजी एयरलाइन स्पाइसजेट के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह से विस्तृत बातचीत हुयी है।

प्रबंध निदेशक को बताया गया कि फुरसतगंज एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए उड़ान पकड़ने के लिये हर रोज सैकड़ों यात्री यहां से अमौसी हवाई अड्डे का रुख करते हैं और अगर स्पाइसजेट रायबरेली में फुरसतगंज हवाईअड्डे पर अपनी सेवाये देता है तो न सिर्फ रायबरेली के कारोबारियों की मुश्किलें हल होंगी बल्कि कंपनी को भी आर्थिक लाभ होगा।

### तेंदुए का शव बरामद

बहराइच।उत्तर प्रदेश में जनपद बहराइच के मुर्तिहा रेंज मेंखेत के टीले पर शनिवार सुबह एक तेंदुए का शव बरामद हुआ।तेंदुए के शरीर पर गहरे चोट के निशान भी है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मूर्तिहा रेंज अंतर्गत लालबोझा गांव में स्थित खेत के टीले पर शनिवार सुबह एक तेंदुए का शव पड़ा मिला। उसके शरीर पर गहरे धारदार हथियार से चोट के निशान हैं।ऐसे में तेंदुआ पर किसी ने हमला किया है या वह शिकारियों का शिकार हो गया, इसको लेकर चर्चा चल रही है।पूर्व ग्राम प्रधान मनोज कुमार ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी।ख़बर लिखने तक कोई भी वन कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा था। इस मामले में डीएफओ बी. शिवकुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तेंदुए के मौत की जानकारी मिली है।

# धर्म के राजनीतिकरण से देश प्रभावित : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को कहा कि राजनीति के अपराधीकरण और अपराध के राजनीतिकरण की तरह मौजूदा समय में धर्म का चुनावी स्वार्थ के लिए राजनीतिकरण हो रहा है जिससे देश व जनहित प्रभावित हो रहा है।

उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड के वरिष्ठ पदाधिकारियों तथा ज़िला अध्यक्षों की यहाँ हुई विशेष बैठक में सुश्री मायावती ने कहा कि बसपा ही संवैधानिक आदर्शों व मूल्यों के आधार पर चलने वाली पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष पार्टी है और सभी धर्मों व उनके धार्मिक स्थलों का पूरा-पूरा आदर-सम्मान करके सभी के साथ न्याय का व्यवहार करते हुये सभी के जान-माल व इज्ज़त-आबरू की सुरक्षा की ऐसी गारण्टी



सुनिश्चित करती है कि इसकी दूसरी मिसाल मिलनी मुश्किल है।बसपा की तरह दूसरी राजनीतिक पार्टियों को संविधान व धर्म का सम्मान करते हुये इसका दुरुपयोग नही करना चाहिये, जैसा कि अपने देश में अक्सर देखने को मिलता रहा है और अब तो यह खुलेआम हो रहा है।

उन्होने कहा कि पूर्व में राजनीति के अपराधीकरण, अपराध के राजनीतिकरण की तरह वर्तमान में धर्म का चुनावी स्वार्थ के लिए राजनीतिकरण हो रहा है जिससे देश व जनहित प्रभावित हो रहा है। इसीलिए देश निर्माण में बसपा की विशेष जिम्मेदारी बनती है।

भाजपा सरकार की मुफ्त खाद्यान्न योजना पर एक बार फिर सवालिया निशान लगाते हुये उन्होने कहा कि जबरदस्त महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी से दुखी व पीड़ित देश के लगभग 81 करोड़ से अधिक लोग जीने के लिए सरकारी अन्न के मोहताज हैं यह गम्भीरता से सोचने की बात है। करीब सभी सरकारों द्वारा प्रचार के अन्य माध्यमों से अपार धन खर्च करके जो जनहित व जनकल्याण के बड़े-बड़े दावे किये जाते हैं वे जमीनी हकीकत से बहुत दूर हैं।

# उधारी से बचने के लिए खुद को मारी गोली, मौत

## देनदार को फंसाने के लिए रचा ड्रामा लेकिन इलाज के दौरान दम तोड़ दिया

**मेरठ।** मेरठ में एक शख्स ने उधारी के साढ़े 7 लाख रुपए देने से बचने के लिए खुद को गोली मार ली।लेकिन इलाज के दौरान हफीजुद्दीन की मौत हो गई।इसके बाद हफीजुद्दीन के बेटों ने पैसे देने वाले संजय त्यागी के खिलाफ ही हत्या का मुकदमा दर्ज करवा दिया।

घटना 18 जनवरी की है।इसके बाद सरधाना थाना पुलिस ने शक के आधार पर बेटों से कड़ाई से पूछताछ की मामले में खुलासा हुआ।

पुलिस के मुताबिक 55 साल का हफीजुद्दीन सरधना, महादेव का रहने



वाला था।हफीजुद्दान ने संजय से साढ़े 7 लाख रुपए उधार लिए थे।संजय बार-बार अपने पैसे वापस मांग रहा था। हफीजुद्दीन ने संजय से प्लॉट बेचकर 18 जनवरी को पैसे वापस देने के लिए बुलाया था। लेकिन पुलिस जांच में पता चला कि हफीजुद्दीन के नाम पर कोई प्लॉट ही नहीं था। इसलिए उसने संजय त्यागी को फंसाने और पैसा वापस ना लौटाने के लिए कहानी रची थी।

### खेत में रची थी संजय को फंसाने की साजिश

पुलिस ने बताया कि संजय को फंसाने के लिए हफीजुद्दीन ने अपने खेत में परिवार के साथ मिलकर साजिश रची थी।हफीजुद्दीन ने संजय को खेत में बुलाया और फिर अपनी पत्नी, बेटे, बेटी और मजदूर को दूसरे रास्ते से जाने के लिए कहा था।इसके बाद गन्ने के खेत की आड़ लेकर तमंचे से अपने कंधे पर खुद ही गोली मार ली।फिर तमंचा खेत में फेंक दिया।

गोली चलने की आवाज सुनकर हफीजुद्दीन के बेटे शौकीन और आदिल मौके पर पहुंच गए।इसके बाद बेटों ने हफीजुद्दान को सरधना के सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती करवाया। जहां ज्यादा खून बहने से उसकी मौत हो गई।

# 25 जनवरी को मनाया जाएगा 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी सह उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान द्वारा आज आयोजित बैठक में राष्ट्रीय मतदाता दिवस जनपद स्तर व विधानसभा स्तर पर वृद्ध रुप से मनाये जाने हेतु चर्चा की गई।

अपर जिलाधिकारी सह उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चौहान ने कहा कि 25 जनवरी को जिले के सभी विधानसभा स्तर व समस्त मतदान केंद्रों पर मतदाता शपथ दिलाई जायेगी तथा नये युवा मतदाता को सम्मानित किया जायेगा।मुख्य कार्यक्रम टी0डी0 इन्टर कालेज में 11 बजे से आयोजित है।

नगर के सभी इन्टर व डिग्री कालेज से छात्र छात्राएं अपने कालेज से मतदाता जागरूकता रैली लेकर बैनर के साथ मुख्य कार्यक्रम स्थल टी डी इन्टर कालेज पहुंचेगे, जहाँ पर मतदाता जागरूकता विषय पर रंगोली, मेहंदी व पोस्टर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित होगी, तथा विजेताओं व उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

### नीलगायों ने रौंदी फसल, किसान ने किया सुसाइड

महोबा।महोबा में एक किसान ने फंदा लगाकर अपनी जान दे दी है।बताया जाता है कि उसने कर्ज लेकर करीब 4 बीघे में चने की फसल बोई थी।बीती रात को नीलगायों का झुंड खेत में घुस गया और पूरी फसल को चरकर और रौंदकर बर्बाद कर दिया।सुबह किसान खेत पहुंचा तो उसने झुंड को भगाया, उसके बाद बर्बाद फसल को देखकर खेत में ही पेड़ पर रस्सी से फंदा लगाकर जान दे दी।जब बेटा खेत पहुंचा तो उसने पिता की लाश पेड़ की डाल के सहारे लटकी देखी।किसान के पैर जमीन पर छू रहे थे।उसने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया।पुलिस को सूचना दी गई।पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर मॉर्चरी भिजवाया है।पूरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के दमौरा गांव का है।दमौरा गांव के रहने वाले किसान भन्नू (53) पुत्र कल्लू ने अपनी साढ़े 4 बीघा जमीन में इस बार चने की फसल बोई थी। खेती बाड़ी में उनके तीन बच्चे कंधी(28) के अलावा किशन (14) और शिवम (11) सहयोग करते थे।बड़े बेटे कंधी ने बताया, पापा ने किसान क्रेडिट कार्ड(केसीसी) पर 100000 का कर्ज लेकर फसल बोई थी।फसल अच्छी थी।छुट्टा गोवंशों से फसल को बचाने के लिए चारों तरफ रस्सी भी बांधी गई थी।इससे छुट्टा गोवंश तो खेत में नहीं जा सके।लेकिन करीब 70 से ज्यादा नीलगायों का झुंड रात को मेरे खेत में रस्सियों को कूदकर घुस गया।रातभर पूरी फसल को चरा और घूम घूमकर रौंद डाला।

### कंबल पाने को महिलाओं ने घेरा तहसीलदार का दफ्तर

कौशांबी।कौशांबी की चायल नगर पंचायत में तहसीलदार को भीषण ठंड में कंबल का वितरण करने बवाल-ए-जान बन गया। कंबल पाने की आस में अफसर के पीछे करीब 150 महिलाएं तहसील चायल पहुंच गई।महिलाओं ने यहाँ तहसीलदार का दफ्तर घेर कंबल की मांग शुरू कर दी है।अफसरों ने कोई ठोस जवाब न मिलने कर भीषण ठंड में महिला अपने बच्चो के साथ तहसीलदार के दफ्तर को घेर कर बैठी है।उनका कहना है कि जब तक अफसर उन्हे कंबल नहीं देंगे तब तक वह यहाँ से जाने वाली नहीं है।

# उन्नाव में सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

## हरदोई से घर लौट रहा था युवक, अज्ञात वाहन ने रौंद दिया

उन्नाव।उन्नाव में शुक्रवार की देर रात अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के पास मिले डॉक्यूमेंट से उसकी पहचान करके परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन ने शव देखकर चीखने चिल्लाने लगे।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना उन्नाव-हरदोई मार्ग पर उत्मानपुर गांव के पास की है।

सफीपुर थाना क्षेत्र के उनवा गांव के रहने वाले प्रेम चंद्र का बेटा लवलेश कुमार (25) हरदोई में मजदूरी करता था।बीती रात वह बाइक से हरदोई से अपने घर उनवां जा रहा था।फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में उत्मानपुर गांव के निकट वह पहुंचा था।तभी सड़क गड्ढे से बचने के प्रयास में अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

युवक को सड़क पर पड़ा देख राहगीरों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### परिजनों की तहरीर पर होगी कार्रवाई

लवलेश दो भाइयों में छोटा था।मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था।लवलेश की मौत की खबर मिलने पर मां और पत्नी रो-रोकर बेहाल हैं। प्रभारी निरीक्षक राजेश पाठक ने बताया कि जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की गई है।परिजनों की तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संभल में लाखों की चोरी का खुलासा : अंतर्राज्यीय चार चोर गिरफ्तार

## यारा फर्टिलाइजर में हुई थी चोरी एक लाख कैश, जेवर बरामद

**संभल।** संभल की यारा फ़र्टिलाइज़र के आवासीय परिसर में चोरी करने वाले चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

11 दिसंबर 2023 को चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था, गिरफ्तार किए गए चारों चोर मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं, पुलिस ने सोने-चांदी के आभूषण के साथ 26 चीजों को बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने जनपद संभल के थाना रजपुरा क्षेत्र के यारा फर्टिलाइजर में हुई चोरी की घटना का जनपद संभल के बहजोई मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में खुलासा किया है।पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के



नाम नानका पुत्र नानभू निवासी गांव जाली, जितेन पुत्र राय सिंह, आजम पुत्र बाय सिंह एवं दुलिये पुत्र ज्ञान सिंह निवासी गांव बगोली थाना टांडा जिला धार, मध्य प्रदेश है।

पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करने के बाद गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्तों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया है।जहां सुनवाई करने के बाद चोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से चार तमंचे 315 बोर, आठ जिंदा कारतूस, सोने-चांदी के जेवरात सहित कुल 26 चीजों को बरामद किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि हम लोग इंटरनेट के माध्यम से प्लांट एवं फैक्ट्री को चिन्हित करते हैं और रात्रि 12 बजे से भोर 04 बजे के मध्य चोरियां करते हैं, अर्टिगा गाड़ी को 10 12 किलोमीटर दूर छोड़ दिया था और उसके बाद हम लोग फैक्ट्री के बाहर से जा रही सड़क के किनारे फैक्ट्री की दीवार पर लगे तारों को कटर से काटकर उसके अंदर घुस गए और आवासीय परिसर में जिन घरों के तले बनते उन घरों में नगदी एवं जेवरात को चोरी कर लिया, सामान को चोरी करने के बाद फैक्ट्री के पास एक सुनसान जगह में छुपा दिया।

# शादी का झांसा देकर युवक ने बनाया युवती का अश्लील-वीडियो

**मैनपुरी।** मैनपुरी में युवती को प्रेम संबंधों में फंसाकर उसकी अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने का मामला सामने आया है। युवती का आरोप है कि शादीशुदा युवक उसकी अश्लील फोटो और वीडियो वायरल कर उसकी शादी नहीं होने दे रहा है। पुलिस ने युवती की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी फरार है। मामला करहल थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। करहल थाना क्षेत्र की युवती ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है।जिसमें उसने बताया कि मोहल्ले का युवक उसे बातों के जाल में फंसा कर उसके अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए।अब उन वीडियो को मोहल्ले के लड़कों को दिखाकर उसकी बदनामी कर रहा है। वह उसको झांसा देकर सैफई के होटल में भी ले गया। जहां उसने उसके साथ फोटो और वीडियो बनाई।वायरल ना करने के लिए कहा तो वह कुछ दिन शांत रहा। उसके बाद इंस्टाग्राम पर मैसेज करके उसे फिर बदनाम करने लगा।पीड़िता ने बताया कि वह दलित है और युवक पहले से ही शादीशुदा है। आरोपी वीडियो और फोटो वायरल कर उसकी शादी नहीं होने दे रहा है।पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर दलित उत्पीड़न, फोटो वीडियो वायरल करने और धमकी देने की सुसंगत धाराओं में युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# शार्ट न्यूज

## सेल के दो निदेशक सहित 28 अधिकारी निलंबित

नयी दिल्ली। केंद्रीय इस्पात मंत्रालय ने सरकारी इस्पात कंपनी सेल के निदेशक (वाणिज्यिक) वी.एस. चक्रवर्ती और सेल के निदेशक वित्त ए.के. तुल्सीआनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मंत्रालय ने इस सम्बंध में कल परिपत्र जारी किया था। सेल ने शनिवार को यहां जारी बयान में बताया कि इसके अलावा मंत्रालय के निर्देशों का पालन करते हुए कंपनी के बोर्ड स्तर से नीचे के 26 अधिकारियों को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह मामला लोकपाल के निर्देशानुसार की जा रही कुछ जांचों से संबन्धित है। इस मामले पर सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा, कंपनी का कारोबार सामान्य रूप से चल रहा है और इससे कंपनी के प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हम कॉर्पोरेट प्रशासन और नैतिक आचरण के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए समर्पित हैं। सेल गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि पर ध्यान केंद्रित करते हुए उद्योग में मजबूती से खड़ा है।

## कोटक बैंक का मुनाफा 8 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई। निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने दिसंबर 2023 में समाप्त तिमाही में 3005 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 2792 करोड़ रुपये की तुलना में 8प्रतिशत अधिक है। बैंक ने आज शेयर बाजार को बताया कि 31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 6553 करोड़ रुपये रही है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। बैंक द्वारा विभिन्न मदों के लिए प्रावधानों में भारी वृद्धि देखी गयी है। तीसरी तिमाही में इस मद में 579 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जबकि एक वर्ष पहले तीसरी तिमाही में यह राशि 149 करोड़ रुपये थी। बैंक का सकल एनपीए इस तिमाही में 1.73 प्रतिशत रहा जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 1.90 प्रतिशत रहा था। इस दौरान शुद्ध एनपीए 0.34 प्रतिशत रहा है जबकि एक वर्ष पहले यह 0.43 प्रतिशत रहा था।

## 2042 तक पड़ेगी 2,500 नए विमानों की जरूरत

नई दिल्ली। विंग्स इंडिया 2024 में एयरबस के बाद अब दिग्गज विमान निर्माता बोइंग ने दावा किया है कि जिस तरह हवाई यात्रियों की संख्या बढ़ रही है, भारत को 2042 तक 2,500 से अधिक विमानों की जरूरत पड़ेगी। बोइंग कॉमर्शियल मार्केटिंग के वाइस प्रेजिडेंट डारेन हल्स्ट ने शुक्रवार को कहा, बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, दक्षिण एशियाई वाहकों को अगले दो दशकों में अपने बेड़े के आकार को चौगुना करने का अनुमान है। इसके लिए उन्हें 2,705 से अधिक नए हवाई जहाजों की आवश्यकता होगी। 2042 तक इसमें से तकरीबन 92 प्रतिशत से अधिक या 2,500 के करीब विमानों की जरूरत अकेले भारतीय विमानन कंपनियों को होगी। साथ ही 2,300 से अधिक एकल गलियारे वाले और लंबी दूरी के लिए लगभग 400 चौड़े आकार वाले विमानों की आवश्यकता होगी। बोइंग के मुताबिक दक्षिण एशिया में सिर्फ भारत ही एक बड़ी अर्थव्यवस्था है जो घरेलू व अंतरराष्ट्रीय दोनों श्रेणियों में कोरोना से पहले वाली मांग के स्तर पर पहुंचा है। यह बाजार में हवाई यात्रा का महत्व और भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत को दर्शाता है।

## योगी सरकार ने दी डिफेंस कॉरिडोर के लिए 45.18 करोड़ रुपये को मंजूरी

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार डिफेंस कॉरिडोर लखनऊ नोड के लिए राजधानी में 35.67 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित करेगी। शुक्रवार को औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नन्दी ने भूमि अधिग्रहण के लिए 45.18 करोड़ के धनराशि की स्वीकृति दे दी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को तीव्र गति प्रदान करने के साथ ही उत्तर प्रदेश डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना को भी विस्तारित किया जा रहा है। जिसके तहत यूपी डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना लखनऊ नोड में 35.67 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित करने के लिए 45.18 करोड़ की धनराशि स्वीकृति की गई है। जिसके जरिये भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई को पूरा किया जाएगा। गौरतलब है कि यूपी डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना लखनऊ नोड के 80 हेक्टेयर भूमि पर ब्रह्मोस मिसाइल की यूनिट स्थापित की जा रही है। जिसका काम तेजी से चल रहा है। वहीं 20 हेक्टेयर भूमि पर एयरोस्पेस एवं चंद्रयान आदि का पार्ट बनाने वाली कम्पनी एरोनॉय को स्थापित करने का कार्य चल रहा है।

## चीनी निवेश प्रतिबंध में ढील संभव

अगर भारत और चीन की सीमा पर शांति रहती है तो सरकार चीन से आने वाले निवेश पर लगे प्रतिबंध कम कर सकती है। यह जानकारी उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग के सचिव राजेश कुमार सिंह ने दी। चीन पर चार साल से प्रतिबंध जारी है। स्विट्जरलैंड के दावोस में चल रहे विश्व आर्थिक मंच की बैठक में सिंह ने रॉयटर्स से कहा कि दोनों एशियाई देशों के बीच सीमा तनाव कम हो गया है। इससे निवेश संबंधों में सुधार हो सकता है। साल 2020 में भारत ने अपनी सीमा से सटे देशों की कंपनियों के निवेश पर जांच कड़ी कर दी थी और सुरक्षा मंजूरी संबंधी कई शर्तें जोड़ दी थीं। इस कदम को व्यापक रूप से 3,800 किलोमीटर (2,400 मील) लंबी विवादित हिमालयी सीमा पर चीनी और भारतीय सैनिकों के बीच हुई झड़प के दुष्परिणाम के रूप में देखा गया था। इन प्रतिबंधों ने दोनों देशों के बीच अरबों डॉलर के निवेश पर रोक लगा दी। इसकी वजह से चीनी वाहन निर्माता बीवाईडी और ग्रेट वॉल मोटर की कई परियोजनाएं लंबित हैं। सिंह ने कहा, 'अब जब हमारे संबंध सुधरने लगे हैं तो मुझे लगता है कि निवेश नियमों में भी ढील दी जाएगी क्योंकि अब सीमा पर हालात स्थिर हैं।'

## ऑनलाइन निगरानी व्यवस्था लागू होने से नवंबर में घटा लैपटॉप-पीसी का आयात

इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर के आयात पर 1 नवंबर से ऑनलाइन निगरानी शुरू होने के बाद लैपटॉप और टैबलेट का आयात घट गया है। नवंबर में लैपटॉप और टैबलेट का आयात 17 फीसदी घटकर 22.5 करोड़ डॉलर रह गया, जो 9 महीने में सबसे कम आंकड़ा था। वाणिज्य विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार चीन से आयात में 14 फीसदी, सिंगापुर से 43.7 फीसदी और हॉन्ग कॉन्ग से होने वाले आयात में 27.4 फीसदी गिरावट आई है। देश में आयात होने वाले कुल इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर में चीन की हिस्सेदारी करीब 83 फीसदी है। पर्सनल कंप्यूटर के अलावा निगरानी प्रणाली की सूची में शामिल डेटा प्रोसेसिंग यूनिट या सर्वर जैसे अन्य प्रमुख उत्पादों का आयात भी नवंबर में 31.8 फीसदी घटकर 14.02 करोड़ डॉलर रह गया। चीन से ऐसे उत्पादों के आयात में 8.8 फीसदी की गिरावट आई है और अमेरिका से आयात 3.6 फीसदी घटा है। पिछले साल 3 अगस्त को केंद्र सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी हार्डवेयर सेगमेंट में लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कंप्यूटर, अल्ट्रा-स्मॉल फैक्टर कंप्यूटर तथा सर्वर जैसे उत्पादों को 'प्रतिबंधित' श्रेणी के अंतर्गत लाने की योजना का ऐलान किया था।

## कमाई और शेयर मूल्यांकन में बढ़ा अंतर

निफ्टी आईटी सूचकांक बीते शुक्रवार को 5.14 फीसदी चढ़ा था, जो जुलाई 2020 के बाद सूचकांक में आई एक दिन में आई सबसे बड़ी तेजी है। इसके बाद सोमवार को लगातार दूसरे सत्र में आईटी सूचकांक 1.9 फीसदी और उछल गया। इससे देश की शीर्ष 10 आईटी कंपनियों की शेयर कीमतों का आकलन करने वाला सूचकांक बीते दो सत्र में 7.1 फीसदी चढ़ गया। आईटी सूचकांक में सबसे बड़ी तेजी ऐसे समय में आई है जब देश की चार शीर्ष आईटी कंपनियों के तिमाही नतीजे पांच साल में सबसे कमजोर रहे हैं। इसकी तुलना में शीर्ष चार आईटी फर्मों के सालाना आधार पर कुल तिमाही मुनाफे में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के 2005 में सूचीबद्ध होने के बाद से केवल तीन बार गिरावट आई है। इससे आईटी कंपनियों के शेयरों के मूल्यांकन और उनके वित्तीय प्रदर्शन के बीच बड़ा अंतर आ गया है। आंकड़ों से दीर्घावधि में शीर्ष चार फर्मों की आय वृद्धि और एबिटा मार्जिन में गिरावट का पता चलता है।

# शक्कर में उठाव कमजोर, खाद्य तेलों में नरमी, दलहनों में गिरावट, दाल- चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में उठाव कमजोर रहा। खाद्य तेलों में मांग सुस्ती से नरमी दर्ज की गई। आज सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। तिलहन मजबूत बताए गए। दलहनों में गिरावट रही। दाल तथा चावल में उठाव बताया गया।

### किराना बाजार

सियागंज किराना बाजार में शक्कर में उठाव कमजोर रहा। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा बूरा तथा खोपरा बूरा में लिवाली रही। साबूदाना, हल्दी, खोपरा गोला में पूछपरख बताई गई।

### तेल-तिलहन

खाद्य तेलों में लिवाली सुस्ती से भाव गिरावट लिए रहे। आज सोयाबीन रिफाइंड में 10 रुपये की नरमी दर्ज की गई। तिलहनों में मजबूती दर्ज की गई।

### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहनों के भाव गिरावट लिए बताए गए। आज तुअर 300 रुपये सस्ती बिकी। दालों में उठाव ? सुधार लिए रहा। चावल में मांग रही।

### किराना

शक्कर 3860 से 3900 रुपये प्रति क्विंटल।
खोपरा गोला 110 से 140 रुपये प्रति किलोग्राम।
खोपरा बूरा 2350 से 4000 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 140 से 270 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना



6000 से 6700, पैकिंग में 7000 से 7100 रुपये प्रति क्विंटल।

### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6300 से 6500, सोयाबीन 4700 से 4750 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल इंदौर 1560 से 1580, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 900 से 905, साल्वेंट 850 से 855, पाम तेल 895 से 900 रुपये प्रति 10 किलो।
चना (कांटा) 5650 से 5700, चना विशाल 5550 से 5600, मसूर 6050 से 6100, तुअर निमाड़ी 8800 से 9800, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 9900 से 10200, तुअर (कर्नाटक) 10100 से 10400, मूंग 8600 से 9600, मूंग हल्की 7000 से 8000, उड़द 8200 से 8700, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

### दाल

चना दाल 7400 से 7900, तुअर दाल सवा नंबर 12500 से 12600, तुअर दाल फूल 13900 से 14000, तुअर दाल बोल्ड 15000 से 15100, आयातित तुअर दाल 11400 से 11500, मसूर दाल 7400 से 7700, मूंग दाल 10200 से 10500, मूंग मोगर 10700 से 11000, उड़द दाल 10600 से 10900, उड़द मोगर 11000 से 11300 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 9500 से 10000, दुबार 8500 से 9000, मिनी दुबार 7500 से 8000, मोगरा 4200 से 6500, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1690 से 1700, आटा 1610 से 1620, चना बेसन 3775 से 3800 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# आईसीआईसीआई बैंक का मुनाफा 23.6 प्रतिशत बढ़कर 10272 करोड़ रुपये हुआ

नई दिल्ली। आईसीआईसीआई बैंक ने शनिवार को दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही के नतीजे जारी किए। इन नतीजों के अनुसार बैंक का टैक्स के बाद लाभ सालाना आधार पर 23.6 प्रतिशत बढ़कर 10,272 करोड़ हो गया है, जो जानकारों की ओर से लगाए गए अनुमान 9,981 करोड़ रुपये से अधिक है।
बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) पिछले वर्ष की तीसरी तिमाही के 16,465 करोड़ से सालाना आधार पर 13.4 प्रतिशत बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में 18,678 करोड़ हो गई। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बैंक का




नेट इंट्रेस्ट मार्जिन 4.43 प्रतिशत रहा। इसी वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में यह 4.53 प्रतिशत जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में यह 4.65 प्रतिशत था।
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड ने भी शनिवार को दिसंबर में समाप्त तिमाही के नतीजे जारी किए। इसके अनुसार बैंक के शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 57.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1,458.20 करोड़ रुपये हो गया।
निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने शनिवार को बताया कि उसके निदेशक मंडल ने एनसीडी के जरिये 10,000 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाने को मंजूरी दे दी है। कोटक महिंद्रा बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कोटक महिंद्रा बैंक के निदेशक मंडल ने 10,000 करोड़ रुपये तक के असुरक्षित, भुनाने योग्य, गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के रूप निजी नियोजन के आधार पर धन जुटाने की मंजूरी दी है। बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद कहा कि एनसीडी वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान एक या अधिक किस्तों में जारी किए जाएंगे, जो शेयरधारकों और अन्य मंजूरियों के अधीन होगा।

## अमेरिकी टेक कंपनी के भारतीय मूल के सीईओ की स्टेज शो के दौरान हुए हादसे के बाद मौत

नई दिल्ली। अमेरिका में रहने वाले भारतीय सीईओ और एक बहुराष्ट्रीय सॉफ्टवेयर कंपनी के संस्थापक की गुरुवार रात हुए रामोजी फिल्म सिटी (आरएफसी) में एक कॉर्पोरेट कार्यक्रम के दौरान लोहे के पिंजरे का कोंटरापशन गिरने से मौत हो गई और इसके अध्यक्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा विस्ट्रेक्स एशिया पैसिफिक प्राइवेट लिमिटेड के सिल्वर जुबली कार्यक्रम के दौरान हुआ। इलिनोइस स्थित सीईओ संजय शाह (56) का हैदराबाद में एक अस्पताल में निधन हो गया, जबकि कंपनी के अध्यक्ष विश्वनाथ राजू डाटला जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। विस्ट्रेक्स ने आरएफसी में अपने कर्मचारियों के लिए कमरे बुक किए थे और दो दिनों में रजत जयंती समारोह आयोजित करने की योजना बना रहा था। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा, शाह और राजू को पिंजरे से मंच पर उतारा जाना समारोह की शुरुआत करने के लिए पहले से तय कार्रक्रम था। उसी दौरान हादसा हो गया। यह दुर्घटना शाम सात बजकर 40 मिनट पर हुई जब शाह और राजू को रस्सियों की मदद से लोहे के पिंजरे में ऊंचाई से नीचे मंच पर लाया जा रहा था। अचानक, पिंजरे से जुड़े दो तारों में से एक टूट गया। दोनों 15 फीट से अधिक नीचे कंक्रीट के मंच पर गिर गए। अब्दुल्लापुरमेट पुलिस स्टेशन के सब-इंस्पेक्टर डी करुणाकर रेड्डी ने मीडिया को को बताया, इससे कई चोटें आईं। दुर्घटना के समय, संगीत बजाया जा रहा था और शाह और राजू नीचे उतरते समय अपने कर्मचारियों की ओर हाथ हिला रहे थे। हादसे के बाद उन्हें एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया और बाद में हालत बिगड़ने पर एक कॉरपोरेट अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। थोड़ी देर बाद शाह की मौत हो गई।

# जियो ट्रू 5जी से जुड़े 9 करोड़ से अधिक ग्राहक

### नेटवर्क पर डाटा खपत बढ़कर 38.1 अरब जीबी पहुंची

नई दिल्ली। रिलायंस जियो के ट्रू5जी नेटवर्क से 9 करोड़ से अधिक ग्राहक जुड़ गए हैं। इसे रिलायंस ने अक्तूबर, 2022 में लॉन्च किया था।
रिलायंस इंडस्ट्रीज ने तीसरी तिमाही के नतीजे जारी कर बताया, जियो नेटवर्क पर कुल डाटा खपत 31.5 फीसदी बढ़कर 38.1 अरब जीबी पहुंच गई। नेटवर्क पर बात करने का समय भी बढ़कर 1.37 लाख करोड़ मिनट हो गया है।
तीसरी तिमाही में जियो का लाभ 12.2 फीसदी बढ़कर 5,208 करोड़ रुपये पहुंच गया।
रिलायंस इंडस्ट्रीज को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 17,265 करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ है। यह एक साल पहले की समान अवधि के 15,792 करोड़ की तुलना में 9 फीसदी अधिक है। हालांकि, दूसरी तिमाही के 17,394 करोड़ की तुलना में कम है।
पेटीएम की कंपनी वन97 कम्यूनिकेशन को 221.7 करोड़ का घाटा हुआ है। एक साल पहले यह 392.10 करोड़ था। कंपनी का राजस्व 38 फीसदी बढ़कर 2,850.5 करोड़ रहा है। इस अवधि में कंपनी ने 15,535 करोड़ का कर्ज बांटा है। बोर्ड ने गिफ्ट सिटी में 100 करोड़ के निवेश को मंजूरी दी है।

# राजकोषीय घाटा कम करने पर रह सकता है सरकार का जोर

नई दिल्ली। अर्थशास्त्रियों पर रॉयटर्स की ओर से किए गए एक पोल के अनुसार पूंजीगत व्यय को सर्वकालिक उच्च स्तर पर उठाने के बावजूद भारत सरकार 2024-25 वित्तीय वर्ष में कम घाटे का लक्ष्य रखेगी। अर्थशास्त्रियों का यह भी मानना है कि बुनियादी ढांचे में निवेश सरकार की प्राथमिकता बनी रहेगी। चुनावी वर्ष में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीसरे कार्यकाल के कयास लगाए जा रहे हैं अंतरिम बजट से लोकलुभावन उपायों और राजकोषीय विवेक के बीच संतुलन बनाने की उम्मीद की जा रही है।

### राजकोषीय घाटे को अगले वित्तीय वर्ष में 4.5 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य

सरकार 2025-26 वित्तीय वर्ष के अंत तक राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.50 प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है, जो चालू वर्ष में मार्च 2024 के अंत तक 5.90 प्रतिशत है। 41 अर्थशास्त्रियों पर 10 से 19 जनवरी के बीच हुए पोल से पता चला है कि 1 फरवरी को पेश होने वाले बजट में 2024-25 में जीडीपी के प्रतिशत के रूप में राजकोषीय घाटे को 5.30 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य रखा गया है। सर्वे के अनुसार 2025-26 में 4.5 फीसदी के घाटे के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कुल व्यय में औसतन प्रति वित्त वर्ष सात फीसदी से अधिक की वृद्धि की जरूरत नहीं होगी।

### अगले वित्तीय वर्ष में पूंजीगत व्यय 15 प्रतिशत बढ़कर 11.50 ट्रिलियन रुपये होने का अनुमान

ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स के प्रमुख अर्थशास्त्री एलेक्जेंड्रा हरमन ने कहा, आने वाले वर्षों में व्यय में और भी आक्रामक कटौती की संभावना है। पूंजीगत खर्च पहले ही इस वित्तीय वर्ष में 33 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 10 ट्रिलियन रुपये (.120 बिलियन) हो गया है और निजी निवेश में वृद्धि की उम्मीद के साथ अगले वित्तीय वर्ष में इसके 15 प्रतिशत बढ़कर 11.50 ट्रिलियन रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।

### मानव संसाधन में सुधार के लिए सरकार शिक्षा पर खर्च को दे सकती है प्राथमिकता

हरमन ने कहा, निजी निवेश चक्र को पुनर्जीवित करने के लिए भारत के बुनियादी ढांचे में निरंतर और तेजी से सुधार सर्वोपरि होगा। भारत की विशाल क्षमता का लाभ उठाने और मध्यम से लंबी अवधि में सतत और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए, मानव संसाधन में सुधार करने की आवश्यकता होगी, यही कारण है कि शिक्षा पर खर्च सरकार की मुख्य प्राथमिकता होनी चाहिए।

### अर्थशास्त्रियों का मत- बुनियादा ढांचा निवेश पर बना रहेगा सरकार का जोर

लगभग सभी अर्थशास्त्रियों (34) ने कहा कि बुनियादी ढांचा निवेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी, इसके बाद ग्रामीण विकास पर 17 और रोजगार सृजन को 16 अर्थशास्त्रियों ने सर्वोच्च प्राथमकता का क्षेत्र बताया। घाटे पर ध्यान केंद्रित करने के साथ कल्याणकारी योजनाओं में और अधिक इजाफे की उम्मीद कम है इसके 15.60 ट्रिलियन रुपये की सकल उधारी चालू वित्तीय वर्ष की तरह अपरिवर्तित रहने का अनुमान है।

# अयोध्या में रामायण, नोएडा में महाभारत की थीम पर बनेगा मनोरंजन पार्क, बदल रही पार्कों की थीम

सप्ताहांत में अपने परिवार के साथ मनोरंजन पार्कों में जाकर समय बिताना लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा है। यहां बच्चों को झूले और अन्य खेलों का आनंद मिल जाता है, तो बड़ों को खुले में बैठने और बातचीत करने और खाने-पीने का मजा मिलता है। मनोरंजन पार्कों में लोगों की इसी पसंद को ध्यान में रखकर सुविधाएं विकसित की जाती हैं। लेकिन देश में अब आध्यात्म की थीम पर पार्क-गेम जोन विकसित करने की सोच बढ़ रही है। लोगों की इसी पसंद को ध्यान में रखते हुए नोएडा में महाभारत थीम पर मनोरंजन पार्क विकसित किया जा रहा है, तो जल्द ही अयोध्या के आसपास रामायण की थीम पर पार्क विकसित करने की योजना है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसके पहले ही नोएडा में वेद वन पार्क का उद्घाटन कर चुके हैं, जो लोगों के बीच खूब लोकप्रिय हो रहा है।
इंडियन एसोसिएशन ऑफ एम्यूजमेंट पार्क्स एंड इंडस्ट्रीज के चेयरमैन श्रीकांत गोयनका ने अमर उजाला से कहा कि 2014 के बाद से ही केंद्र सरकार लगातार आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है। वाराणसी में काशी विश्वनाथ, उज्जैन में महाकाल मंदिर के विकास और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से पूरे देश में लोगों का आध्यात्मिक गतिविधियों के प्रति रुझान बढ़ा है। धार्मिक पर्यटन भी लगातार नई ऊंचाई को प्राप्त कर रहा है।
इसी क्रम में लोग अब अपने परिवार के साथ ऐसे पार्क या एम्यूजमेंट जोन में जाना पसंद कर रहे हैं, जहां उन्हें आध्यात्मिक अनुभूति के साथ मनोरंजन भी मिले। इससे बच्चों को अपनी संस्कृति की जानकारी मिलती है और उनका मनोरंजन भी हो जाता है। साथ ही वयस्कों को भी ध्यान लगाने की विधियों के बारे में जानने को मिलता है। यही कारण है कि अब उन्हें लगातार ऐसे थीम आधारित पार्क या एम्यूजमेंट जोन बनाने के ऑर्डर लगातार मिल रहे हैं।

### महाभारत जोन में बच्चों के लिए यह होगा खास

श्रीकांत गोयनका ने कहा कि नोएडा की एक बेहद हॉट लोकेशन पर महाभारत की थीम पर आधारित पार्क-एम्यूजमेंट जोन विकसित किया जा रहा है। यहां आकर बच्चों को ऐसे जोन में खेलने का अनुभव मिलेगा, जहां भगवान कृष्ण वर्चुअल तरीके से गीता का ज्ञान देते दिखाई पड़ेंगे। साइंस पार्क की थीम पर बच्चों को एक ऐसे विशेष जोन में खेलने का अनुभव मिलेगा, जिसमें वे प्राचीन योद्धाओं की तरह स्वयं एक खिलाड़ी बनकर प्राचीन युद्ध शैली में लड़ाई करने का वर्चुअल अनुभव ले सकेंगे। पूरा परिसर महाभारत कालीन थीम पर आधारित है। ये बेहद आकर्षक होगा। अगले दो साल के अंदर यह एम्यूजमेंट जोन विकसित कर दिया जाएगा।

### अयोध्या में रामायण की थीम पर होगा पार्क

अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के साथ ही पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि होने का अनुमान है। इसमें घरेलू से लेकर अंतरराष्ट्रीय पर्यटक भी शामिल होंगे। इसे देखते हुए अयोध्या के परिसर के आसपास रामायण की थीम पर रामायण पार्क-एम्यूजमेंट जोन विकसित किया जाएगा। इसी प्रकार की योजना काशी-उज्जैन को लेकर भी बनाई जा रही है और आने वाले समय में इस तरह के कई प्रोजेक्ट सामने आ सकते हैं।

### मॉल में भी थीम बदल रही

आजकल मॉल्स में घूमना और खरीदारी करना लोगों की पहली पसंद बन चुका है। इन मॉल्स में बच्चों के लिए विशेष एम्यूजमेंट जोन विकसित किए जाते हैं। अब इन एम्यूजमेंट जोन में भी आध्यात्मिक थीम पसंद की जा रही है। दिल्ली-एनसीआर के कई मॉल में आने वाले समय में आध्यात्मिक थीम पर एम्यूजमेंट जोन दिखाई पड़ सकते हैं।

### योगी विकसित कर चुके वेद वन पार्क

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जून 2023 में नोएडा के सेक्टर 78 में %वेद वन पार्क% का उद्घाटन किया था। इसमें वेदों की ऋचाएं, वेदों के मंत्र और दिव्य जड़ी बूटियों के वृक्ष देखे जा सकते हैं। आगंतुकों के बीच विशेष लेजर शो बहुत लोकप्रिय है, जिसमें भारत की संस्कृति को बहुत आधुनिक तरीके से प्रस्तुत किया जाता है।

### रोजगार का भारी अवसर भी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यात्म के जरिए लोगों को रोजगार देने की योजना कारगर होती दिखाई पड़ रही है। इस समय यह पूरा सेक्टर 11,500 करोड़ वार्षिक टर्नओवर वाला बिजनेस बन चुका है। इस सेक्टर में लगभग एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष और दस लाख के करीब लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है। इस क्षेत्र में 500 बड़े खिलाड़ियों के साथ-साथ हजारों छोटे-छोटे उद्यमी भी इस सेक्टर में अपना हाथ आजमा रहे हैं। सेक्टर लगभग 15 फीसदी प्रति वर्ष की दर से आगे बढ़ रहा है। आने वाले समय में इस सेक्टर में और मांग बढ़ने की उम्मीद है।

# सरसों तेल और मूंगफली तेल नरम

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल और मूंगफली तेल में नरमी आने के बीच शेष खाद्य तेलों और अन्य जिंसों में टिकाव रहा।
तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा।
इस दौरान सरसों तेल 74 रुपये प्रति क्विंटल और मूंगफली तेल 147 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया जबकि सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।
गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में मिश्रित रुख देखा गया। इस दौरान चीनी के भाव पड़े रहे जबकि आवक बढ़ने के कारण गुड़ के भाव 50 रुपये प्रति क्विंटल टूट गये।
दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।
अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।



दाल-दलहन : चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9700-9800, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।
अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल : 2700-2800 रुपये प्रति क्विंटल रहा।
चीनी-गुड़ : चीनी एस 3740-3840, चीनी एम. 4150-4250, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4550-4650 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।
खाद्य तेल : सरसों तेल 13113 रुपये, मूंगफली तेल 19633 रुपये, सूरजमुखी तेल 12160 रुपये, सोया रिफाइंड 10989 रुपये, पाम ऑयल 8000 रुपये और वनस्पति तेल 9666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# शार्ट न्यूज

## रुतुजा भोसले आईटीएफ महिला ओपन से बाहर

बेंगलुरु। भारत की रुतुजा भोसले शनिवार को फ्रांस की कैरोल मोनेट से हार कर केपीबी ट्रस्ट आईटीएफ महिला ओपन से बाहर हो गईं। केएसएलटीए स्टेडियम में टूर्नामेंट की नंबर छह सीड के खिलाफ रुतुजा का यह कठिन ड्रा था क्योंकि टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले में उन्हें मोनेट ने दो सेटों में हरा दिया था। शुक्रवार रात क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जापान की मोयुका उचिजिमा के खिलाफ पुनर्जागरण जैसी जीत दर्ज करने के बाद रुतुजा जादू नहीं कर पाई और दो सेटों में 6-2, 6-0 से हार गई। मोनेट का मुकाबला नंबर एक वरीय लातविया के दार्जा सेमेनिस्टाजा से होगा जिन्होंने दिन के पहले सेमीफाइनल मैच में जापान के नाहो सातो को 6-4, 6-1 से हराया। भारतीय खिलाड़ी के लिए केएसएलटीए में मुकाबला आसान नहीं रहा, उन्होंने जापान के एरी शिमिजु को 0-6, 7-5 और 7-5 से और जापान के उचिजिमा को 6-2, 5-7 और 7-6 के कठिन स्कोर से हराया। पहला सेट नाटकीयता से भरा हुआ था, जिसमें रुतुजा ने अप्रत्याशित त्रुटियों के कारण पहले दो गेम हारने के बाद तीसरे गेम में मोनेट की सर्विस तोड़ दी। मोनेट ने चौथे गेम में तुरंत वापसी की और 3-1 की बढ़त ले ली, लेकिन रुतुजा ने अगले गेम में एडवांटेज प्वाइंट पर फ्रांसीसी खिलाड़ी की सर्विस तोड़ दी मगर दिलचस्प लड़ाई के बाद मोनेट ने पहला सेट जीत लिया।

## भारतीय टीम ने की भारतीय राजदूत से मुलाकात

दोहा। कतर में भारतीय राजदूत विपुल ने शनिवार को यहां कतर में भारतीय फुटबॉल टीम के सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय भारतीय प्रवासियों से मुलाकात की। टीम ने राजदूत को उनके द्वारा दिखाए गए प्यार और समर्थन की सराहना के रूप में हस्ताक्षरित जर्सी और भारतीय खेल परिषद को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर भारतीय टीम की उपस्थिति में 1950 और 1960 के दशक के दिग्गज भारतीय फुटबालर एम. केम्पैया की जीवनी भी लॉन्च की गयी। यह पुस्तक केम्पैया की बेटी सुम्मा गौड़ा ने लिखी है। राजदूत ने कहा, आज भारतीय फुटबॉल में जिस तरह की रुचि पैदा हुई है वह आश्चर्यजनक है। माना जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद फुटबॉल में गहरी रुचि रखते हैं। फुटबॉल एक ऐसा खेल है जिसका अनुसरण न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भारतीय समुदाय के बीच भी किया जाता है। भारत 11 जून को कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे दौर के ग्रुप ए मैच खेलने के लिए एक बार फिर दोहा की यात्रा करने के लिए तैयार है। विपुल ने भारतीय टीम से कहा, कुछ महीने पहले कतर विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारत गया था और अब जब आप जून में वापस आएंगे तो हम एक बार फिर आपका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

## आईस हॉकी चौम्पियनशिप 2024 के दूसरे दिन में चार मैच आयोजित

काजा। आईस हॉकी एसोसियेशन आफ इंडिया, आईस हॉकी आफ लाहुल स्पिति एवं स्पिति जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान से 19 जनवरी से 24 जनवरी तक महिला वर्ग की 11वीं एवं पुरूष वर्ग की 13वीं राष्ट्रीय आईस हॉकी चौम्पियनशिप 2024 के दूसरे दिन में चार मैच आयोजित किए गए। पहला मैच पुरूष वर्ग में यूटी लद्दाख और महाराष्ट्र के बीच खेला गया, जिमसें यूटी लद्दाख ने एकतरफा जीत हासिल की। इस मैच में यूटी लद्दाख की ओर से 31 गोल किए गए। वहीं महाराष्ट्र की टीम खाता भी नहीं खोल पाई। वहीं दूसरा मैच पुरूष वर्ग में हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के मध्य खेला गया जिसमें हिमाचल प्रदेश ने रोमांचक जीत हासिल की। हिमाचल प्रदेश की टीम ने 27 गोल किए। लेकिन राजस्थान टीम ने शून्य गोल किया। महिला वर्ग में पहला मैच आइटीबीपी और हिमाचल पद्रेश के बीच खेला गया। लेकिन हिमाचल प्रदेश की टीम एक ही गोल कर पाई जबकि आटीबीपी ने 7 गोल करके बढ़त अंतिम पल तक बनाई रखी और जीत हासिल की। वहीं दूसरा मैच तेंलगाना और राजस्थान के मध्य खेला गया जिसमें तेलगांना ने दो गोल किए जबकि राजस्थान की टीम एक भी गोल नहीं कर पाई। एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि चौपिंयनशिप में हर मैच काफी रोमांचक हो रहा है।

## टाटा समूह बना आईपीएल का शीर्षक प्रायोजक

मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टाइटल प्रायोजन अधिकार शनिवार को टाटा ग्रुप को पांच साल के लिए दे दिए। बीसीसीआई के मानद सचिव जय शाह ने कहा हमें आईपीएल के शीर्ष प्रायोजक के रूप में टाटा समूह के साथ साझेदारी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। लीग ने कौशल, उत्साह और मनोरंजन के अपने बेजोड़ मिश्रण के साथ दुनिया भर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। इसी तरह टाटा समूह विभिन्न वैश्विक क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाते हुए, उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में उभरा है। यह सहयोग विकास, नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति पारस्परिक समर्पण की भावना का प्रतीक है। विविध कार्यक्षेत्रों वाले टाटा समूह ने 2500 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड मूल्य पर बीसीसीआई के साथ अपने सहयोग को नवीनीकृत किया है, जो लीग के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक प्रायोजन राशि है। आईपीएल के अध्यक्ष अरु सिंह धूमल ने कहा, आईपीएल 2024-28 के शीर्षक प्रायोजन के लिए टाटा समूह के साथ सहयोग आईपीएल की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## रिकी ब्राबेक ने डकार रैली 2024 में जीती बाजी

सउदी अरब। सउदी अरब में 7967 किलोमीटर की रैली यानबु में लाल सागर पर समाप्त हई, जिसमें मोन्स्टर एनर्जी होण्डा टीम के रिकी ब्राबेक ने दूसरी बार डकार का टॉप स्टैप लिया और इस इतिहास को रचने वाले एकमात्र अमेरिकी बन गए। पहले सप्ताह के ज़्यादातर हिस्से को फ्रंट रनर्स में बिताने के बाद 2020 के विजेता ने 48 घण्टे की कड़ी मेहनत के बाद बागडोर संभाली और सातवें स्टेज के अंत में दूसरे स्थान के रॉस ब्रांच से मात्र एक सैकण्ड के मार्जिन के बावजूद कैलिफोर्निया के इस राइडर ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। और बिना कोई गलती किए तकरीबन 11 मिनट से डकार रैली में जीत हासिल कर ली। रैली के दौरान शांत प्रदर्शन करते हुए 32 वर्षीय राइडर ने एक और स्टेज की जीत हासिल की, जो अब तक डकार करियर में पहले से दस पॉइन्ट्स स्कोर कर चुके थे, उन्होंने पहले राउण्ड को 2024 वर्ल्ड रैली-रेड चैम्पियनशिप स्टैंडिंग के टॉप पर खत्म किया। मोन्स्टर एनर्जी होण्डा टीम में चिली के दो राइडरों में से एक 'नाचो' कोरनेजो ने रैली में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया, स्टैंडिंग में लीड करते हुए उन्होंने विशाल स्टेज जीत की हैट्रिक बनाई और शानदार पोडियम के लिए मुकाबला किया।

## नेतन्याहू दो-राज्य समाधान का समर्थन करेंगे



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि उन्हें लगता है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू फिलिस्तीनियों के साथ दो-राज्य समाधान का समर्थन करेंगे यदि यह सही समझौता है। इस सप्ताह की शुरुआत में, मीडिया ने बताया कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका से कहा कि वह गाजा में युद्ध के बाद के किसी भी परिदृश्य के हिस्से के रूप में फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना का विरोध करते हैं। श्री बाइडेन से शुक्रवार को जब पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि श्री नेतन्याहू दो-राज्य समाधान के अपने विरोध पर अपना मन बदल सकते हैं, तो उन्होंने कहा, हां, सही है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें लगता है कि वह श्री नेतन्याहू को दो-राज्य समाधान का समर्थन करने के लिए मना सकते हैं। इससे पहले दिन में, व्हाइट हाउस ने कहा कि श्री बाइडेन और श्री नेतन्याहू के बीच एक टेलीफोन पर बातचीत हुई, बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति ने दो-राज्य-समाधान के अपने दृष्टिकोण पर चर्चा की। यह इज़रायल की सुरक्षा की भी गारंटी देता है।

# अलकराज ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे चरण में

एजेंसी



मेलबर्न। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अलकराज ने शनिवार को यहां रॉड लेवर एरेना में अपने तीसरे दौर के मुकाबले के तीसरे सेट के दौरान चीनी वाइल्डकार्ड शांग जुनचेंग के जल्दी रिटायर होने के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया।

अल्कराज को पूरे मैच में एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने पहले पाओ के 21 में से 18 अंक हासिल किए।

शांग 1938 के बाद से किसी ग्रैंड स्लैम के अंतिम 16 में पहुंचने वाले पहले चीनी खिलाड़ी बनना चाह रहे थे, लेकिन वह अपने पहले दो मैचों में नौ सेट खेलने के बाद अपनी ऊपरी दाहिनी जांघ पर पट्टी बांधकर रॉड लेवर एरिना में चले गए।

दूसरे सेट के दौरान लगी चोट का भी उन्होंने इलाज कराया। इससे कभी-कभी शांग की गति में बाधा आती थी, और अलकराज ने उसे एक कोने से दूसरे कोने तक जाने के लिए मजबूर करके इसका फायदा उठाया।

मैच के 66 मिनट बाद जब 18 वर्षीय शांग रिटायर हुए तो स्पैनिश खिलाड़ी 6-1, 6-1, 1-0 से आगे चल रहे थे। उनका अगला मुकाबला मियोमिर केकमानोविक से होगा, जिन्होंने पिछले साल के सेमीफाइनलिस्ट टॉमी पॉल को 6-4, 3-6, 2-6, 7-6 (7), 6-0 से हराया था।

अमेरिकी पॉल मार्गरेट कोर्ट एरेना में एक के मुकाबले दो सेटों से आगे थे और चौथे सेट के टाईब्रेक में उनके पास मैच प्वाइंट था, लेकिन केकमानोविक ने बराबरी कर ली और फिर जीत के लिए निर्णायक सेट पार कर लिया।

अल्कराज इस पखवाड़े में नोवाक जोकोविच से नंबर एक रैंकिंग भी हासिल करना चाहेंगे, अगर उनका ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में मुकाबला होता है।

# चौंकाने वाली घटना में, शोएब ने सना संग रचाई शादी

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक ने पूर्व भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा से अलग होने की अफवाहों के बीच अभिनेत्री सना जावेद से तीसरी शादी रचा ली है और शनिवार को सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा की।

शोएब और सना ने इंस्टाग्राम पर शादी के लिबास में दो तस्वीरें साझा कीं जिससे इस खुलासे से लोग हैरान रह गए। इसके अलावा सना ने इंस्टाग्राम पर तुरंत अपना नाम बदलकर सना शोएब मलिक रख लिया। सानिया से शोएब की शादी अप्रैल 2010 में पाकिस्तान और भारत दोनों जगह आयोजित विवाह समारोहों में हुई थी। दंपति 2018 माता-पिता बने।

सानिया से पहले शोएब की शादी आयशा सिद्दीकी से हुई थी। शादी के आठ साल बाद 2010 में दोनों ने तलाक ले लिया था।

रुसवाई में अपनी भूमिका के लिए मशहूर सना ने 2020 में गायक उमैर जसवाल से शादी की।

# प्रो कबड्डी लीग : पटना पाइरेट्स ने यूपी योद्धाज को दी मात

**हैदराबाद।** तीन बार की चैंपियन पटना पाइरेट्स ने शुक्रवार को प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के दसवें सीजन में यूपी योद्धाज को 34-31 से हरा दिया।

गचिबोव्ली इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए मैच में पटना के लिए सचिन और मंजीत के छह-छह अंकों के अलावा अंकित ने पांच और एम बाबू ने चार अंक लिए। यूपी की ओर से शिवम चौधरी ने सात अंक जुटाए जबकि हितेश और सुमित ने अपना हाई-5 पूरा किया।

पटना पाइरेट्स 14 मैचों में छठी जीत के बाद 37 अंक लेकर सातवें नंबर पर पहुंच गई है वहीं यूपी योद्धाज को 14 मैचों में 10वीं हार झेलनी पड़ी और अब टीम के लिए प्लेऑफ की राह मुश्किल हो गई है।

पटना पाइरेट्स ने मुकाबले में दमदार शुरुआत की और पांचवें मिनट में ही यूपी योद्धाज को ऑल आउट करके पांच प्वॉइंट की लीड बना ली। 'रिकॉर्ड ब्रेकर' परदीप नरवाल अपनी पूर्व टीम के खिलाफ पहले हाफ के खेल में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए और वह शुरुआती 20 मिनट में केवल एक ही




अंक हासिल कर पाए। आठवें मिनट डू ऑर डाई में परदीप टैकल कर लिए गए और पटना ने अपनी बढ़त को और ज्यादा मजबूत कर दिया।

रेडिंग के साथ-साथ पटना डिफेंस में भी दमदार प्रदर्शन कर रही थी। 12वें मिनट में रेड करने आए शिवम चौधरी ने शानदार डुबकी लगाते हुए सुपर रेड कर दिया और यूपी को दो अंक दिला दिए। लेकिन इसके बावजूद पटना की टीम 15वें मिनट तक 17-12 के स्कोर के साथ पांच प्वॉइंट से आगे थी।

इसी बीच, तीन बार की पूर्व चैंपियन के लिए अंकित ने शिवम को सुपर टैकल करके टीम की लीड को आठ प्वॉइंट तक पहुंचा दिया। परदीप नरवाल ने ब्रेक पर जाने से पहले आखिरकार अपना खाता खोल लिया।


## अभिषेक का शतकीय प्रहार, बंगाल के आठ विकेट पर 381 रन

कोलकाता। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल (114) के शतक की बदौलत बंगाल ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मुकाबले में शनिवार को छत्तीसगढ़ के खिलाफ दूसरे दिन आठ विकेट पर 381 रन बनाये। ईडन गार्डन्स में पोरेल ने 219 गेंदों की पारी में 14 चौके और एक छक्का लगाया वहीं अनुभवी अनुस्तुप मजूमदार ने एक बार फिर 118 गेंदों में 71 रनों की आक्रामक पारी खेलकर लक्ष्मी रतन शुक्ला के नेतृत्व वाली टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। अपनी यादगार पारी के बारे में बात करते हुए रोमांचित अभिषेक ने कहा, मुख्य कोच (शुक्ला) ने मुझे आज सुबह शॉर्ट गेंदों का अभ्यास करने के लिए रिपोर्टिंग समय से 30 से 40 मिनट पहले आने के लिए कहा। दिन के अंत में, इससे मुझे मदद मिली। मैं इस शतक को अपने माता-पिता को उनके समर्थन के लिए समर्पित करना चाहूंगा। मैं इस शतक को अपने करियर का सर्वोच्च बिंदु मानूंगा, क्योंकि लाल गेंद में बड़ा स्कोर बनाना विशेष है।

# चिराग-सात्विक, प्रणॉय इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** एशियाई खेल 2022 के स्वर्ण पदक विजेता चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के अलावा कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2024 के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार रात खेले गये युगल मुकाबले में चिराग-सात्विक ने डेनमार्क के किम एस्ट्रुप और एंडर्स रासमुसेन के खिलाफ 21-7, 21-10 से जीत दर्ज की, वहीं प्रणय ने चीनी ताइपे के वांग त्जु वेई को कड़े मुकाबले में 21-11, 17-21, 21-18 से हरा कर पुरुष एकल वर्ग में अंतिम चार में अपनी जगह बनायी।

चिराग-सात्विक ने आक्रमक खेल का प्रदर्शन किया और 11-3 की त्वरित बढ़त हासिल कर अपने इरादे दर्शा दिये। पूर्व चैंपियन जोड़ी ने मात्र 16 मिनट के अंतराल में पहला गेम जीत लिया। इस मैच से पहले डेनिश जोड़ी ने चिराग-सात्विक के खिलाफ लगातार दो जीत दर्ज की थी। विश्व की नंबर दो जोड़ी ने दूसरे गेम में




लगातार आठ अंक बनाकर उस सिलसिले को समाप्त कर जीत पक्की कर दी।

मैच के बाद चिराग शेट्टी ने कहा किम और एंडर्स खिलाफ जीतना आसान नहीं है। यह हमेशा एक ऐसा खेल नहीं है जहां आपको कुशलता से चुनौती दी जाती है, बल्कि यह मानसिक रूप से भी होती है। जो कोई भी मानसिक लड़ाई जीतता है वह शीर्ष पर आता है और आज हमने वह बहुत अच्छा किया। हम आम तौर पर इस तरह के दिमागी खेल नहीं खेलते हैं, लेकिन आज हमने यह सुनिश्चित किया कि हम उनकी लय में न खेलें। जिस तरह से हमने शुरुआत की वह ठोस थी और हमने इसे अंत तक बनाए रखा। हम वास्तव में खुश हैं जिस तरह से हमने खेला, हम कल भी इसी लय को बरकरार रखना चाहते हैं और अपना 100 प्रतिशत देना चाहते हैं।

विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणॉय ने अपने ताइवानी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मजबूत शुरुआत की और पहले गेम में 13-4 की बढ़त बनाकर खेल के लिए माहौल तैयार किया।

दूसरे गेम में जोश से भरपूर वांग ने 13-6 की बढ़त ले ली और हालांकि प्रणॉय ने अंतर कम करने की कोशिश की, लेकिन 28 वर्षीय खिलाड़ी ने टाई-ब्रेकर लेने के लिए मजबूर किया।

# भारत-म्यांमार बॉर्डर पर फेंसिंग कराएगी सरकार

### अमित शाह बोले- घुसपैठ रोकने के लिए दोनों देशों के बीच फ्री मूवमेंट पर पाबंदी लगेगी

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को असम में ऐलान किया है कि भारत-म्यांमार बॉर्डर पर खुली सीमा की फेंसिंग की जाएगी। म्यांमार से भागकर आ रहे आतंकियों और घुसपैठ को रोकने के लिए दोनों देशों के बीच फ्री मूवमेंट को भी सरकार बंद करने जा रही है।

शाह ने गुवाहाटी में हुई असम पुलिस की पासिंग आउट परेड में कहा- म्यांमार के साथ हमारी खुली सीमा है। इसे हम बांग्लादेश की तर्ज पर बाड़ (फेंसिंग) लगाकर सुरक्षित करेंगे। शाह ने यह ऐलान भी किया कि सरकार दोनों के बीच फ्री मूवमेंट एग्रीमेंट पर भी पुनर्विचार कर रही है। आने-जाने की इस सहूलियत को ही सरकार बंद करने जा रही है।

म्यांमार की सीमा भारत के 4 राज्यों से लगती है। दोनों देशों के बीच 1600 किलोमीटर का बॉर्डर है। भारत-म्यांमार के बीच फ्री मूवमेंट का एग्रीमेंट 1970 में हुआ था। तब से सरकार इसे



लगातार रिन्यू करती रही है। आखिरी बार इसे 2016 में रिन्यू किया गया था।

### मिजोरम में घुसे म्यांमार के 600 सैनिक

शाह ने यह घोषणा उस वक्त की है जब म्यांमार में विद्रोही गुटों और सेना के बीच लड़ाई तेज हो रही है। इस बीच म्यांमार के 600 सैनिक ने वहां से भागकर भारत के मिजोरम में पनाह ली हैं। मिजोरम सरकार ने इस मुद्दे को लेकर केंद्र से मदद मांगी थी। सैनिकों को वापस म्यांमार भेजने की अपील की थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक म्यांमार से भागे सैनिकों ने मिजोरम के लांग्टलाई जिले के तुईसेंटलांग में असम राइफल्स के पास शरण ले रखी है। सैनिकों ने बताया कि पश्चिमी म्यांमार राज्य के रखाइन में एक हथियारबंद विद्रोही गुट अराकन आर्मी () के उग्रवादियों ने उनके शिविरों पर कब्जा कर लिया जिसके बाद वे भागकर भारत आ गए।

### मिजोरम के सीएम ने गृह मंत्री अमित शाह से बात की

मिजोरम के हालात को देखते हुए मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने शिलांग में हुई एक बैठक में गृह मंत्री अमित शाह से इस मुद्दे पर बातचीत की थी। इस दौरान मिजोरम ने राज्य में शरण लेने वाले म्यांमार सेना के जवानों की जल्द वापसी की जरूरत पर जोर दिया था। सीएम लालदुहोमा ने कहा था- लोग शरण लेने के लिए म्यांमार से भागकर हमारे देश आ रहे हैं और हम इंसानियत के नाते उनकी मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि म्यांमार के सैनिक आते रहते हैं और शरण मांगते हैं। पहले हमने करीब 450 सैनिकों को हवाई मार्ग से वापस भेजा था।

मणिपुर सरकार ने 2020 में फ्री मूवमेंट एग्रीमेंट को सस्पेंड कर दिया था। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने 23 सितंबर, 2023 को कहा था कि उन्होंने गृह मंत्रालय से भारत-म्यांमार सीमा पर FMR को रद्द करने और सीमा पर फेंसिंग करने का काम पूरा करने की अपील की थी। उन्होंने राज्य में जारी जातीय हिंसा के लिए सीमा पार से लोगों की आवाजाही को जिम्मेदार ठहराया था।

### अराकन आर्मी म्यांमार का सबसे ताकतवर विद्रोही गुट

बीते एक दशक में अराकन आर्मी म्यांमार में सबसे ताकतवर विद्रोही गुट बनकर उभरा है। मिजोरम और म्यांमार के चिन प्रांत के बीच 510 किलोमीटर लंबी सीमा है।

# ईरान का आरोप-इजराइल ने सीरिया में एयरस्ट्राइक की: 4 ईरानी सैनिकों की मौत

### 5 दिन पहले ईरान ने मोसाद के ठिकानों पर किया था हमला

तेल अवीव। ईरान ने इजराइल पर सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक इमारत पर एयरस्ट्राइक करने का आरोप लगाया है। ईरानी मीडिया IRNA के मुताबिक, इसमें 5 लोगों की मौत हुई है।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने ईरान के मीडिया के हवाले से बताया कि मरने वालों में ईरान के 4 मिलिट्री एड्वाइजर और सीरिया के लिए ईरानी सेना का चीफ इंटेलिजेंस ऑफिसर शामिल था।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, हमला उस वक्त हुआ जब ये सभी लोग बैठक कर रहे थे। एक सिक्योरिटी अधिकारी ने रॉयटर्स को बताया कि हमले के बाद इमारत पूरी तरह से तबाह हो गई। वहीं ईरान ने आरोप लगाया है कि एयरस्ट्राइक में सीरियाई फोर्स के भी कई सदस्य मारे गए हैं। यह हमला ऐसे समय पर हुआ जब 15 जनवरी को ही ईरान ने इराक के एरबिल शहर में इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के ठिकानों पर मिसाइलें दागी थीं। इसमें 4 लोगों की मौत हुई थी। ईरान ने इस हमले को इजराइल के अटैक मारे गए अपने कमांडरों का बदला बताया था। इसके अलावा ईरान ने सीरिया और 16 जनवरी को पाकिस्तान में भी आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था।

### यूएन बोला- इजराइली सेना ने फिलिस्तीनी पुरुषों को डायपर पहनाए

संयुक्त राष्ट्र संघ ने कहा है कि गाजा से हिरासत में लिए गए फिलिस्तीनी पुरुषों को इजराइली सेना ने डायपर पहनाए। फिलिस्तीनियों को उनका गुनाह बताए बगैर उन्हें 30 से 55 दिनों तक अज्ञात जगहों पर हिरासत में रखा और टॉर्चर किया। NHRC के अधिकारी अजीत सुंघाए ने इजराइली हिरासत से आजाद किए लोगों से बातचीत की है।

सुंघाए ने बताया कि इजराइली सेना ने जब फिलिस्तीनियों को आजाद किया तो वो कड़कती ठंड के बीच सिर्फ डायपर पहने हुए थे।

सुंघाए ने कहा है कि इजराइल को हिरासत में लिए गए लोगों के साथ अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के तहत बरताव किया जाना चाहिए। इजराइल को उन फिलिस्तीनियों को रिहा कर देना चाहिए जिनके खिलाफ पुख्ता सबूत नहीं हैं।

## चीन के एक स्कूल के डॉरमेट्री में आग लगी, 13 छात्रों की मौत

बीजिंग। (पी एम ए) चीन के हेनान प्रांत में एक स्कूल के शयनगृह (डॉरमेट्री) में आग लगने से कम से कम 13 छात्रों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार रात 11 बजे स्थानीय अग्निशमन विभाग को दुशू शहर के यानशानपु गांव में यिंगकाई स्कूल के एक पुरुष शयनगृह में आग लगने की सूचना मिली। बचावकर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और रात 11: 38 बजे आग पर काबू पा लिया। जब आग लगी तो शयनगृह में लगभग 30 बोर्डिंग छात्र थे। एक घायल छात्र का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसकी हालत स्थिर है। यिंगकाई स्कूल एक निजी स्कूल है जिसका इतिहास 10 वर्षों से अधिक पुराना है। यह मुख्य रूप से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों का नामांकन करता है।

## ब्रिटेन ने हिजबुत तहरीर पर प्रतिबंध लगाया

लंदन। ब्रिटेन सरकार ने इस्लामी समूह हिजबुत तहरीर पर औपचारिक रूप से प्रतिबंध लगा दिया है और समूह से संबद्धता या इसका समर्थन किया जाना अपराध की श्रेणी में होगा। ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स स्पेंसर क्लेवरली ने प्रतिबंध पर एक बयान में कहा हिजबुत तहरीर आतंकवाद को बढ़ावा देता है। यह एक घृणित, यहूदी विरोधी समूह है। हमारे देश में इसकी कोई जगह नहीं है. आज से, समूह का कोई भी सदस्य या कोई भी जो इसके लिए समर्थन आमंत्रित करता है, वह कानून का सामना करेगा। क्लेवरली ने पिछले हफ्ते कहा था कि समूह का हमास द्वारा किए गए घृणित हमलों को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना उन सभी चीजों के खिलाफ है जिनके लिए उनका देश खड़ा है। यह प्रतिबंध संसदीय मंजूरी के बाद शुक्रवार को लागू हुआ और प्रभावी रूप से समूह को प्रतिबंधित संगठन अल कायदा और आतंकवादी इस्लामिक स्टेट समूह के समान श्रेणी में रखता है। हिजबुत तहरीर, मुक्ति की पार्टी की स्थापना 1953 में जॉर्डन में ताकीउद्दीन अल-नभानी द्वारा की गई थी। हालाँकि शुरू में इसका ध्यान इस्लाम के माध्यम से अरब एकीकरण पर था, लेकिन बाद में यह इस्लामी खिलाफत को फिर से स्थापित करने के मिशन के साथ विश्व स्तर पर फैल गया। ब्रिटेन में 1986 में स्थापित इस समूह ने शुरू में यहां अस्थायी रूप से रहने वाले मुसलमानों को लक्षित किया, लेकिन बाद में अपना ध्यान विश्वविद्यालय परिसरों में दूसरी पीढ़ी के ब्रिटिश मुसलमानों की भर्ती पर केंद्रित कर दिया।

## ईरान के साथ तनाव के बीच पाकिस्तान में उड़ानों में 50 फीसदी की गिरावट

इस्लामाबाद । ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच किसी भी तरह की आवाजाही पर प्रतिबंध न होने के बावजूद पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र से उड़ानों की संख्या में लगभग 50 फीसदी की गिरावट आई है। पाकिस्तानी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। गत मंगलवार को ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन से हमले किए जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया। ईरान की ओर से कहा कि उसने जैश अल-अदल आतंकवादी समूह के अड्डे को निशाना बनाया था जिसने ईरान में दिसंबर में एक थाना पर घातक हमले की जिम्मेदारी ली थी। पाकिस्तान ने ईरान के हमलों की निंदा की और ईरान से अपने राजदूत को वापस बुला लिया, साथ ही कहा कि ईरानी राजदूत अब पाकिस्तान में काम नहीं कर सकते। विमानन सूत्रों ने पाकिस्तानी अखबार 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' को बताया कि गुरुवार को पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में केवल 450 उड़ानें पंजीकृत की गईं जबकि आमतौर पर यह संख्या 750 तक पहुंचती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एयरलाइंस देश के हवाई क्षेत्र का उपयोग करने के लिए पाकिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण को भुगतान करती हैं।

## पाकिस्तान में 17,816 उम्मीदवारों के नामांकन वैध

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में संसदीय और प्रांतीय विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए करीब 28,000 से अधिक उम्मीदवारों ने नामांकन दखिल किया था जिनमें 10 हजार से ज्यादा निरस्त हो जाने के बाद अब इनकी संख्या 17816 रह गयी है जिनके नामांकनपत्र वैध पाये गये हैं। पाकिस्तान चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 17,816 उम्मीदवारों में 16,930 पुरुष, 882 महिलाएं और चार ट्रांसजेंडर शामिल हैं। इनमें 6,031 उम्मीदवार विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंद्ध हैं जबकि 11,785 स्वतंत्र प्रत्याशी हैं। राष्ट्रीय संसद की 266 सामान्य सीटों के लिए कुल 5,121 उम्मीदवार दौड़ में हैं, जिनमें 4,807 पुरुष, 312 महिला और दो ट्रांसजेंडर शामिल हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को छोड़कर अन्य राजनीतिक दलों ने संसदीय चुनाव के लिए 1,873 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है, जिनमें 1,780 पुरुष और 93 महिलाएं शामिल हैं जबकि निर्दलीय उम्मीदवारों की कुल संख्या 3,248 है। प्रांतीय विधानसभा चुनाव के लिए कुल 12,695 उम्मीदवार मैदान में होंगे। इनमें 12,123 पुरुष, 570 महिलाएं और दो ट्रांसजेंडर (दोनों खैबर पख्तूनख्वा से स्वतंत्र उम्मीदवार) शामिल हैं।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# अयोध्या धाम में 51 स्थानों पर 22 हजार से अधिक वाहनों की होगी पार्किंग

## योगी सरकार ने धाम में सरकारी, नजूल, निजी भूमि को पार्किंग के लिए किया चिन्हित

अयोध्या, 20 जनवरी-योगी सरकार ने श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने वाले मेहमानों के वाहनों की पार्किंग के लिए पुख्ता इंतजाम किये हैं। योगी सरकार ने पार्किंग की व्यवस्था प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और उसके बाद आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए अयोध्या धाम में पार्किंग के लिए 51 स्थानों को चिन्हित किया है। इन पार्किंग में 22,825 वाहनों को पार्क किया जा सकेगा। इतना ही नहीं पार्किंग के लिए किसी को भटकना न पड़े इसके लिए पार्किंग स्थलों को गूगल मैप पर अपलोड कर दिया गया है। वहीं पार्किंग स्थलों को वीवीआईपी, वीआईपी और अन्य मेहमानों के लिए भी रिजर्व किया गया है। इन पार्किंग को वायरलेस और पीए सिस्टम से लैस किया गया है।

### इन स्थानों पर की गई पार्किंग की व्यवस्था

एडीजी ट्रैफिक बीडी पॉल्सन ने बताया कि अयोध्या धाम में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने वाले मेहमानों की गाड़ियों को पार्क करने के लिए 51 स्थानों को चिन्हित किया गया है। इनमें एक समय में एक साथ करीब 22,825 वाहनों को पार्क किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि रामपथ पर 5 स्थानों, भक्ति पथ मार्ग पर 1 स्थान, धर्म पथ मार्ग पर चार स्थानों, परिक्रमा मार्ग पर पांच स्थानों, बंधा मार्ग पर दो स्थानों, टेढ़ी बाजार रामपथ से महोबरा मार्ग पर एक और टेढ़ी बाजार रामपथ से उनवल मार्ग पर 7 स्थानों को पार्किंग के लिए चिन्हित किया गया। इसके अलावा अयोध्या से गोंडा मार्ग पर दो, एनएच 27 पर दस स्थानों, तीर्थ क्षेत्र पुरम में सात स्थानों और कारसेवक पुरम टेंट सिटी के आस-पास तीन स्थानों, रामकथा मंडपम टेंट सिटी पर चार स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इन पार्किंग को सरकारी, नजूल, निजी और पर्यटन विभाग की भूमि पर बनाया गया है। इसके अलावा अयोध्या धाम में बनी मल्टीलेवल पार्किंग में भी गाड़ियों को पार्क किया जाएगा। अयोध्या ट्रैफिक सीओ राजेश तिवारी ने बताया कि रामपथ और भक्ति पथ स्थित 6 पार्किंग स्थानों को वीवीआईपी मेहमानों के वाहनों के लिए रिजर्व किया गया है। यहां पर वीवीआईपी मेहमानों की 1225 गाड़ियों को पार्क किया जाएगा। इसके अलावा धर्म पथ मार्ग और परिक्रमा मार्ग पर नौ पार्किंग स्थानों को वीआईपी के लिए रिजर्व किया गया है। यहां पर वीआईपी की दस हजार से अधिक गाड़ियों को पार्क किया जाएगा। इसके अलावा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने वाले मेहमानों के लिए अलग-अलग स्थानों पर पार्किंग को रिजर्व किया गया है। वहीं पुलिस फोर्स के लिए एनएच-27 में आठ पार्किंग स्थानों को रिजर्व किया गया है। यहां पुलिस की दो हजार से अधिक गाड़ियों को पार्क किया जाएगा। साथ ही यहां पर सुरक्षा के लिहाज से काफी पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में देश को विकसित बनाने का लिया संकल्प

रमेश शर्मा। गौरवशाली भारत



सादुल्ला नगर (बलरामपुर)। विकसित भारत संकल्प यात्रा में देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक बहरैची प्रसाद गुप्ता व विशिष्ठ अतिथि जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा दीप चंद्र जायसवाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया उसके बाद मुख्य अतिथियों का साल भेट कर माल्यार्पण हुआ ।रेहरा बाज़ार के ग्राम पंचायत अलाउददीनपुर व किशनपुर सागर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्यअतिथि सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक बहरैची प्रसाद गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की योजनाओं की संतृप्ति प्राप्त करने के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। देश भर में भारत के सभी ग्राम पंचायतों में उन कमजोर लोगों तक पहुंचना जो विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हैं। लेकिन अभी तक लाभ नहीं उठाया है ।योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रसार और जागरूकता पैदा करना

सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ उनकी व्यक्तिगत कहानियों/अनुभव साझा करने के माध्यम से बातचीत यात्रा के दौरान सुनिश्चित विवरण के माध्यम से संभावित लाभार्थियों का नामांकन ।यह अभियान भारत सरकार,राज्य सरकारों,केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की सक्रिय भागीदारी के साथ संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण अपनाकर चलाया जा रहा है ।भाजपा जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा व मण्डल अध्यक्ष किसान मोर्चा राम राज ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा देश के नागरिकों के लाभ के लिए और विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सभी संबंधित पक्षों की यथासंभव व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संगठन और संस्थान है ।कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पंचायत, विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। आयुष्मान,आवास,शौचालय, किसान सम्मान निधि, पेंशन लाभार्थीयों को सम्मानित किया गया व प्रमाण पत्र वितरित किया।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान अजय कुमार श्रीवास्तव,प्रधान प्रतिनिधि अकमल हुसैन,किस्मत अली ,ग्राम पंचायत अधिकारी महेश कुमार वर्मा ,सर्वेश कुमार, बाकेलाल ,हरिराम ,मो उमर ,बाके ,योगेश कुमार शर्मा, चिरकुट, प्रहलाद,ओमप्रकाश, विनय कुमार व सकठू ,सियाराम सरोज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्वच्छता को पीएम मोदी ने बनाया जन आंदोलन : सहजानंद राय

गोरखपुर ।(पीएमए) शनिवार की सुबह मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वद्यालय के समीप स्थित बगहा वीर बाबा मंदिर की क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय की अगुवाई में भाजपा नेताओं ने सफाई की। यहां पर गोरखपुर महानगर को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प भी लिया गया।

महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता के दिशा निर्देशन में क्षेत्रीय अध्यक्ष के साथ भाजपा नेताओं ने सर्वप्रथम झाड़ू से और फिर पोछा लगाकर मंदिर परिसर को साफ किया। मंदिर में काफी देर तक पूजन अर्चन का आशीर्वाद लेने का भी क्रम चला। इसके उपरांत मंदिर परिसर में उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता का संकल्प लिया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक कार्यक्रम निर्धारित है। इसी निम्मित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर मंदिर में सफाई अभियान चलाने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री मोदी के विशेष रुचि के कारण स्वच्छता अब जन आंदोलन का रूप ले लिया है।

महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के क्रम में 21 जनवरी रविवार को महानगर के सभी मंदिरों में स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जाएगा। स्वच्छता कार्यक्रम में महानगर उपाध्यक्ष शशिकांत सिंह, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी डॉ बच्चा पांडेय नवीन, पार्षद राजा यादव, मंडल अध्यक्ष अष्टभुजा श्रीवास्तव, समरेंदु कुमार सिंह, अमलेश शुक्ला, प्रदीप सिंह, अशोक सिंह,पदमाकर शुक्ला, रूपेश मौर्य,आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# धारा 82 की कार्यवाही का नोटिस चस्पा



गाजीपुर। जमानियां थाना क्षेत्र के ग्राम गांधी चौक रेलवे स्टेशन वार्ड नंबर 10 मुहल्ला निवासी अभियुक्त आशीष कुमार चौहान पुत्र मुन्ना चौहान काफी दिनों से न्यायालय में हाजिर न होने व फरार चल रहे हैं । जमानियां पुलिस ने आरोपी के घर पर धारा 82 की नोटिस चस्पा की। साथ ही गांव में डुग्गी मुनादी भी कराई गई। उप निरीक्षक ओम प्रकाश यादव ने बताया कि अभियुक्त आशीष कुमार चौहान पुत्र मुन्ना चौहान के खिलाफ थाना जमानियां में 238/2023 मुकदमा दर्ज है। जिसमें धारा 457, 380, 427 आईपीसी, बनाम कोतवाली जमानियां दर्ज है। न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तारी के लिए कई बार दबिश दी गई, लेकिन वह हाथ नहीं लग सका। वारंट के बाद फरार चल रहे मुकदमे के इस आरोपी के घर व उसके संभावित ठिकानों पर कई बार पुलिस ने दबिश दिया। धारा 82 का नोटिस चस्पा होने के बाद भी अभियुक्त ने सरेंडर नहीं किया तो धारा 83 के तहत संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।

# काशी और अयोध्या के रास्ते दक्षिण भारत में जीत की तलाश कर रही भाजपा...

वाराणसी। (पीएमए) आम चुनावों के लिए अन्य दलों द्वारा अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देने से बहुत पहले, भारतीय जनता पार्टी ने पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एक महीने तक चलने वाले काशी तमिल संगमम का आयोजन किया था।

यह आयोजन भाजपा द्वारा दक्षिण भारत में पैर जमाने और उत्तर-दक्षिण संबंध विकसित करने का एक प्रयास था। एक अकेली रणनीति पर्याप्त नहीं होती, इसलिए भाजपा काशी तमिल संगमम सहित विभिन्न ट्रैक पर काम कर रही है। संयोग से, नवंबर 2022 में आयोजित एक महीने तक चलने वाले संगमम के पहले संस्करण में भारत के उत्तर और दक्षिण के बीच ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंधों के कई पहलुओं का जश्न मनाया गया। पार्टी ने उत्तर भारत के तमिल भाषियों को एकजुट करने की तैयारी की और इस तरह लोकसभा चुनाव के लिए जमीन मजबूत कर ली। संगमम के बहाने पार्टी दक्षिणी राज्यों में अपना वोट बैंक बढ़ाना चाहती है और वाराणसी समेत दक्षिण में धार्मिक एजेंडे का इस्तेमाल कर रही है।

यह आमतौर पर ज्ञात है कि अधिकांश दक्षिण भारतीय अत्यधिक धार्मिक हैं और तमिल संगमम ने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को काशी की भावना, संस्कृति और व्यंजनों का स्वाद लेने का सही अवसर प्रदान किया। निसंदेह, अयोध्या भी यात्रा कार्यक्रम में थी।

दो-दो दिन के अंतराल पर 200-250 के समूह में विभिन्न वर्गों के लोगों को तमिलनाडु से काशी लाया जाता था। समूहों को धार्मिक परंपराओं और मान्यताओं, संगीत और कला सहित सांस्कृतिक जैसी 12 श्रेणियों में विभाजित किया गया था।

छात्र और शिक्षक शिक्षा और आध्यात्मिक समूहों के अंतर्गत आते हैं, जबकि विभिन्न हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों के कारीगर ओडीओपी समूह के अंतर्गत आते हैं। किसान कृषि समूह के अंतर्गत आते थे और व्यापारी उद्योग एवं व्यापार समूह के अंतर्गत आते थे।

विरासत समूह के अंतर्गत ऐतिहासिक विरासत से जुड़े लोगों का एक समूह काशी आया।

स्थानीय समूहों और समान श्रेणियों के आने वाले समूहों के बीच हुई बातचीत से तमिलनाडु के लोगों को यह समझने में मदद मिली कि भाजपा सरकार ने उत्तर में अपने समकक्षों को कैसे लाभ पहुंचाया है। तथ्य यह है कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पारंपरिक तमिल पोशाक में संगमम में शामिल हुए और उनके भाषण में तमिल की झलक थी, जिसने सोने पर सुहागा का काम किया।

संगमम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने बताया कि जब नेतृत्व की बात आती है तो उत्तर और दक्षिण भारत की राजनीति हमेशा विभाजित रही है। हमारा प्रयास इस तथ्य को प्रदर्शित करना था कि पीएम नरेंद्र मोदी जैसे नेता हैं, जो उत्तर और दक्षिण दोनों में स्वीकार्य हो सकते हैं।

# भारतीय शास्त्रीय नृत्य और संगीत के क्षेत्र में बिरजू महाराज के योगदान पर सान्निध्य संस्था द्वारा कार्यक्रम



पद्म विभूषण पं. बिरजू महाराज का उत्सव मनाने के लिए नोएडा में बैठक अनवरत 2 का आयोजन सान्निध्य संस्था की ओर से उनकी शिष्या व कथक नृत्यांगना सुश्री शिखा खरे द्वारा किया गया। इस बैठक का विषय था - पं. बिरजू महाराज तथा भारतीय शास्त्रीय नृत्य और संगीत के क्षेत्र में उनका योगदान। बिरजू महाराज द्वारा द्वारा रचित एक सदाबहार तराना सिखाया व प्रस्तुत किया गया जो राग कलावती और तीन ताल में था । शिखा खरे ने 80 के दशक के अंत और 90 के दशक की शुरुआत में नृत्यांगना शाश्वती सेन , दुर्गा आर्य और किरण चौहान के साथ कई बार प्रदर्शन किया था जब वे कथक केंद्र, नई दिल्ली में अध्यापन कर रही थीं। वे नोएडा व दिल्ली में छात्र- छात्राओं को कथक नृत्य का सौंदर्यशास्त्र सिखाने और प्रस्तुत करने का प्रयास कर रही हैं जो उन्हें अपने गुरु से मिला है। इस अवसर पर विशेष सहयोग किया , सृष्टि श्रीवास्तव ने। सुलग्ना रॉय ने अपने छात्र- छात्राओं के साथ इस बैठक में प्रस्तुति दी। सानिध्य संस्था की सक्रियता इस अवसर पर थी। सानिध्य की ओर से छात्राएँ थीं- वृंदा बहेती, अन्वी आर्या, अना, लावण्या, अक्षा, अनिका, अनुषी और तविशी। सुलग्ना रॉय की छात्रायें थीं- एश्वी, रश्मि , कृष्णा, अश्विका, अदिति , ऋषिमा, प्रेरणा, शुभी और कोयल।

# राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर सदर बाजार खुला रहेगा

अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट्स मैन्युफैक्चरर्स और ट्रेडर्स एसोसिएशन रजिस्टर्ड बस्ती हरफूल सिंह सदर थाना रोड प्रधान राजकुमार चढ़ा, उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, जनरल सेक्रेटरी विनोद कुमार बंसल, कोषाध्यक्ष पवन सभरवाल, जॉइंट सेक्रेटरी नितिन गुप्ता ने विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें फेडरेशन ऑफ सदर बाज़ार ट्रेड्स एसोसिएशन (पंजी.) के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, महासचिव राजेंद्र शर्मा, कमल कुमार का स्वागत किया जो सभी जय श्री राम के जयकारे लगा रहे थे। फेडरेशन ऑफ सदर बाज़ार ट्रेड्स एसोसिएशन (पंजी.) के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा व अध्यक्ष राकेश यादव ने बताया सोमवार 22 जनवरी 2024 को सदर बाज़ार की सभी मार्केट्स पूर्ण रूप से खुली रहेंगी, प्रशासन की तरफ से आधा दिन के अवकाश का आदेश केवल सरकारी प्रतिष्ठानों के लिए आया आया है। कृपया किया भी प्रकार के भ्रम से बचें और अपनी अपनी मार्केट्स में श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव हर्ष एवम उल्लास से मनाएं क्योंकि जगह-जगह व्यापारियों ने भंडारे व एलसीडी लगाने के साथ-साथ अपनी मार्केट को पूरी तरह सजाया गया है और और अपनी अपनी दुकानों में पूजा करने का पूरा आयोजन किया है। परमजीत सिंह पम्मा व अध्यक्ष राकेश यादव ने बताया अयोध्या में होने वाले श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष पर फेडरेशन ऑफ सदर बाज़ार ट्रेड्स एसोसिएशन (पंजी.) द्वारा 22 तारीख को 12 टूटी चौक सुबह 11 पर महा आरती प्रभु गर्भ विग्रह रूप दर्शन करेंगे विशाल LED सीधा प्रसारण अयोध्या से एवम लड्डू भोग प्रशाद वितरण भंडारा सहभोज अतिथियों का सम्मान कृपया किया जाएगा।

# 'कला - समाज सृजित करने से ही बिहार की संस्कृति का निर्माण'





राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत सहभागिता कार्यक्रम एवं नाट्य मंचन किया गया जिसमें जिला प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित अड़तालिस प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसका विधिवत उद्घाटन प्रोफ़ेसर रवींद्रनाथ श्रीवास्तव परिचय दास प्रोफ़ेसर , हिन्दी विभाग , नालंदा महाविहार, डॉ. अंजनी कुमार सुमन , महाबोधि बीएड कॉलेज , नालंदा, ब्रांड एंबेसडर , भइया अजीत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। निशा कुमारी, पृथ्वीराज, विवेक कुमार व पंकज कुमार ने अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र व मालार्पण से किया। इस अवसर पर प्रोफेसर रवींद्र नाथ श्रीवास्तव परिचय दास ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाट्य मंचन दिनों दिन समाज से खत्म होने के कगार पर पहुंच चुका है। ऐसी स्थिति में यह कार्यक्रम प्रशंसनीय है। हमें कला-समाज बनाना है। कोई भी समाज कला शून्य होकर सांस्कृतिक समाज नहीं हो सकता। नालंदा , बिहार व भारत को कला-शिक्षित आधार देना है। मैं भइया अजीत एवं सृजन संस्था सराहना के पात्र हैं कि इनके माध्यम से सुदूर गांव के वंचित परिवार के बच्चों को कला के माध्यम से एक नई दिशा प्राप्त हो रही है । आज हमारे बिहार के लोकगीत और विद्या दिनों-दिन समाप्त होती जा रहे है। ऐसे आयोजन को हमें बड़े पैमाने पर करने की आवश्यकता है। मैं धन्यवाद देता हूं , नेहरू युवा केंद्र व उनके साथियों को जो जमीनी स्तर से जुड़कर समाज को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। चयनित प्रतिभागियों ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया जिसमें स्वामी विवेकानंद के जीवन की एक घटना को दर्शाया जिसमें एक नीचे जाति के प्रति स्नेह और निष्ठा भाव को दर्शाया गया जो आज की परिवेश में प्रासंगिक हैद्य दूसरी ओर युवाओं ने नाटक में शिक्षा के अभाव में बेटी को दहेज के लोभियों के हाथों बेच दिया जाता है इस नाटक में शिक्षा एवं बाल विवाह को दिखाया गया इस नाटक में भिखारी ठाकुर द्वारा स्वरचित गीतों को समावेश किया गया थाद्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाट्य मंचन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में अजीत कुमार, निरंजन कुमार, मिथुन कुमार, राजू कुमार, कुंदन कुमार अंशु कुमारी निभा कुमारी अर्चना कुमारी आदि ने अपनी भूमिका निभाई। इससे पूर्व पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। इसके मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के रूप में अंचल अधिकारी श्री शंभू मंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. उदय कुमार, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी सुश्री अंजली कुमारी, नगर पंचायत नालंदा, सिलाव, पवापुरी एवं राजगीर के ब्रांड एंबेसडर भइया अजीत एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. अमित कुमार पासवान , अधिवक्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया । निशा कुमारी, डॉ श्वेतानाथ, मीरा गुप्ता एवं पिंकी कुमारी ने अतिथियों को स्वागत अंग वस्त्र और माला देकर किया ।इस कार्यक्रम में सिलाव प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से सत्तर युवक- युवतियों ने भाग लेकर लोक नृत्य के माध्यम से अपनी माटी की खुशबू बिखरी, वहीं देशभक्ति-गानों पर नृत्य प्रस्तुत कर देश के प्रति कर्तव्य और निष्ठा का बोध कराया । अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से उन्होंने लोगों को झूमने पर मजबूर किया ।

### राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान दो फरवरी से आम लोगों के लिए खुलेगा

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान दो फरवरी से 31 मार्च तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार जनता रखरखाव के लिए निर्धारित सोमवार के दिन को छोड़कर सप्ताह में शेष छह दिन इस उद्यान को देखने जा सकती है। अमृत उद्यान कुछ दिन विशेष श्रेणियों के लिए खुला रहेगा जिसमें 22 फरवरी दिव्यांग व्यक्तियों के लिए, 23 फरवरी रक्षा, अर्धसैनिक और पुलिस बलों के कर्मियों के लिए, एक मार्च महिलाओं और आदिवासी महिलाओं के स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के लिए और 5 मार्च को अनाथालयों के बच्चों के लिए शामिल है। आगंतुकों को दस बजे से शाम चार बजे के बीच छह घंटे के निर्धारित समय में भ्रमण की अनुमति होगी।

## शार्ट न्यूज

### अभिनेत्री मिशिक्का चौरसिया हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्म माफिया क्वीन में मुख्य भूमिका निभाएंगी



मुंबई। मिशिक्का चौरसिया अपनी आगामी फिल्म माफिया क्वीन में दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार हैं। एक मनोरंजक माफिया थ्रिलर जो गहन एक्शन और एक महिला केंद्रित कहानी का वादा करती है। अपने करियर में नई उपलब्धि हासिल करते हुए मिशिक्का न केवल मुख्य भूमिका निभाती हैं, बल्कि अपने सभी स्टंट खुद करके प्रशंसकों को आश्चर्यचकित भी करती हैं। भूमिका की तैयारी में मिशिक्का ने अपने चरित्र को प्रामाणिक रूप से प्रस्तुत करने और एक ऐसा प्रदर्शन देने के लिए कठोर शारीरिक प्रशिक्षण लिया, जो एक अभिनेत्री के रूप में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित करेगा। यह पहली बार है जब उनके प्रशंसक उन्हें एक साहसी एक्शन से भरपूर भूमिका में देखेंगे, जो उनके पहले से ही प्रभावशाली प्रदर्शन में एक रोमांचक आयाम जोड़ देगा। माफिया क्वीन मिशिक्का के करियर में एक मील का पत्थर बनने की ओर अग्रसर है, जो सीमाओं को पार करने और चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं निभाने की उनकी प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

### असली लोकेशन और जबरदस्त सीक्वेंस के साथ एक्शन को परिभाषित करती है फाइटर

अनिल बेदाग



सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित फाइटर की रिलीज की तारीख जैसे -जैसे नजदीक आ रही है, वैसे -वैसे दर्शकों के बीच उत्साह बढ़ता जा रहा है। इस उत्साह को एक अलग स्तर पर लेकर जाते हुए ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर स्टारर फिल्म के बिहाइंड द सीन की झलक ने सभी को अपना दीवाना बना दिया है। ऐसे में क्या आप जानते हैं कि फिल्म में दिखाए गए खूबसूरत एयर बेस की झलक असल है, साथ ही साथ यह कहना गलत नहीं होगा कि यह सभी सीन्स बेहद शानदार हैं। फाइटर का हाल ही में रिलीज हुए एक्शन से भरपूर ट्रेलर ने भारतीय सिनेमा को नए ऊचाइयों तक पहुंचा दिया है! 25 जनवरी, 2024 को होने वाली इस धमाकेदार रिलीज के साथ, दमदार डायलॉग, शानदार हवाई एक्शन, ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की शानदार केमिस्ट्री और दिल छू जाने वाले बैकग्राउंड स्कोर के साथ, यह एक सिनेमा की दुनिया में एक अनोखा कदम है!

### अनफ़िल्टर्ड भावनाओं का प्रतिबिंब है सवनीत सिंह का ड्रीमी रोमांटिक सिंगल 'खोया था'

मुंबई। बेहद प्रतिभाशाली सवनीत सिंह टी-सीरीज़ द्वारा निर्मित अपना नवीनतम सिंगल खोया था लेकर आए हैं। स्वयं सवनीत द्वारा लिखित, संगीतबद्ध और प्रस्तुत किया गया यह लव सॉन्ग उनकी का एक शानदार उदाहरण है। अपनी मनमोहक आवाज और पोयटिक कम्पोज़िशन के साथ सवनीत सिंह इस गाने में चारचांद लगाते हैं। इस गाने के म्यूजिक वीडियो को गौरव साहा ने डायरेक्ट किया है , उन्होंने बहुत ही खूबसूरती से इंटिमेट और इनोसेंट मोमेंट को कैप्चर किया है। जिसमे दो प्यार करने वाले एक दूसरे में डूबे नज़र आ रहे हैं। ट्रैक के बारे में बात करते हुए सवनीत सिंह कहते हैं, एक संगीतकार के रूप में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मुझे एक मंच प्रदान करने के लिए मैं टी-सीरीज़ का आभारी हूं। खोया था सिर्फ एक गाना नहीं है; यह उन शुद्ध, अनफ़िल्टर्ड भावनाओं का प्रतिबिंब है जो प्यार पैदा करता है। यह एक सहज लव सॉन्ग हैं जो किसी भी मौसम के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। सवनीत सिंह की खोया था टी-सीरीज़ द्वारा निर्मित है। गौरव साहा द्वारा निर्देशित, यह ट्रैक अब टी-सीरीज़ के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है।

### जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक संग किया कर्मनाशा नदी बार्डर का औचक निरीक्षण

गाजीपुर। (पीएमए) जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह संग पुलिस चेक पोस्ट चौकी बारा, थाना गहमर, एवं गहमर थाना के अन्तर्गत देवल पोस्ट, थाना रेवतीपुर एवं बक्सर को जोड़ने वाली कर्मनाशा नदी बार्डर का का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा गाजीपुर बक्सर को जोड़ने वाली कर्मनाशा नदी सेतु का निरीक्षण के दौरान बताया कि कोई भी गाड़ी बिना चेक के इस पोस्ट से नहीं जाएगी। अवैध शराब की तस्करी पूरी तरह से बन्द किया जाये एवं बार्डर पर कडाई से नियमो का पालन किया जाय इसमें किया प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। उसके उपरान्त बारा चैकी एवं गहमर थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डैक्स को चेक किया गया जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ता रजिस्टर को चेक किया एवं निर्देश दिया कि किसी भी महिला द्वारा किए गए शिकायत एवं एप्लीकेशन इस रजिस्टर में प्रतिदिन नोट कर शिकायतकर्ता का निस्तारण तत्काल किया जाय।

### छात्र वृत्ति आवेदन पत्र डाटा को फारवर्ड करने की अंतिम तिथि 23 जनवरी निर्धारित

गाजीपुर। (पीएमए) वित्तीय वर्ष / शैक्षिक सत्र 2023-24 में पिछड़ी जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत (ग्रुप-1,2,3 व 4 से सम्बन्धित पाठ्यक्रम एवं कक्षा 11-12) शासन द्वारा संचालित की जा रही है। इस योजनार्न्तगत वह अभ्यर्थी / छात्र-छात्रायें पूर्व वर्षो के भांति ही पात्र होगें, जिनके माता-पिता / अभिभावक की समस्त स्रोतो से वार्षिक आय दो लाख रूपये से अधिक न हो, तथा वर्तमान शैक्षणिक सत्र में 75 प्रतिशत या उससे ऊपर उपस्थित वाले छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति/ शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सुविधा अनुमन्य होगी, जिन छात्रों की उपस्थिति अध्ययनरत विद्यालय में 75 प्रतिशत से कम होगी, उनको छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति धनराशि देय नहीं होगी। यह उत्तरदायित्व सम्बन्धित विद्यालय / संस्था का होगा कि जिन छात्रों की उपस्थिति 75 प्रतिशत या उससे ऊपर होगा, उनका ही छात्रवृत्ति आवेदन डाटा नियमानुसार ऑनलाइन फारवर्ड किये जायेगें, जिन छात्रों की उपस्थिति विद्यालय में 75 प्रतिशत से कम रहेगी, उनका छात्रवृत्ति डाटा विद्यालय स्तर से कदापि फारवर्ड नही किये जायेगें, ऐसे डाटा विद्यालय द्वारा नियमानुसार ऑनलाइन रिजेक्ट किये जायेगे।

### संविधान और लोकतंत्र बचाओ सम्मेलन

देवरिया। (पीएमए) जनपद के सलेमपुर गोकुल मैरिज हॉल में संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ सम्मेलन माननीय ओपी यादव जी राष्ट्रीय सचिव सपा के संयोजन एव देख में भारी भीड़ गोकुल मैरिज हॉल में एकत्र हुई। जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय मिठाई लाल भारती राष्ट्रीय अध्यक्ष अंबेडकर वाहिनी समाजवादी पार्टी जी रहे। और भारती जी ने अपने संबोधन में कहा की समाजवादी पार्टी डॉक्टर अंबेडकर डॉ लोहिया के सपनों का भारत बनाना चाहती है समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी ने जो पी डी ए बनाया है उसमें निश्चित रूप से बहुजन समाज का भला होगा और उन्होंने खास करके दलित समाज से अपील किया कि 2024 के चुनाव में संविधान को बचाने व लोकतंत्र की रक्षा करने हेतु पूरी ताकत से साथ श्री अखिलेश यादव जी का साथ दे ताकि संविधान व लोकतंत्र की रक्षा हो सके। भारी साजिश के तहत भाजपा द्वारा सरकारी नौकरी व बाबा साहब द्वारा दिए गए आरक्षण को खत्म करना चाहती है जिससे सांप्रदायिक शक्तियों को रोका जा सके । भाजपा षड्यंत्रकारी नीति के तहत हिंदू मुस्लिम को आपस में लड़ा कर मंदिर मस्जिद के नाम पर नफरत फैलाकर जनहित के मुख्य मुद्दों से ध्यान हटाकर पुन- सत्ता में काबिज होना चाहती है।